सुप्रभात

रांची, रविवार

04.05.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 287




12 दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पीएम बने अल्बनीज

## न्यूज डायरी

### परीक्षा कैलेंडर जल्द जारी करे जेपीएससी

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड लोक सेवा आयोग को परीक्षा कैलेंडर जारी करने का निर्देश दिया है। कार्मिक विभाग ने जेपीएससी अध्यक्ष को पत्र लिखकर यह निर्देश दिया है। बता दें कि राज्य सरकार ने जनवरी 2025 में कैबिनेट की पहली बैठक में ही परीक्षा कैलेंडर जारी करने का निर्णय लिया था, लेकिन अभी तक यह जारी नहीं हो सका। अब जेपीएससी चेयरमैन की नियुक्ति भी हो चुकी है।

### गोवा में मची भगदड़, छह की मौत, 80 लोग घायल

**पणजी।** गोवा में शनिवार को बिचोलिम के शिरगाओ गांव में श्री लैराई जात्रा उत्सव के दौरान मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और 80 से अधिक लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने घायलों से मुलाकात की। श्री सावंत ने कहा कि हादसे की जांच की जाएगी।

### लोक गायक को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**खूंटी।** कला-संस्कृति से जुड़े गायक, अभिनेता, शिक्षक, नागपुरी गीतकार और खूंटी के सामाजिक कार्यकर्ता तोरपा प्रखंड के तपकरा निवासी डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक को संस्कृति और सामाजिक सक्रियता में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। विशाखापट्टनम में आयोजित वर्ल्ड वाइड बिजनेस अवार्ड समारोह में उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई। लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक ने अपनी रचनाओं के माध्यम से कोरोना काल में जागरूकता बढ़ाने का काम किया था। एक नागपुरी गायक के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

सीएम हेमंत ने अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की, कहा

# झारखंड में देश की बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी करेंगे स्थापित

- अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देनेवाला पहला राज्य बना झारखंड
- सरकार का हर एक क्षण जनता के लिए समर्पित, समस्याएं सुलझाना प्राथमिकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि झारखंड में देश की एक बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित हो, इसके लिए राज्य सरकार कार्य योजना बना रही है। जल्द ही सरकार एक बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करेगी। यह बातें उन्होंने शनिवार को खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना कार्यक्रम के शुभारंभ में कही। इस दौरान श्री सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के अधिवक्ताओं एवं उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू कर रही है।

इस अवसर पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, मंत्री सुदिव्य कुमार, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, विधायक सुरेश कुमार बैठा, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अजय कुमार सिंह, महाधिवक्ता राजीव रंजन, निदेशक एनएचएम अबु इमरान, एडवोकेट एसोशियेशन के उपाध्यक्ष धीरज कुमार समेत कई वरीय पदाधिकारी और राज्य के विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे सम्मानित अधिवक्ता उपस्थित थे।



अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना के शुभारंभ के मौके पर लाभुक को सर्टिफिकेट देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### हर वर्ग और समुदाय का सर्वांगीण विकास लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की चिंताएं हर वर्ग, हर व्यक्ति के लिए है,चाहे वह गांव में रहता हो, शहर में रहता हो, अमीर हो, गरीब हो व्यापारी हो, नौजवान हो, छात्र-छात्राएं हो, बच्चे हो, बूढ़े-बुजुर्ग हो। राज्य सरकार इनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य का पिछड़ा होना हम सभी के लिए काफी तकलीफ वाली बात है। सरकार का प्रयास है कि इस पिछड़ेपन को दूर किया जाये। इसके लिए हमारी सरकार पहल करते हुए राज्य को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का प्रयास कर रही है।

### काम करेंगे तो लोग हमसे स्वाभाविक रूप से जुड़ेंगे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि राज्य सरकार का हर एक क्षण, हर एक घड़ी इस राज्य की जनता के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के जीवन में समस्याएं आती रहती है। इन समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अगर हम काम करेंगे तो स्वाभाविक रूप से लोग हमसे जुड़ेंगे। आज यही कारण है कि राज्य सरकार को झारखंड की जनता ने और अधिक मजबूती के साथ अपना आशीर्वाद दिया है। हमारा प्रयास है कि हम राज्यवासियों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करें।

### बच्चों को दिलवायें गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन मिल सके इस निमित्त हमारी सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की है। आप अपने बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिलायें। बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, पत्रकार किसी भी क्षेत्र में उच्च शिक्षा दिलाना चाहते हैं तो उसे गुरुजी क्रेडिट कार्ड से 15 लाख रुपए तक का ऋण मिल सकेगा और वह ऋण बिना किसी गारंटी के मिलेगा। इस ऐतिहासिक दिन पर आप सभी अधिवक्ताओं को हमारी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं, बधाई एवं जोहार।

अंगोला के राष्ट्रपति ने आतंकवाद के खिलाफ भारत को दिया समर्थन

# आतंकवादियों के खिलाफ करेंगे कड़ी व निर्णायक कार्रवाई: मोदी

**संकल्प दोहराया**

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को कड़ा सबक सिखाने के लिए शनिवार को एक बार फिर दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने भारत की यात्रा पर आये अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको के साथ यहां वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा- हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ तथा निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए अंगोला के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश मानवता के लिए सबसे बड़े खतरे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों और समर्थकों को सजा दिलाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। इस हमले में दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की निर्ममता से हत्या कर दी गयी थी। इधर पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों को इस हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए छूट दी है।

## पाक के खिलाफ भारत का एक और बड़ा फैसला

### भारत ने पाकिस्तान से सभी प्रकार के आयातों पर लगाया प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाया है। भारत ने पाकिस्तान से सभी प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय से जारी अधिसूचना में कहा गया कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लगाया गया है। इस प्रतिबंध में किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी। प्रतिबंध लगाने के लिए विदेश व्यापार नीति-2023 में एक नया प्रावधान जोड़ा गया है, ताकि पाक में उत्पन्न या वहां से निर्यात होने वाले सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर रोक लगे।

### पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों की भारतीय बंदरगाहों में हुई नो एंट्री

**नयी दिल्ली।** भारत के पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत ने अपने जहाजों के भी पाक के बंदरगाहों पर जाने पर रोक लगा दी है। मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि सुरक्षा को मजबूत करने और भारत के समुद्री हितों के सुचारू संचालन के लिए यह आदेश अगली सूचना तक लागू रहेगा। वहीं भारत सरकार ने शनिवार को पाकिस्तान से आने वाली सभी तरह की डाक और पार्सल पर रोक लगा दी। संचार मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान से आने वाली हर तरह की डाक पर रोक रहेगी, चाहे वो हवाई जहाज से आए या सड़क के रास्ते से।

### 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। यह 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई 2025 तक) के उन युवाओं को सम्मानित करता है, जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, नामांकन आधिकारिक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत किए जाने हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का उद्देश्य भारत के युवाओं की उपलब्धियों की सराहना करना और उन्हें बढ़ावा देना, वास्तविक जीवन के आदर्शों को प्रदर्शित कर देश भर के साथियों को प्रेरित करना और बच्चों के समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है।

एमजीएम अस्पताल का पुराना और जर्जर बरामदा ढहा

# मलबे में दबकर तीन मरीजों की मौत दो घायल, राहत व बचाव कार्य जारी





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल-एमजीएम सरकारी अस्पताल में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। मेडिसिन विभाग के बी-ब्लॉक का पुराना और जर्जर बरामदा अचानक ढह गया, जिसमें पांच मरीज दब गये। समाचार लिखे जाने तक दो मरीजों को घायल अवस्था में सुरक्षित निकाल लिया गया था, जबकि तीन मरीजों की दबने से मौत हो गयी। इसमें दो मरीजों के शव मलबे से बाहर निकाल लिये गये। वहीं एक मरीज का शव निकालने का प्रयास जारी था। इस घटना के बाद राहत-बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जर्जर बरामदा गिरते समय तेज आवाज हुई और वार्ड में भर्ती मौजूद मरीज बेड सहित मलबे में दब गये। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक सरयू राय, पूर्व विधायक पूर्णिमा दास साहू, एसएसपी किशोर कौशल, एसडीओ शताब्दी मजूमदार मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कराया। बता दें कि अस्पताल का यह हिस्सा काफी पुराना था और यहां के बरामदे में भी कुछ मरीजों को भर्ती रखकर इलाज किया जाता था।

सरकार की नयी पहल : लोगों को निबंधन के लिए किया जायेगा प्रेरित

# झारखंड में अब ऑनलाइन होगा मैरिज रजिस्ट्रेशन, मॉड्यूल तैयार

**सरल और सुलभ विवाह**

- मैरिज रजिस्ट्रेशन के लिए सरकार चलायेगी जागरूकता अभियान



**सुधीर**

**रांची।** झारखंड में अब विवाह का निबंधन अब मैन्यूअल नहीं, बल्कि ऑनलाइन होगा। इसके लिए विभाग के स्तर पर मॉड्यूल तैयार कर लिया गया है। मैरिज रजिस्ट्रेशन को को सरल और सुलभ बनाने के लिए विभाग ने ऑनलाइन मॉड्यूल तैयार किया है। इस मॉड्यूल के माध्यम से हिंदू विवाह अधिनियम और विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह का निबंधन ऑनलाइन किया जा सकेगा। वर्तमान में इस प्रणाली की समीक्षा की जा रही है और जल्द ही इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

**मैरिज रजिस्ट्रेशन के लाभ :** विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मैरिज रजिस्ट्रेशन के कई लाभ होते हैं। जैसे कि यह विवाह को कानूनी मान्यता प्रदान करता है। पति-पत्नी के अधिकारों की रक्षा करता है और बच्चों के अधिकारों की भी रक्षा करता है।

**मैरिज रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने को नयी पहल :** झारखंड सरकार ने मैरिज रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल की शुरूआत की है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव ने सभी जिलों के निबंधन व अवर निबंधकों को निर्देश दिया है कि वे इसको लेकर जागरूकता फैलाएं। साथ ही लोगों को मैरिज रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करें।

**सूचना पट लगेगा और चलेगा जागरूकता अभियान:** मैरिज रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने के लिए सभी निबंधन कार्यालयों में सूचना पट लगाये जायेंगे, ताकि कार्यालय में आने-जाने वाले लोगों को विवाह निबंधन के लाभों की जानकारी मिल सके। साथ ही विभाग लोगों को इसके महत्व और लाभों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष अभियान भी चलायेगा।




# बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए बहुत जल्द होगा एमओयू : शिल्पी नेहा

## राज्य में मिलेट कैफेटेरिया खोलने की भी योजना, तेलंगाना दौरे को लेकर मंत्री ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची में बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए बहुत जल्द एमओयू होने की बात कही है। राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र की भूमिका इस फैक्ट्री के संचालन में नॉलेज पार्टनर की होगी। बंद बेकन फैक्ट्री में जंग लग चुकी मशीनों को बदला जाएगा। यह जानकारी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने नेपाल हाउस में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि 28 से 30 अप्रैल तक तेलंगाना राज्य का दौरा झारखंड राज्य के किसानों के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। मंत्री ने कहा कि झारखंड में शूकर पालन से जुड़े लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। एक समय था जब बेकन फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मी अध्ययन के लिए डेनमार्क तक जा चुके है। आज इतिहास के पन्नों में दर्ज बेकन फैक्ट्री को फिर से पुनर्जीवित करने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने पहल की है।

**एनएफडीबी सहयोग को तैयार :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के संदर्भ में बताया कि नेशन फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड (एनएफडीबी) इस दिशा में सहयोग करने को तैयार है। केंद्र सरकार ने पर्ल कल्चर को बढ़ावा देने के लिए हजारीबाग



जिला को चुना है। राज्य के 100 किसानों को विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने की कागजी प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीआईएफए भुनेश्वर में किसानों के साथ-साथ मत्स्य विभाग के पदाधिकारी प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। इसका उद्देश्य मत्स्य पालन के क्षेत्र में नई विधि को अपनाना और उत्पादन को बढ़ाना है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में मोटे अनाज के उत्पादन के लिए इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च सेंटर के मॉडल को अपनाने की जरूरत है। राज्य की गठबंधन वाली सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 3 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दे रही है। इसका असर भी मोटे अनाज के उत्पादन में दोगुना वृद्धि के रूप में दिखने लगा है। आज इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च के द्वारा मोटे अनाज से 40 प्रोडक्ट को तैयार किया जा रहा है।

### आने वाले समय में मिलेट कैफेटेरिया बनाने की योजना

मंत्री ने कहा कि झारखंड में आने वाले समय में मिलेट कैफेटेरिया बनाने की योजना है। इसके लिए भी एक एमओयू किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि किसान सोचते है कि मोटे अनाज की खेती से उनको फायदा नहीं होगा, लेकिन अब ऐसा नहीं है। बाजार में मोटे अनाज की मांग लगातार बढ़ रही है। किसानों को उनके फसल का उचित मूल्य मिल सके इस ओर सरकार ध्यान दे रही है। मूल्य संवर्धन की दिशा में बहुत काम करने की जरूरत है। राज्य में मडुआ के उत्पादन में बेहतर काम हुआ है। रांची के सी पार्क से जुड़े एफपीओ/ महिला समूह को प्रशिक्षण देने की योजना है। इसके लिए इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च संस्थान को प्रस्ताव तैयार कर देने को भी कहा गया है। मोटे अनाज से जुड़े प्रोडक्ट को तैयार करने के लिए छोटे-छोटे प्रोसेसिंग यूनिट खोलने की भी योजना है। मंत्री ने कहा कि तेलंगाना राज्य में अधिकारियों का राज्य के प्रति प्रेम और समर्पण देख कर अच्छा लगा। झारखंड के अधिकारियों को भी अपने दायित्व और राज्य के प्रति उनकी जवाबदेही को समझने की जरूरत है। अपनी जिम्मेवारी का बेहतर तरीके से निर्वहन कर अधिकारी झारखंड राज्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

# न तो शिलान्यास में मुझे बुलाते न ही उद्घाटन में, शिलापट्ट से भी नाम गायब : चंद्र प्रकाश

**योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन में उपेक्षा से बिफरे गिरिडीह सांसद, लाया डीसी व अन्य पदाधिकारियों के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी अपने संसदीय क्षेत्र में होनेवाले शिलान्यास और उद्घाटन में अपनी उपेक्षा से नाराज हैं। उन्होंने इसकी शिकायत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से करते हुए बोकारो जिले के उपायुक्त जाधव विजया नारायण राव, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण की औद्योगिक निगम ओएनजीसी के अधिकारियों के खिलाफ में विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर पूरी जानकारी देते हुए यह प्रस्ताव लाया है।

सांसद ने लोकसभा अध्यक्ष को इस बात से अवगत कराया है कि स्थानीय बुनियादी ढांचा परियोजना के शिलान्यास, उद्घाटन एवं भूमि पूजन जैसे कार्यक्रमों की संबंधित विभाग द्वारा किए जाने पर ना तो उन्हें इसकी जानकारी दी जा रही है और न ही उन्हें आमंत्रण दिया जा रहा है। कभी-कभी तो शीलापट् पर नाम भी अंकित नहीं किया जा रहा है। ओएनजीसी के अधिकारियों द्वारा सीएसआर मद से परिसंपत्ति वितरण या अन्य कार्य किसी भी जनप्रतिनिधि को बुलाकर कर लिया जाता है।

परंतु स्थानीय सांसद होने के बावजूद एवं केंद्र की योजनाएं एवं वित्तीय सहायता के बावजूद मुझे जानकारी नहीं दी जाती है। उदाहरण स्वरूप गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत में रथटांड काली मंदिर से लेकर जमकडीह बजरंगबली मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण में मुझे जानकारी नहीं दी गई। ओएनजीसी के सामाजिक दायित्व अंतर्गत बाबा साहब की प्रतिमा अनावरण की भी मुझे जानकारी नहीं दी गई।

# 6 को होनेवाली संविधान बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाने में जुटी कांग्रेस

**राजधानी में जबरदस्त तैयारी, खड़गे, वेणुगोपाल और के राजू करेंगे नेतृत्व**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राजधानी रांची में आगामी 6 मई को आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली को ऐतिहासिक और जन-सैलाब से भरा बनाने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में गठित समितियां दिन-रात तैयारी में जुटी हैं। रैली को लेकर हर स्तर पर गंभीरता और संकल्प दिख रहा है - चाहे वह राजधानी के मोहल्लों की बैठकें हों या सुदूर प्रखंडों में आमजन से सीधा संवाद। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से लेकर शहर के हर चौक-चौराहे तक, रैली को लेकर जनजागरूकता फैलाई जा रही है। जातिगत जनगणना के लिए जननायक राहुल गांधी आभार, जय बापू, जय भीम, जय संविधान, और झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए जैसे नारे वाले होर्डिंग्स पूरे रांची में लगाए जा रहे हैं, जो न सिर्फ कार्यक्रम का संदेश दे रहे हैं, बल्कि जनता को भावनात्मक रूप से जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। रैली की तैयारियों का जमीनी जायजा लेने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं झारखंड प्रभारी डॉ बेला प्रसाद स्वयं रांची में मौजूद हैं और पल-पल की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। रविवार की सुबह 6:30 बजे ही उन्होंने पुराना विधानसभा मैदान का निरीक्षण किया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव आलोक कुमार दुबे, वरिष्ठ नेता शशिभूषण राय, हिमांशु, संजय प्रसाद और मेहुल दुबे भी मौजूद थे। सभी नेताओं ने मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, कार्यकर्ताओं की बैठने की व्यवस्था, मीडिया एरिया, मेडिकल सहायता केंद्र समेत हर पहलू की बारीकी से समीक्षा की। रैली के बाद होटल बीएनआर में पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी, जिला कांग्रेस अध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारिणी की अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और झारखंड प्रभारी के। राजू की उपस्थिति तय है। वे सभी नेताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे और आगामी रणनीति पर गहन विमर्श करेंगे।

इस बीच कांग्रेस भवन में एक और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्षों एवं नोडल ऑफिसरों के साथ संवाद कर यह सुनिश्चित किया गया कि राज्य के हर कोने से कार्यकताओं की भागीदारी हो। बैठक में आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सूर्यकांत शुक्ला,डॉ राजेश गुप्ता,सुंदरी तिर्की, अख्तर अली, प्रभात कुमार, जितेंद्र त्रिवेदी, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, फिरोज रिजवी मुन्ना और कामेश्वर गिरी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। तैयारी की समीक्षा के उपरांत मीडिया कर्मियों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में क्लीन चिट दिए जाने के बावजूद, अहमदाबाद अधिवेशन में देश भर से जुटे कांग्रेसजनों की हुंकार से घबरा कर प्रधानमंत्री ने ईडी के माध्यम से सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर आरोप गठित किए। यह न सिर्फ लोकतंत्र का अपमान है, बल्कि संविधान और संवैधानिक संस्थाओं का माखौल उड़ाने जैसा कृत्य है। इसी के विरोध में 6 मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रांची की धरती से हुंकार भरेंगे।

# सुदेश ने नाइजर में अपहृत श्रमिकों के लिए गृह मंत्री को पत्र लिखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर अफ्रीका के नाइजर में एक आतंकी समूह द्वारा अपहृत झारखंडवासी 5 श्रमिकों की तत्काल और सुरक्षित रिहाई के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया है। इस पत्र के माध्यम से श्री महतो ने इस संकट की गंभीरता की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित किया है और कहा है कि झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर निवासी पांच श्रमिकों का नाइजर की राजधानी नियामे से 115 किमी दूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स लिमिटेड नामक कंपनी के कार्य स्थल से 25 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया है।

श्री महतो ने कहा कि ये नागरिक अपने जीविकोपार्जन और परिवार के भविष्य के लिए नाइजर में कार्यरत थे। यह घटना न केवल इन नागरिकों और उनके परिवारों के लिए एक त्रासदी है, बल्कि यह विदेशों में कार्यरत भारतीयों की सुरक्षा के प्रश्न को भी उजागर करती है।

उल्लेखनीय है कि आजसू पार्टी लगातार इस संबंध में केंद्र सरकार तथा नाइजर दूतावास पर दबाव बनाए हुए है। कल आजसू विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो तथा संजय मेहता ने भी अपहृत श्रमिकों के परिजनों से बगोदर में मुलाकात की थी और श्रमिकों की रिहाई के लिए आजसू पार्टी के प्रयासों से अवगत करवाया।

पत्र में सुदेश महतो ने लिखा है कि ये 5 झारखंडवासी हमारे राज्य का गौरव हैं। उनका अपहरण न केवल उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक गहरा आघात है। सुदेश महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से अपील की है कि भारत सरकार इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे और नाइजर सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर इन नागरिकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करे।

श्री महतो ने कहा है कि इस घटना ने विदेशों में कार्यरत झारखंडवासियों की सुरक्षा के लिए नीतिगत सुधारों की आवश्यकता को उजागर किया है। उन्होंने झारखंड की जनता से अपील की है कि वे इस मुद्दे पर एकजुट हों और केंद्र सरकार पर दबाव बनाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। श्री महतो ने कहा, ₹यह केवल 5 श्रमिकों की बात नहीं है, यह हमारे राज्य के सम्मान और हमारे लोगों की सुरक्षा की बात है। हमारी सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेशों में कार्यरत प्रत्येक भारतीय, विशेष रूप से झारखंडवासी, सुरक्षित हों। हम इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जागरूकता फैलाएंगे।

### गृह मंत्री को लिखे पत्र में श्री महतो ने केंद्र सरकार से की मांग

**तत्काल कार्रवाई** : नाइजर सरकार के साथ कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर बातचीत कर अपहृत नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करना।

**परिवारों को सहायता** : अपहृत नागरिकों के परिवारों को नियमित अपडेट प्रदान करना और उनकी भावनात्मक व मनोवैज्ञानिक सहायता सुनिश्चित करना।

**नीतिगत सुधार** : विदेशों में कार्यरत भारतीयों, विशेष रूप से झारखंडवासियों, की सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाना। श्री महतो ने विश्वास जताया कि गृह मंत्री श्री अमित शाह इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ताकत और कूटनीतिक क्षमता विश्व विख्यात है। पूर्ण विश्वास है कि हमारे गृह मंत्री के नेतृत्व में ये नागरिक जल्द ही अपने परिवारों के पास सुरक्षित लौटेंगे।

**अपहृत नागरिकों के परिवारों के प्रति एकजुटता** : सुदेश महतो ने अपहृत नागरिकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें आश्वासन दिया कि आजसू और झारखंड की जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, ₹हम आपके दुख में आपके साथ हैं। हमारा हर प्रयास आपके अपनों को सुरक्षित वापस लाने के लिए होगा।

# झारखंड के 8 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल लापता, तलाश रहा चुनाव आयोग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। चुनाव आयोग ने झारखंड के आठ गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की तलाश शुरू कर दी है, जो लंबे समय से लापता हैं। इन दलों का न तो पंजीकृत कार्यालय का पता है और न ही आयोग के पास इनकी वार्षिक रिपोर्ट है। आयोग ने इन दलों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

### कौन हैं लापता दल?

लापता दलों में भारत विकास मोर्चा, बहुजन सदान मोर्चा, भारतीय जन मुक्ति पार्टी, जनसाधारण पार्टी, झारखंड पार्टी सेक्युलर, झारखंड विकास दल, राष्ट्रीय मजदूर किसान प्रजातांत्रिक पार्टी और राष्ट्रीय सेंगल पार्टी शामिल हैं। इनमें से पांच दल रांची में, जबकि एक-एक दल पलामू, गिरीडीह और देवघर में पंजीकृत थे।

### आयोग की कार्रवाई

चुनाव आयोग की जांच के बाद झारखंड के गैर मान्यता प्राप्त 39 राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द होने की संभावना है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस बारे में अपनी रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेज दी है और आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है।

#### 7 दलों ने नहीं सौंपी वार्षिक रिपोर्ट

इसके अलावा सात ऐसे गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं, जिन्होंने आयोग को वार्षिक रिपोर्ट नहीं दी है। आयोग को इन दलों के खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई के लिए चिळी भेजी गयी है। बता दें कि राज्य में 39 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से तीन का विलय हो चुका है, और शेष बचे दलों की जांच जारी है।

## खबर एक नजर में

### सीपीआई के बौद्धिक संपदा थे अतुल कुमार अनजान : सीपीआई

रांची। सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव अतुल कुमार अनजान को उनकी पहली पुण्यतिथि पर याद किया गया। सीपीआई राज्य कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। राज्य कार्यकारणी के सदस्य और जिला मंत्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि अतुल कुमार अनजान सीपीआई के बौद्धिक संपदा थे। उनकी बेबाक टिप्पणियों और संघर्षशील जीवन ने उन्हें एक अद्वितीय नेता बनाया। उनके पिता डॉ ए पी सिंह एक स्वतंत्रता सेनानी थे और अतुल कुमार अनजान ने उनके नक्शेकदम पर चलते हुए अपना जीवन समाज सेवा में समर्पित किया। संघर्ष की विरासत : अतुल कुमार अनजान का जीवन संघर्षों से भरा था। उन्होंने कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध पुलिस पीएसी रिवॉल्ट एक्ट शामिल है। उन्होंने लगभग 5 वर्षों तक जेल में भी समय बिताया। इसके अलावा उन्होंने स्वामीनाथन कमीशन में किसानों के उत्थान के लिए कई सुझाव दिए, जिनमें किसानों को मासिक पेंशन, एमएसपी की गारंटी और बिना ब्याज के ऋण शामिल हैं। झारखंड से विशेष लगाव : अतुल कुमार अनजान का झारखंड से विशेष लगाव था। उन्होंने कई रैलियों और आम चुनावों में भाग लिया और झारखंड के मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने एचईसी को बचाने के लिए संघर्ष की बात कही और एसपीटी और सीएनटी एक्ट को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की। जबरिया भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने की भी उन्होंने मांग की। इस अवसर पर इम्तियाज अहमद खान, मनोज ठाकुर, श्यामल चक्रवर्ती और अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### सरायकेला लव जिहाद मामले में सख्त कार्रवाई करे पुलिस : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लव जिहाद की शिकार हुई सरायकेला की बेटी को राजनीतिक दबाव में नजरबंद कर दिया जाना अमानवीय है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिल रही है कि मुस्लिम समुदाय द्वारा पीड़िता का जबरन धर्मांतरण कराने के इस मामले में पुलिस प्रशासन भी आरोपियों को संरक्षण दे रहा है। बाबूलाल ने कहा कि सरायकेला पुलिस से अनुरोध है कि वे पीड़िता से उसके स्वजनों और ग्रामीणों को मिलने की अनुमति दें तथा इस गंभीर मामले में शामिल दोषियों के खिलाफ बिना किसी राजनीतिक दबाव के सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यदि उचित कदम नहीं उठाए गये तो भारतीय जनता पार्टी सरायकेला सहित पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### आनंद पसारी झारखण्ड वाणिज्य कर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और अजय कुमार बने सचिव



रांची। झारखंड वाणिज्य कर अधिवक्ता संघ की वार्षिक आमसभा शनिवार को आनंद पसारी की अध्यक्षता में हुई। वर्ष 2025 - 26 के लिए पदाधिकारियों का चुनाव कार्य चुनाव अधिकारी हरी लाल पटेल व विजय कुमार वर्मा की निगरानी में संपन्न हुआ। आनंद पसारी को वर्ष 2025 26 के लिए अध्यक्ष चुना गया। नयी कमेटी में ज्योति पोद्दार उपा-अध्यक्ष, अजय कुमार -सचिव, चेतन पटेल सह सचिव, शरद दरगड़ कोषाध्यक्ष चुने गये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### झारेरा के चेयरमैन व अन्य पदों पर नियुक्ति की मांगी समय सीमा

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (झारेरा) के चेयरमैन, एडज्यूकेटिंग अफसर और अन्य रिक्त पदों पर नियुक्ति की समय सीमा तय कर कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। अदालत ने सरकार को शपथपत्र के माध्यम से समय सीमा बताने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 जून को होगी। इस संबंध में शशि सागर वर्मा ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि एडज्यूकेटिंग अफसर का पद नवंबर 2022 से खाली है। जनवरी 2021 से नियमित अध्यक्ष नहीं है। प्राधिकार सिर्फ कार्यवाहक अध्यक्ष चला रहे हैं। प्रार्थी का कहना है कि आरटीआई के अनुसार झारेरा में 67 मामले लंबित हैं। इनमें 45 शिकायतें और 16 निष्पादित याचिकाएं हैं, जिसे लागू कराना है। छह अन्य मामले भी लंबित हैं। याचिका में कहा गया है कि सरकार के पास झारेरा के रिक्त पदों को भरने के लिए अभ्यावेदन दिया गया है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। प्रार्थी का कहना है कि न्यायाधिकरण में अधिकारियों की नियुक्ति नहीं करना आम लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन भी है। जिन वादियों के मामले न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित हैं, उन्हें अपने विवादों का समयबद्ध तरीके से निपटारा करवाने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

### पुलिस वाहन से दुर्घटना के बाद सरकार को मुआवजा देने का निर्देश

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में पुलिस विभाग की गाड़ी से हुई दुर्घटना में दो युवाओं की मौत के मामले में राज्य सरकार को मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस विभाग के वाहन के चालक की लापरवाही से हुई दुर्घटना में विभाग की जिम्मेदारी बनती है, भले ही वाहन का बीमा नहीं था। कोर्ट ने राज्य सरकार से मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए बेहतर मुआवजा व्यवस्था बनाने पर विचार करने के लिए भी कहा है। कोर्ट ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों के हितों की रक्षा के लिए एक स्पष्ट नीति बनाए। मामला 11 जुलाई 2013 का है। खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में चुरगी पुल के पास एक पुलिस गाड़ी ने दो मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी, जिसमें अमित आइंद (18 वर्ष) और रोशन गुड़िया (22 वर्ष) की मौत हो गई। पीड़ितों के परिजनों ने मोटर दुर्घटना दावा ट्रिब्यूनल में मुआवजे का दावा किया था, जिसे ट्रिब्यूनल ने स्वीकार करते हुए प्रत्येक परिवार को 3,48,880 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था। पुलिस विभाग ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पुलिस विभाग के वाहन का चालक अपनी सेवा के दौरान लापरवाही से वाहन चला रहा था, इसलिए विभाग उसके कार्यों के लिए जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह सिद्ध हो चुका है कि दुर्घटना गाड़ी की लापरवाही से हुई थी और इसके लिए राज्य सरकार जवाबदेह है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
बोकारो स्टील प्लांट
बोकारो स्टील सिटी-827001, झारखण्ड, भारत
सेल SAIL

आवश्यक सूचना

बोकारो इस्पात नगर के क्षतिग्रस्त ब्लॉक के आवास धारियो (कर्मचारी संवर्ग) को सूचित किया जाता है की कुछ अपरिहार्य कारणो से परिपत्र संख्या TA/A/E/2024-68 दिनांक 25.4.2025 को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निरस्त किया जाता है।

आदेशानुसार
नगर प्रशासन।

पंजीकृत कार्यालय: इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L27109DL1973GOI006454, वेबसाइट: www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

# सीसीएल और पीवीयूएनएल के बीच फ्लाई ऐश उपयोग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। सीसीएल और पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) के बीच शनिवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य है-खनन के बाद के खाली क्षेत्रों (माइन वाइड) में फ्लाई ऐश के सतत उपयोग को बढ़ावा देना। यह समझौता 'सीसीएल खदान के खाली क्षेत्रों में फ्लाई-ऐश का उपयोग, डकरा ओसीपी, एनके एरिया, सीसीएल वित्त वर्ष 2027-28' शीर्षक परियोजना के तहत किया गया है, जो पर्यावरणीय पुनर्स्थापन और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में एक अग्रणी कदम के रूप में देखा जा रहा है।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सीसीएल के एनके क्षेत्र के महाप्रबंधक और पीवीयूएनएल की पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक (संचालन) द्वारा किए गए। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (परियोजना एवं योजना) शंकर नागाचारी, एवं पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. के. सिंह उपस्थित रहे. कार्यक्रम में सीसीएल और पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही। इस समझौते का उद्देश्य केवल फ्लाई ऐश निपटान नहीं, बल्कि उसे एक संसाधन के रूप में उपयोग कर खनन के बाद की भूमि को पुनः उपयोगी बनाना है। यह पहल खनन क्षेत्रों में पर्यावरणीय पुनःस्थापन, जल संरक्षण, मिप्ती की गुणवत्ता सुधार और क्षेत्रीय जैव विविधता को पुनर्जीवित करने में सहायक सिद्ध होगी। यह समझौता ज्ञापन उन प्रयासों की कड़ी है, जिनके माध्यम से सीसीएल पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान खोजते हुए टिकाऊ विकास की दिशा में कार्य कर रही हैं। यह पहल न केवल सरकार की 'पर्यावरण हितैषी ऊर्जा और खनन' नीति का समर्थन करती है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरित विरासत का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।

# एमजीएम दुर्घटना के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार : पूर्णिमा साहू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा साहू ने कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शनिवार को मेडिसिन वार्ड की दो मंजिलों की बालकनी गिरने की घटना को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस गंभीर हादसे के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को जिम्मेदार ठहराया है।

घटना की जानकारी मिलते ही विधायक पूर्णिमा साहू ने अस्पताल का दौरा किया और हादसे में घायल हुए चार मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. नकुल चौधरी से सभी घायलों, विशेष रूप से गंभीर रूप से घायल महिला को सर्वोत्तम इलाज उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने स्त्री एवं प्रसूति वार्ड में भर्ती नवप्रसूता महिलाओं को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए अस्पताल प्रबंधन से कहा जबकि हादसे के बाद अस्पताल में दहशत का माहौल बना हुआ था और मरीजों में भय व्याप्त था।

विधायक ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार और विशेषकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री महोदय भाजपा नेताओं पर टिप्पणी करने और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने में व्यस्त रहते हैं, जबकि अस्पतालों की स्थिति सुधारने और मरीजों को सुरक्षित माहौल में इलाज देने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री ने एमजीएम अस्पताल का दौरा किया था, लेकिन जर्जर भवनों की स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया। यह उनकी जिम्मेदारी थी कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आए मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित हो, लेकिन यह घटना दशार्ती है कि झामुमो-कांग्रेस ने मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

अस्पताल के दौरे के दौरान विधायक ने भवनों की जर्जर स्थिति और गरीब मरीजों के इलाज को लेकर अस्पताल कर्मचारियों की उदासीनता पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने देखा कि नर्सें और अन्य कर्मचारी अपने काम में लापरवाह दिखे और मरीजों की देखभाल के लिए कोई सजग नहीं था।

श्रीमती साहू ने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए, पीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाए और जिन अधिकारियों की लापरवाही से यह घटना हुई है उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाये। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए ठोस कदम उठाये जाने की तत्काल आवश्यकता है।







1. हादसे में घायल रोगी। 2. मलबे में दबे डेविड नामक मरीज का शव निकालते बचावकर्मी। 3. मलबे से शव को निकालने के बाद स्ट्रेचर पर ले जाते बचावकर्मी। 4. मलबे को निकालने में जुटे बचावकर्मी। 5. मलबे से सुरक्षित निकाली गयी बुजुर्ग महिला रोगी को इलाज के लिए भेजवाती विधायक पूर्णिमा साहू दास।

## जमशेदपुर के एमजीएम का बिल्डिंग नहीं, पूरा हेल्थ सिस्टम ही कोलेप्स हुआ है : चंपई सोरेन



चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम।

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने यहां बयान जारी कर कहा है कि जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में बिल्डिंग का एक हिस्सा ढहने से दो मरीजों की मौत एवं कुछ लोगों के घायल होने की दुखद सूचना मिली है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। चंपई सोरेन ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अस्पताल में अपना इलाज करवाने गए मरीजों के साथ ऐसी घटना हो गई। यह सिर्फ एक बिल्डिंग नहीं, बल्कि पूरा सिस्टम ही कोलैप्स कर चुका है। यह सरकार पहले से ऐसे सरकारी भवनों का सर्वे नहीं करवाती, बल्कि ऐसी दुर्घटनाओं के बाद जांच के नाम पर खानापूर्ति कर के चुप बैठ जाती है, अगली दुर्घटना के इंतजार में।

## घटना स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलने वाली है : सरयू राय

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने एमजीएम अस्पताल के एक हिस्से का छज्जा गिर जाने और चार मरीजों के घायल होने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि शनिवार की यह घटना स्वास्थ्य विभाग की उपेक्षा की पोल खोलने वाली है। यह अस्पताल पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के आवास के समीप है। उनका तो लगातार दौरा होता रहता था। बीच में यहां के उपायुक्त ने एक एडीएम को अस्पताल में सुधार का जिम्मा दिया था। श्री राय ने कहा कि प्रशासन एमजीएम की व्यवस्था को सुधार नहीं पा रहा है। भवन निर्माण जर्जर है। वह 8-9 साल से जर्जर भवन निर्माण के बारे में कहते आ रहा हैं। कई बार भवन निर्माण विभाग को भी तलब किया गया। सरयू राय ने कहा कि भवन के रख-रखाव की जिम्मेदारी तो भवन निर्माण विभाग की ही है। भवन निर्माण विभाग भवन की स्थिति की कैसे समीक्षा करता है और अस्पताल प्रबंधन को बताता है कि नहीं बताता है, इसकी जांच होनी चाहिए। श्री राय ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह आरोप-प्रत्यारोप का वक्त नहीं है लेकिन एमजीएम का जो नया भवन बन रहा है, वह नया भवन भी इस तरीके से बन रहा है कि अस्पताल भवन तैयार हो गया और पानी की व्यवस्था ही नहीं है। अस्पताल वहां शिफ्ट नहीं हो सकता। यह बदइंतजामी का शिकार होकर रह गया है। इसके लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन दोषी है।



निरीक्षण करने पहुंचे सरयू राय।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में युवती की मौत, एक गंभीर

**चांडिल।** शनिवार को चांडिल थाना क्षेत्र के चिलगू शहर बेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। इस सड़क दुर्घटना में बाइक में सवार गम्हरीया निवासी 26 वर्षीय रानी सोरेन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चालक 28 वर्षीय युवक शिबू सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सुचना मिलने पर चांडिल पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल युवक को ईलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर भेजा एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया।

### मायुमं ने मजदूरों में बांटे टिफिन बॉक्स

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा बिष्टुपुर जी टाउन मैदान में मजदूरों के बीच टिफिन बॉक्स वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य उन मजदूरों की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए आभार व्यक्त करना था। हम उनके जीवन को थोड़ा और सहज बनाने के लिए कुछ करना चाहते थे। टिफिन बॉक्स वितरित करना इस दिशा में एक छोटा सा कदम है, पर हमें उम्मीद है कि यह उनके लिए उपयोगी और प्रेरणादायक होगा। मजदूरों ने मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष अग्रवाल, सुगम सरायवाला, रवि कुमार गुप्ता, उत्कर्ष अग्रवाल, शिव चौधरी, अनुज सरायवाला, गौरव अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, नेहा अग्रवाल आलोक केडिया एवं उमंग अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

### शहीद दिलीप बेसरा के माता पिता को राजेश मार्डी ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** कारगिल शहीद दिलीप बेसरा की 19वीं शहादत दिवस के अवसर पर जमशेदपुर निवासी ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर राजेश मार्डी ने शहीद दिलीप बेसरा की माता फुलमुनी बेसरा और पिता सिंगराई बेसरा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया । विगत एक अप्रैल को बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में वीवीडीए के 38वीं वार्षिक सम्मान समारोह में शहीद के माता पिता शामिल नहीं हो सके थे और तब वीवीडीए के आजीवन सदस्य राजेश मार्डी कल अपने समर्थकों के साथ बेनाशोल स्थित उनके गाँव जाकर शहीद के माता पिता का कुशलक्षेम पूछा और उन्हें सुंदर सा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वीवीडीए का मोमेंटो पाकर शहीद के माता पिता बहुत खुश हुए और उन्होंने राजेश मार्डी को अपना आशीर्वाद दिया। मौके पर बेनाशोल मुखिया सुकुरमुनी हेम्ब्रम, उपमुखिया पिंटू दास, झामुमो के वरिष्ठ नेता गौरंगो माहली थे।

## महारक्तदान शिविर आठ को तैयारी में जुटी टीम रेडक्रॉस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा 8 मई विश्व रेड क्रॉस दिवस का आयोजन हमेशा की तरह व्यापक रक्तदान शिविर के साथ किया जा रहा है। रक्तदान महायज्ञ के रूप में आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर से जमशेदपुर के रक्तदाताओं की संवेदना जुड़ी है, ताकि हर जरूरतमंद को गर्मी के दिनों रक्त आसानी से प्राप्त हो सके। उसी अनुरूप रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने प्रत्येक वर्ष की भांति रक्तदाताओं के लिए सभी तैयारियां की है। ग्राउन्ड फ्लोर पर हमेशा की तरह कम्प्युटराईज्ड रजिस्ट्रेशन के साथ, होमोग्लोबिन जांच की सुविधा होगी, जिस कार्य में जमशेदपुर ब्लड सेन्टर की टीम के साथ रेड क्रॉस कार्यकर्ता सहयोगी होंगे। बेसमेन्ट के रक्तदान हॉल में 24 बेड रक्तदान के लिए लगाये जायेंगे, जिसमें रक्तदाता आसानी से रक्तदान कर सकेंगे। महिला डोनर के लिए विशेष दो बेड की व्यवस्था होगी, वहीं विशेष सेवा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के तुरंत रक्तदान के लिए अलग से व्यवस्था रहेगी। रक्तदान से पूर्व एवं पश्चात रक्तदाता अपनी सुविधा के अनुसार रेड क्रॉस भवन में उपलब्ध जलपान की व्यवस्था में सत्तू, ग्लूकोज, इडली, पोहा, फ्रूट चाट का आनन्द ले सकेंगे। वहीं दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गयी है। गर्मी को देखते हुए पानी, सत्तू एवं ग्लूकोज की सेवा पूरे रक्तदान शिविर के दौरान दी जायेगी। शाम के समय 4 से 5 बजे आने वाले रक्तदाताओं का स्वागत मीठा के रूप में खीर के साथ की जायेगी। टीएम रेडक्रॉस ने बताया कि सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के तुरंत बाद फ्रूट जूस एवं केक प्रदान किया जायेगा, साथ ही रक्तदाताओं के साईज के अनुरूप उन्हें रेड क्रॉस टी शर्ट उपहार में प्रदान किया जायेगा, पॉलीथीन हटाओं की मुहिम के साथ सभी रक्तदाताओं को एक आकर्षक रक्तदान से जुड़ा जूट बैग प्रदान किया जायेगा एवं गर्मी से बचाव के लिए टोपी प्रदान की जायेगी।

## शिक्षण कार्य केवल रोजगार नहीं, सेवा का एक माध्यम भी है : डॉ संजीव आनंद

- डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजूकेशन में मनाया गया ग्रेजुएशन नाइट समारोह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शनिवार की शाम डी.बी.एम.एस. कॉलेज ऑफ एजुकेशन जमशेदपुर के सभागार में 2025 का ग्रेजुएशन नाइट समारोह संपन्न हुआ। इस अकादमिक जलसे की शुरूआत बहुत मनोरम थीं प्राचार्या , उप प्राचार्या एवं सभी शिक्षिकाओं ने दीप लेकर शिक्षा की ज्योति फैलाते हुए पंक्तिबद्ध सभागार में प्रवेश किया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के सीवीसी डॉ. संजीव आनंद थे। समारोह में डी.बी.एम.एस. ट्रस्ट के चेयरपर्सन फाइनेंस श्री बी.चंद्रशेखर चेयरपर्सन प्रशासन ,श्रीमती ललिता चंद्रशेखर, संयुक्त चेयरपर्सन श्रीमती कमला सुब्रमनियम एवं कॉलेज की सचिव श्रीमती श्रीप्रिया धर्मराजन, संयुक्त सचिव श्रीमती सुधा दिलीप, गर्वनिंग बॉडी के सचिव श्री सतीश कुमार सिंह ,डी.बी.एम.एस कॉलेज ऑफ एजुकेशन के कोषाध्यक्ष श्री एस.धर्मराजन डॉक्टर, प्राचार्या जूही समर्पिता, उप प्राचार्या डॉक्टर मोनिका उप्पल, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं कॉलेज के कर्मचारी और छात्र-छात्राएं इस समारोह में उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन अंजली गणेशन ने किया।

समारोह के आरंभ में मुख्य अतिथि, एवं अन्य अतिथियों का परिचय डी.बी.एम.एस के ट्रस्ट के चेयरपर्सन श्री बी.चंद्रशेखर , चेयरपर्सन प्रशासन श्रीमती ललिता चंद्रशेखर, सचिव श्रीमती श्रीप्रिया धर्मराजन ने किया। उसके पश्चात सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत गीत संगीत शिक्षिका श्रीमती अमृता चौधरी एवं बी.एड के छात्रा परिमल पॉल , रवि शंकर पाण्डेय, रोहित पोद्दार, अनुष्का कुमारी सिंह, असाई कलुन्डिया, रुचिका मिश्रा, नमन्ति कंडूलना, अर्पिता पॉल के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इसके पश्चात कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर जूही समर्पिता ने अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और दो वर्षों की उपलब्धियों परीक्षा, फल, विभिन्न गतिबिधियों की विस्तार से चर्चा की ।उन्होंने कहा कि कॉलेज ने बहुत कम समय कोल्हान विश्व विद्यालय में अपनी पहचान बना ली है। तत्पश्चात श्रीप्रिया धर्मराजन कॉलेज की सचिव ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और प्रबंधन द्वारा दी गई सुविधाओं का उल्लेख किया।

## कांग्रेस की महारैली को सफल बनाने को साकची प्रखंड का दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह पर्वेक्षक राकेश तिवारी एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री आनंद बिहारी दुबे आज साकची प्रखंड के दौरे पर पहुंचे अगामी 6 मई को रांची पुराना विधानसभा धुर्वा मैदान में संविधान बचाओ महा रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने पहुंचे थे। मौके पर प्रदेश सचिव सह पर्यवेक्षक राकेश तिवारी ने कहा की साकची प्रखंड में संगठन सृजन 2025 के तहत कार्यक्रम चलाया जाना है लेकिन उससे पहले 6 मई को रांची पहुंचकर महा रैली को सफल बनाना है। उन्होंने कहा इस इस महा रैली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल झारखंड कांग्रेस के प्रभारी श्री के राजू इमरान प्रतापगढ़ी समेत कई राष्ट्रीय नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि महारैली प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की नेतृत्व में ऐतिहासिक होने जा रहा हैं इसलिए कांग्रेस के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में सुबह 7 बजे रांची के लिए प्रस्थान करें ताकि 10:30 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम का हिस्सा बन सकें। उन्होंने कहा की सताधारी केंद्र की सरकार संविधान को अपने अनुसार चलना चाहती है।



तैयारी बैठक के दौरान राकेश तिवारी व अन्य।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से संसाधनों की बचत होगी, लोकतंत्र मजबूत होगा : अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शनिवार को एसबीएम हाई स्कूल, जमशेदपुर में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव केवल एक चुनावी अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र को और अधिक संगठित, पारदर्शी और सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इस प्रणाली से बार-बार होने वाले चुनावों के कारण उत्पन्न होने वाले प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक व्यवधानों को रोका जा सकेगा। इससे सरकारी संसाधनों की बचत, शासन में स्थायित्व, और नीतिगत निर्णयों की निरंतरता सुनिश्चित होगी। भाजपा राष्ट्र प्रथम भावना से काम कर रही है और राष्ट्र प्रथम देश की जनता का का भी एजेंडा है। इस देश के तमाम नागरिकों का यह एजेंडा है। कार्यक्रम में अर्जुन मुंडा ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों के संग केक काटा। उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे लिए बेहद खास रहा। स्कूल के प्यारे बच्चों ने मेरे जन्मदिन को यादगार बना दिया।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत बागबेड़ा में मना बिहार सम्मेलन

- बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील चौधरी हुए शामिल
- कहा, बिहार में फिर से डबल इंजन की सरकार बनाना जरूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत बागबेड़ा के बड़ौदा घाट रेलवे सोसाइटी कम्युनिटी हॉल में बिहार सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई अभियान के जमशेदपुर महानगर संयोजक विजय तिवारी ने की। इस दौरान बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने को लेकर व्यापक रणनीति पर चर्चा हुई। सम्मेलन में वक्ताओं ने बिहार के मतदाताओं तक पहुंच बढ़ाने, जनसंपर्क अभियान को तेज करने और केंद्र की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने पर जोर दिया। सभी कार्यकताओं ने बिहार में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए संकल्प लिया।

सम्मेलन में बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील चौधरी ने कहा कि बिहार और झारखंड सांस्कृतिक रूप से एक सूत्र में बंधे हैं। इस सम्मेलन के माध्यम से हम अपने बिहारवासियों को जागरूक कर रहे हैं कि आने वाले चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत दिलाना है। बिहार के तेज विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है।

जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि जमशेदपुर में रहने वाले बिहार मूल के नागरिकों की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने परिजनों को सही नेतृत्व चुनने के लिए प्रेरित करें और बिहार में एनडीए की मजबूत सरकार बनाएं।

इस दौरान बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील चौधरी, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, विजय तिवारी, सुबोध झा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुशवाहा, उज्ज्वल सिंह, विमलेश उपाध्याय, गोपाल ओझा, संजय पाठक, राजकमल यादव समेत बागबेड़ा मंडल के भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकगण मौजूद रहे।

## एक नजर में

### गम्हरिया में 102 यूनिट रक्तदान



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में रक्तदान शिविर लगाया। कंपनी परिसर के इस शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि रक्त के बगैर मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। रक्तदान से बढ़कर कोई महादान नहीं है। प्रत्येक मनुष्य को स्वयं को स्वस्थ रखने एवं दूसरे की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान करना चाहिए। जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 102 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक विवेक बंसल ने कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन में कंपनी का प्रयास अव्वल है। इसके आयोजन में सुपत्रा, शिवार्य बंसल, अविनाश झा, भुवनेश पारिक, जय सिंह, शिशिर गोयल, प्रशांत चौधरी, रश्मि तिवारी, विकास राय, उत्तम मिश्रा, अरुणेश सिंह आदि का प्रमुख योगदान रहा।

### डीबीएमएस कदमा में मना श्रमिक दिवस समारोह




**जमशेदपुर।** 1 मई को डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल में श्रमिक दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जो विद्यालय के सभागार 'कलाकृति' में संपन्न हुआ। यह आयोजन विशेष रूप से विद्यालय के भैया एवं दीदियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु किया गया, जिन्होंने अपने श्रम और सेवाभाव से विद्यालय को सुचारु रूप से चलाने में अहम योगदान दिया है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से हुआ। तत्पश्चात नृत्य, संगीत और विविध खेल प्रतियोगिताओं ने सभी का मन मोह लिया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। मौके पर डीबीएमएस संस्था की प्रशासनिक अध्यक्षा ललिता चंद्रशेखर, वित्त अध्यक्ष बी चंद्रशेखर, सचिव अनीता रामकृष्णा, कोषाध्यक्षा भुवना कृष्णन, संयुक्त सचिव उषा मालिनी, संयुक्त कोषाध्यक्षा पीएस अरुणा रवि, प्रधानाचार्या गुरप्रीत भामरा, उप-प्रधानाचार्या एस शिरीन, समन्वयकगण एवं समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

### ब्रह्मानंद नारायण अस्पताल ने डीएक्ससी टेक्रोलोजी में लगाया मेडिकल कैंप



**जमशेदपुर।** डीएक्ससी टेक्नोलॉजी एवं ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में 3 मई को एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप डीएक्ससी टेक्नोलॉजी के बिष्टुपुर परिसर में किया गया। जिसमें सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मुकेश कुमार ने 75 से ज्यादा लोगों की जांच की। कैंप में निशुल्क शुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं ईसीजी की जांच की गयी। कैंप के संचालन में अंशु जी, शैलेंद्र, मंगल सिंह, चितरंजन एवं रुचि प्रसाद आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ मुकेश कुमार ने डीएक्ससी टेक्नोलॉजी के इस स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को काफी सराहा।

### गोस्वामी समाज ने मृतकों के लिए निकाला कैंडल मार्च



**जमशेदपुर।** शनिवार संध्या 7 बजे डिमना चौक पर गोस्वामी समाज कल्याण समिति जमशेदपुर 22-04-2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने धर्म पूछकर घूमने आये 26 हिन्दू पर्यटकों की सरेआम नृशंस हत्या कर दी। इसका हमारे समाज द्वारा घोर निंदा करती है। गोस्वामी समाज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग करता है कि उन हत्यारे को खोजकर भारत में लाकर तड़पा तड़पा कर उसे फांसी की सजा दी जाए ।आज सम्पूर्ण गोस्वामी समाज, अवधेश गिरि, जयदर्थ गोस्वामी, ललन गोस्वामी, केदार गोस्वामी,सौरव गिरि, अमित गिरि, आजाद गिरि, घनश्याम गोस्वामी, सुमीत कुमार, हरेन्द्र गोस्वामी, कौशिक गिरि, अंकलेश गिरि, कुंती भारती, सोनाली, खुशबू, ज्योति, हेमलता, शीतल, दीपक गुप्ता, विक्रम सिंह, रामाशंकर सिंह, प्रमोद गोस्वामी, आनन्द सिंह, प्रवीण सिन्हा एवं गोस्वामी समाज के सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्यों ने इस निर्मम हत्या के विरोध में पाकिस्तान के खिलाफ और पहलगाम में मारे गए शहिदों के प्रति कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धा सुमन श्रधांजलि अर्पित किया।

## स्पीड न्यूज

### ट्रैक्टर पलटा, दबने से चालक की मौत



**पाटन/छतरपुर।** पलामू में शनिवार की सुबह ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें ट्रैक्टर चालक परदेशी भुइयां (32) की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना छतरपुर थाना क्षेत्र के डाली गांव में सुबह करीब 5:30 बजे हुई, जब परदेशी बालू गिराकर लौट रहा था। जैसे ही वह डाली घाटी के पास पहुंचा, ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और परदेशी इंजन के नीचे दब गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। वह पाटन थाना क्षेत्र के सकलदीपा का निवासी था। ट्रैक्टर सतौवा के जयंत पांडेय का था। सूचना मिलते ही छतरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। सतौवा मुखिया अखिलेश पासवान भी पहुंचे और जानकारी ली।

### बाइकों की टक्कर में बच्ची की मौत



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** डालटनगंज पांकी मुख्य पथ पर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बसौरा में इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप शनिवार सुबह दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे 6 साल की बच्ची अंजनी की मौत हो गयी, जबकि उसके माता-पिता भलमंडा के अमित कुमार (30) पत्नी सुनीता देवी (25) समेत पांच जख्मी हो गये। पांचों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी बाइक पर सवार जख्मी की पहचान जोगेन्द्र साव (35) और बबन साव (32) के रूप में हुई है। एक बाइक पर भलमंडा के अमित थे, जबकि दूसरी पर जोगेन्द्र थे। थाना प्रभारी राजू गुप्ता घटना स्थल पहुंच सभी को एमआरएमसीएच भेजा गया, जहां बच्ची अंजनी कुमारी को मृत घोषित कर दिया गया। शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### जातीय जनगणना राहुल गांधी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है : विमला कुमारी



**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार का देश में जातीय जनगणना कराने का फैसला स्वागतयोग्य है लेकिन यह कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के संघर्ष का परिणाम है। उक्त बातें पलामू जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने कही। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना राहुल गांधी के करिश्माई व्यक्तित्व का परिणाम है। यह आमलोगों की जीत है। इस मुद्दा को लेकर राहुल गांधी ने पूरे देश स्तर पर आंदोलन कर जागरूकता लाये थे। जिसमें पूरे देश के लोगों ने उनका साथ दिया। इसे लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर लगातार दबाव बनाया। इसके परिणामस्वरूप केंद्र सरकार को इसका फैसला लेना पड़ा। यह देशवासियों की जीत है।

### सफाई कर्मचारी मोर्चा ने आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ निकाली रैली



**मेदिनीनगर।** टाऊन हॉल मेदिनीनगर से सफाई कर्मचारी, झारखंड लोकल बॉडीज फेडरेशन और झारखंड स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने रैली निकाली। जिसकी मुख्य मांगें कर्मचारियों का स्थायीकरण, वार्षिक छुट्टी, रिटायरमेंट के बाद पेंशन, पीफ और ईएसआई कार्ड से चिकित्सा और महिलाओं को मातृत्व अवकाश जैसे लाभ मिले शामिल हैं। संघ के सचिव दिव्या भगत ने कहा कि सदर अस्पताल व एमएमसीएच के कर्मियों के साथ बालाजी आउटसोर्सिंग कंपनी क्या कर रही है, यह नगर निगम और उसके अधिकारी जानते हैं। कर्मचारियों के वेतन काटना, छुट्टी नहीं देना, 98 कर्मचारी नियुक्ति किये बिना उनका वेतन सीधे गबन कर रहा है। वहीं नगर निगम कर्मचारी अध्यक्ष विष्णु राम ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर अंकित गौतम, रौशन कुमार, कामुदा देवी समेत अन्य लोग शामिल थे।

### सघन जांच अभियान में कई वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** शहर के सदीक चौक पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया व चार पहिये वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान कुछ बाइक चालक ट्रिपल लोड, बगैर हेलमेट तथा कुछ बगैर लाइसेंस के मिले। जिसमें से 13 बाइक एवं एक ट्रक (नो एंट्री में पकड़ाया) का चालक शराब पीये था। उक्त सभी गाड़ियों को शहर थाना परिसर में रखा गया है। सभी गाड़ियों का चालान काटा जायेगा। कुल चालान 24352 रुपये आया।

### ससुरालवालों ने युवती को मार डाला

- मृतका का भाई बोला : बहन को बराबर प्रताड़ित करते थे ससुराल वाले



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के सतहे निवासी रेणु कुमारी 22 वर्ष की हत्या ससुरालवालों ने गला दबाकर कर दी। इस संबंध में मृतिका के भाई ओमप्रकाश कुमार ने पाटन थाना में ससुरालवालों पर हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार मृतका रेणु कुमारी की शादी हिंदू रीति रिवाज से पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सतहे में पिंटु कुमार राम के साथ वर्ष 2024 में हुआ था। ससुराल वालों ने शादी के तीन चार माह के बाद मृतिका को प्रताड़ित करने लगे। इसे लेकर मृतिका के मायकेवालों ने ससुराल जाकर पंचायती भरी कराया था। पंचायती में लड़का पक्ष को समझाया भी गया था लेकिन ये लोग अपने हरकतों से बाज नहीं आये। तीन मई को ससुरालवालों ने रेणु की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके पूर्व रेणु ने एक मई अपने मायके फोन कर सूचना दी थी कि ससुरालवाले मेरे साथ मारपीट कर रहे हैं। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी। प्राथमिकी में ओमप्रकाश ने ससुरालवाले मृतका के पति पिंटु कुमार राम, विनोद राम, पंकज राम, सास कांति देवी, ननद छोटी कुमारी, ससुर विनोद राम, गोतनी पुष्पा देवी पर अपनी बहन की हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर ग्राम सतहे पहुंचा तो पाया कि मेरी बहन की हत्या कर घर से दूर में शव को फेंक दिया गया है। उन्होंने पाटन थाना प्रभारी से मामले की जांच कर ससुरालवालों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# द कराटे एकेडमी की काजल खेलो इंडिया यूथ गेम में खेलेगी गतका

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रेड़मा, पांकी रोड़ स्थित द कराटे एकेडमी की काजल कुमारी का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम में किया गया है। खिलाड़ी का हौसला अफजाई करने के लिए पलामू गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी द कराटे एकेडमी में पहुंचे। गतका खिलाड़ी काजल कुमारी से मिलाकर उन्होने बधाई देते हुए कहा कि काजल अभी दिल्ली में आयोजित 68वां नेशनल एसजीएफआई में भाग ली थी और वहा उनसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए पलामू जिला को गौरवान्वित किया है। और अब ये दूसरी बार पलामू गतका संघ की ओर खेलो इंडिया में भाग लेने जा रही है। खेलो इंडिया यूथ गेम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है उन्होंने भारत के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया की शुरुआत की थी और आज पलामू जिला से गतका खिलाड़ी इस खेल में भाग लेने जा रहे है। यह पलामू जिला गतका संघ के लिए गर्व की बात है। वहीं पलामू गतका संघ के सचिव सुमित बर्मन ने कहा बिहार के बौद्ध गया में भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम का आयोजन 3 मई से 7 मई तक किया जा रहा है। जिसमें द कराटे एकेडमी की खिलाड़ी काजल कुमारी का चयन हुआ। काजल के पिता ओम प्रकाश कुमार सीआरपी एफ में है। जो की वर्तमान में श्री नगर में पोस्टिंग है। काजल संत जेवियर स्कूल की 10 वी कक्षा की छात्र है यह अपने पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मौके पर पलामू गतका संघ के सह सचिव दीपेंद्र सिंह, द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी के कोच अमरेश कुमार मौजूद थे।

# मजदूरों की दयनीय स्थिति पर उठा सवाल, एकजुट संघर्ष का आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

**मेदिनीनगर।** झारखंड के मजदूरों की हालत दयनीय है, विशेषकर असंगठित क्षेत्र में कार्यरत निर्माण मजदूरों की। उनके बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ तक नहीं मिल पाता, जबकि केरल जैसे राज्यों में आंगनबाड़ी, मनरेगा और अन्य कल्याणकारी योजनाएं मजदूरों को आसानी से उपलब्ध होती हैं। वहां के मजदूर संगठित हैं, इसलिए उन्हें अधिकार मिलते हैं। उक्त बातें ऑल इंडिया कंस्ट्रक्शन मजदूर यूनियन के महासचिव कामरेड विजयन कुनसेरी ने पलामू क्लब में आयोजित मजदूर सभा को संबोधित करते हुए कही। यह सभा झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन, मेदिनीनगर नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन और अन्य मजदूर संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। सभा की अध्यक्षता गौतम कुमार एवं संचालन राजीव कुमार ने किया। मंच पर उपस्थित अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव केडी सिंह, इप्टा झारखंड की आलोका, नगर निगम सफाई कर्मी यूनियन के अध्यक्ष विष्णु कुमार, माले नेत्री दिव्या भगत, भाकपा नेत्री सुषमा देवी, इप्टा के प्रेम प्रकाश, गोविंद प्रसाद और मजदूर यूनियन के मनोज तिवारी ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर एटक सचिव राजीव कुमार, दिव्या भगत, गौतम कुमार समेत कई लोग शामिल थे। सभा के पूर्व रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत में इप्टा के कलाकारों प्रेम प्रकाश, धीरेंद्र कुमार और संजीव कुमार संजू ने जनवादी गीत प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत बना दिया।

# बाइक सवार अपराधियों ने क्रशर माइंस में पोकलेन में लगायी आग

- जाते-जाते की फायरिंग, छानबीन में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता



अपराधियों द्वारा जलायी गयी पोकलेन मशीन।

**हुसैनाबाद पलामू।** जिला के हुसैनाबाद के सोहया पहाड़ स्थित उदय माइंस स्टोन में बीती रात्रि बाइक सवार अपराधियो ने खड़ी पोकलेन में आग लगा कर फरार हो गये, जाते जाते अपराधियो ने दहशत के लिए 3 से 4 राउंड फायरिंग की। बताया जाता है शुक्रवार कि रात्रि में 10 से 10:30 बजे के बीच अपराधी अपने साथ ज्वलनशील तेल लेकर पोकलेन पर डाल कर आग लगा दिया, जिसके बाद रात्रि प्रहरी के देख कर चिल्लाने के पर पल्सर बाइक पर सवार दो से तीन अपराधी हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। वहीं सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस पहुच छानबीन में जुट गयी है। माइंस के मुंशी द्वारा बताया गया कि दो व्यक्तियों द्वारा 4 से 5 दिन पूर्व पोकलेन का चाबी छीन कर बोला गया था कि काम नहीं होगा, इससे आशंका जतायी जा रही है कि पोकलेन जलाने में उन्ही लोगों का हाथ हो सकता है, हालांकि मामले कि छानबीन में पुलिस जुटी हुई है।

# ऑक्सफोर्ड के बच्चों में लेमोनेट पार्टी और मूवी में की पूरी मस्ती

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम के दौरान ऑक्सफोर्ड के प्राचार्य, शिक्षक व स्कूली बच्चे।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रातः विद्यालय सभागार में बच्चों के लिए लेमोनेट पार्टी एवं मूवी-मस्ती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्री नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के छात्रों ने भागीदारी निभायी। बच्चों को नवीन कक्षा के प्रति विशिष्ट रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव हेतु ऐसी गतिविधियां उपयुक्त होती है। सिनेफ्लेक्स कुंफूपांडा फिल्म बच्चों के लिए रुचिकर व मनोरंजक रहा। मौके पर बच्चों ने खूब मस्ती की। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने विद्यालय सभागार में मूवी हॉल का शुभारंभ फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों में रुचि पैदा करना होता है। पारिवारिक वातावरण का विद्यालयीन वातावरण से सामंजस्य बिठाना आवश्यक होता है अतः ऐसी गतिविधियां इस कार्य में सहायक होती है। फिल्म के गीत पर छात्रों के थिरकते कदम उनके प्रसन्न मन का सूचक है। शिक्षण को गतिविधियों से जोड़कर निश्चित रुप से बेहतर वातावरण बनाया जा सकता है। समय-समय पर बच्चों के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप आयोजित होते हैं। इसे सफल बनाने में विद्यालय के सीसीए प्रभारी खुशबू कुमारी, तनुश्री एवं शिल्पी गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## विश्रामपुर थाना क्षेत्र में पोकलेन चालक ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, ग्रामीणों ने जमकर की पिटाई

- पुलिस अभिरक्षा में आरोपी का मेदिनीनगर एमएमसीएच में चल रहा इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिले के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पोकलेन चालक 30 वर्षीय राहुल सिंह द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इसकी जानकारी मिलने पर आरोपी चालक को ग्रामीणों ने जमकर पिटाई करने बाद बंधक बना लिया। सूचना मिलने पर विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी चालक राहुल सिंह को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा कर विश्रामपुर थाना लाया। आरोपी को पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये मेदिनीनगर एमएमसीएच में भर्ती कराया। पुलिस कस्टडी में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना क्षेत्र के जमारी में सड़क निर्माण कंपनी द्वारा अस्थायी कैंप बनाया गया है जिसमें सड़क निर्माण कार्य में लगे सभी वाहन रात में खड़ा किया जाता है। शुक्रवार की रात्रि उसी कैंप में खड़ी पोकलेन चालक राहुल ने सड़क किनारे खड़ी एक 15 वर्षीय नाबालिग को दूर अंधेरे में खींच कर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

## देवरी खुर्द की मुखिया ने मजदूरों श्रमिक व्यक्तियों को की सम्मानित

- राष्ट्र निर्माण में मजदूर व किसान की भूमिका अतुलनीय : ममता देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर देवरी खुर्द के पंचायत सचिवालय में एक सादे समारोह आयोजन कर श्रमिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया ममता देवी ने ममता श्रमिकों मजदूरों व किसानों को सम्मानित की। वहीं अपने पंचायत क्षेत्र के पूर्णाडीह नाली निर्माण का शिलान्यास भी की। कहा कि आज देश व दुनिया में मजदूर दिवस मनाया जा रहा है जबकि वास्तविकता यह हैं मजदूर किसान हर दिन मेहनत करते हैं उनका कोई उत्सव नही उनका श्रम ही उनके उत्सव हैं। राष्ट्र निर्माण में इनकी भूमिका अतुलनीय हैं। मौके पर वार्ड सदस्य धर्मशिला देवी, उषा देवी, सहिया साथी शिव ओझा, श्रमिक मजदूर प्रवेश मेहता शेषनाग मेहता, सतेंद्र मेहता, राजेंद्र मेहता, मोहन मेहता, सत्येंद्र राम, मोहन चौधरी, संजय मेहता, नागेंद्र मेहता, विनोद मेहता थे।

### तूफान से गिरे पेड़ ने ऑटो को किया क्षतिग्रस्त



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के गांधी चौक के पास शुक्रवार को तेज तूफान में एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया। इस दौरान वहां खड़ा एक बैटरी चालित ऑटो उसकी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। संयोगवश ऑटो में कोई सवारी नहीं था, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक आये तूफान में कुछ ही पल में गांधी चौक के समीप का पेड़ धराशायी हो गया। लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। पेड़ गिरने से मुख्य सड़क पर यातायात बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन स्थानीय लोग एवं मुखिया प्रतिनिधि छोटेलाल प्रसाद सोनी के द्वारा पेड़ को कटवाकर आवागमन शुरू कराया।

### निवर्तमान पार्षद ने कार्यपालक पदाधिकारी को दिया ज्ञापन, पेयजल संकट सुलझाने की मांग



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप के वार्ड 16 की निवर्तमान पार्षद पूनम देवी ने शनिवार को कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत को ज्ञापन देकर पेयजल समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में पूनम ने कहा है कि भुइयां टोला में नारायण राम के घर से सोना देवी का घर होते आंगनबाड़ी केंद्र तक के भाग में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है। जबकि कुछ दूर पर ही एक जलमीनार लगा हुआ है अगर इसी जलमीनार से पाइप निकालकर चिह्नित जगहों पर नल लगवा दिया जाये तो पेयजल समस्या दूर हो सकती है। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने पूनम देवी को आश्वस्त किया कि जल्द ही आपकी इस प्रस्तावित योजना पर कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

### भीमचूल्हा टनल के पास मिले दो शवों की पहचान

**मोहम्मदगंज।** भीमचूल्हा टनल के पास अलग-अलग समय पर मिले दोनों शवों की पहचान हो गयी है। 22 अप्रैल को अप लाइन के किनारे मिले अधेड़ के शव की पहचान डेहरी ऑन सोन के शिवगंज वार्ड नंबर 29 निवासी विजय कुमार उर्फ बिल्लु के रूप में सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों ने की। बाद में यहां के स्थानीय थाना में एफआईआर दर्ज कराया। इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते पुलिस ने आरोपी चंदन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई ने इस मामले में आरोप लगाया है कि उनके भाई किसी कार्य वश रांची गए थे। 21 अप्रैल की रात रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस से लौटते समय साथियों ने ही विश्वासघात करते हुए चलती ट्रेन से धक्का देकर उनके भाई की जान ले ली है। वहीं, दूसरे शव की पहचान पांडू थाना क्षेत्र के बरवाही निवासी लखन रजवार (60) के रूप में हुई है। जिनका शव एक मई को मोहम्मदगंज-सतबहिनी स्टेशन के बीच खंभा संख्या-344/11 के पास से पुलिस ने बरामद किया था। जिसके सिर में गहरे चोट के निशान मिले थे।

## भीषण गर्मी में बजबजाती नाली से परेशान हैं लोग

- नगर पंचायत बनी टैक्स वसूली ऑफिस, सफाई नदारद

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के हरिहर चौक सरस्वती नगर के मुहल्ले में नाली की पानी पूरी तरह से बजबजा रही हैं, जिसके कारण वहां रह रहे लोगो को बदबू व गंध से संक्रमण बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। लोगों का कहना हैं हमलोग शहर में रहते हैं टैक्स भरते है लेकिन सफाई के सुविधा हमलोगों को नहीं मिलती इस मुहल्ले के लोगों को वर्षो से अपेक्षित किया जाता रहा हैं। हमलोग नगर में नहीं बल्कि नर्क में रहने पर मजबूर है। कई लोगों ने तो यह भी बताया कि हमलोगों के घर मे शादी विवाह या कोई कार्यक्रम होता है तो कहने के बाद सफाई की सुविधा मिलती है।

## जांच टीम ने जानी कस्तूरबा विद्यालय की हकीकत

**पाटन पलामू।** जिला जांच टीम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। टीम में डीएसई संदीप कुमार, जिला परिषद, स्वास्थ्य एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रमोद सिंह, पाटन पश्चिमी जिप सदस्य संग्राम सिंह, पड़वा प्रमुख गीता देवी, पाटन प्रमुख शोभा देवी एवं पलामू जिला के डीपीआरओ विनय कुमार श्रीवास्तव शामिल थे। जांच टीम ने विद्यालय में बच्चों का भोजन, साफ सफाई, पढाई सहित कई बिंदुओं पर जांच की।

## पाटन प्रखंड कार्यालय सभागार में स्कूल रुआर कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में स्कूल रुआर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन प्रमुख शोभा देवी ने की। कार्यक्रम का उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, बीपीएम जरीना प्रवीण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पाटन प्रखंड के सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक, प्रखंड संसाधन केंद्र के सभी पदाधिकारी, कर्मी तथा सभी संकुल साधन सेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने सभी उपस्थित शिक्षकों से सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कूल रुआर कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए कहा।

### एसडीएम ने लिया डिग्री कॉलेज झारहा का जायजा

# न बिजली न शुद्ध पानी, एक प्राचार्य व एक प्रोफेसर के सहारे चल रहा कॉलेज

- एनपीयू की उदासीनता के कारण 26 विद्यार्थियों का भविष्य अधर में

गौतम पटेल



कर्मियों से जानकारी लेते जांच टीम के सदस्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** पूर्ववर्ती झारखंड के रघुवर सरकार में अनुमंडल में खोले गये मॉडल डिग्री कॉलेज आज नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की उदासीनता का दंश झेल रहा है। कॉलेज संचालन होने का एक वर्ष गुजर गया। एक प्राचार्य का तबादला हो गया, दूसरे प्राचार्य व एक प्रोफेसर की नियुक्ति भी हो गयी। प्रथम सत्र 2024-2028 कुल 26 विद्यार्थी भी नामांकित हैं इसके बाद भी कॉलेज में ना बिजली हैं ना पानी,ना कोई सुरक्षा प्रहरी बस एक प्राचार्य व एक सहायक प्रोफेसर के बदौलत संचालित हो रहा हैं। सरकारी मॉडल कॉलेज यू कह सकते हैं कि 26 विद्यार्थियों का भविष्य कागज के दुकड़ो से निर्माण हो रहा हैं। यह कोई पत्रिका की कहानी नहीं बल्कि हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुआरी झरहा में संचालित एनपीयू का मॉडल डिग्री कॉलेज की दर्दे दस्तान है। जो चीख चीख कर अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या में सुधार व सुविधाओं का वाट जोह रहा है। शुक्रवार को हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो ने एवं पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने कॉलेज का जायजा लिया और हर सम्भव कॉलेज की प्रगति में हाथ बंटाने का ढांढस बंधाया। इस दौरान एसडीएम ने बताया कि इससे पूर्व कई लोगों ने सूचना दिया था। उपायुक्त के निर्देश पर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। कहा कि यह कॉलेज ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सक्षम डिग्री व गुणवत्तापूर्ण ऊंच शिक्षा के उद्देश्य से पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के कई अनुमंडल क्षेत्रों मॉडल बिल्डिंग व बड़े कैंपस खोलवाया था।

# श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूर्णाहूति संतों को दी गयी विदाई, मिला आशीष

खबर मन्त्र संवाददाता



यज्ञ की पूर्णाहूति के मौके पर उपस्थित श्रद्धालु व अन्य।

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के गोडाडीह पंचायत अंतर्गत भाली गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण सह ग्राम देवी शिवशक्ति प्रतिष्ठा महायज्ञ शुक्रवार को पूर्णाहूति व भंडारा और यज्ञ के आचार्य सहित विद्वान पंडितों की विदाई के साथ संपन्न हो गया। उक्त यज्ञ श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम पूज्य शिष्य श्री लक्ष्मीपरपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद से पलामू वृद्धखैरा के पीठाधीश्वर श्री विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। शुक्रवार को यज्ञाचार्य उपेन्द्र नारायण शुक्ल सहित विद्वान पंडितो ने मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर यज्ञ के यजमान और श्रद्धालुओं के द्वारा सभी देवी देवताओं के नाम से हवन करवाये। हवन में महिला पुरुष श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। हवन से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। पांच दिनों तक वृंदावन (उतरप्रदेश) के कथा व्यास जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री चतुभुर्जाचर्य जी महाराज और विश्वकांताचार्य जी महाराज सहित बक्सर बिहार से पधारे विद्वान कथावाचक के द्वारा पर्वचन में रोज भीड़ रही। वहीं यज्ञ के चौथे दिन प्रखंड के भाली गांव में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ समिति के द्वारा यज्ञ परिसर में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें वेभ म्यूजिक कंपनी के सुपरस्टार कलाकार महानन्द मिश्रा उर्फ अमु जी और महुआ चैनल के कलाकार मनोज तिवारी के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी।

# छापेमारी में तीन अवैध शराब भट्ठियां ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत दुलदुलवा गांव में शनिवार को एसडीओ संजय कुमार ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर उन्होंने जंगल क्षेत्र में छापेमारी कर तीन अवैध शराब भट्ठियों को नष्ट किया और लगभग डेढ़ क्विंटल महुआ जावा को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा, लगभग 20 लीटर तैयार शराब को भी नष्ट किया गया। एसडीओ ने पंचायत भवन में मुखिया, वार्ड सदस्यों, पंचायत कर्मियों और स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव को शराब मुक्त बनाने के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। हालांकि, ग्रामीणों ने दबे स्वर में बताया कि गांव में शराब का कारोबार घर-घर तक फैल गया है और इसे रोकना आसान नहीं है। एसडीओ ने ग्रामीणों से गोपनीय सूचना साझा करने का आग्रह किया, लेकिन


नष्ट करते एसडीओ

किसी ने भी कोई जानकारी नहीं दी। एसडीओ श्री कुमार ने ग्रामीणों से अपील की कि वे नशाखोरी के खिलाफ कमर कसें और प्रशासन को गोपनीय सूचना दें। उन्होंने बुजुर्गों और बच्चों से कहा कि वे अपने घर के उन सदस्यों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाएं जो इस अवैध धंधे में लिप्त हैं। एसडीओ ने बताया कि उनका उद्देश्य गांव को शराब मुक्त बनाना है और इसके लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।

# गोबर से दीपक व धूप बनाने के कार्य को डीएसडब्लूओ ने सराहा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** प्रखंड में राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान द्वारा संचालित पहलवान आश्रम भखारा में आजीविका को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल अधिकार किशोरी सशक्तिकरण लिए पिछले 25 वर्षों से सतत प्रयास किया जा रहा है, इसी कड़ी में एक नई शुरुआत गोबर से दीपक एवं धूप बनाने का किया गया है। संस्थान द्वारा यह कार्यक्रम पिछले लगभग 5 महीना पूर्व प्रारंभ किया गया है, इस काम के लिए संस्थान के चार प्रमुख सदस्यों को गुजरात से प्रशिक्षण करवाया गया है। तत्पश्चात् पहलवान आश्रम भाखरा में 15 सदस्यीय टीम को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें से पांच सदस्यीय टीम को लेकर काम प्रारंभ किया गया है, जहां पर गोबर से धूप कप एवं गोबर का दीपक बनाया जा रहा है। संस्थान की इस कार्य के बारे में डीएसडब्ल्यूओ कनक कुमारी तिर्की को जानकारी होते ही उन्होंने संस्था के सचिव मनोज दांगी से संपर्क किया, इस बाबत पूरी जानकारी प्राप्त की। वहीं श्री दांगी ने गाय के गोबर से बनने वाले सामग्री के बारे में व्यापकता से बताते हुए कहा कि गाय के गोबर का विशेष प्रयोग से कई तरह के लाभ समाज को मिल सकता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण, बूढ़े गाय, बैल की सुरक्षा, मिट्टी को उसके वास्तविक रूप में बचाया जा सकता है और गांव की महिलाओं के हाथ में एक इन्नोवेटिव रोजगार दिया जा सकता है। तत्पश्चात डीएसडब्ल्यूओ द्वारा इस काम को सराहा गया और कार्य से प्रेरित होकर 1001 दिया खरीद कर संस्थान का हौसला बढ़ाया गया। वहीं उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास से पर्यावरण संरक्षण गोबर का सदुपयोग के साथ-साथ भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते है।

## स्पीड न्यूज

### अग्रवाल परिवार ने किया भोजन का वितरण

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार ने शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के सामने सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच प्रसाद रूपी खिचड़ी का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री हनुमान जी को भोग अर्पित कर की गई, जिसके बाद श्रद्धा और सेवा भाव से खिचड़ी का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में हर्ष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, तेजस अग्रवाल, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, पुरुषोतम अग्रवाल, अमित कश्यप और विनय कश्यप समेत परिवार के कई सदस्य शामिल हुए। सभी ने तन-मन-धन से इस सेवा कार्य में योगदान दिया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

### सड़क हादसे में नाबालिग की मौत

**केतार।** थाना क्षेत्र के बेलाबार गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 17 वर्षीय हसनैन अंसारी की मृत्यु हो गई। हसनैन, बेलाबार निवासी इमामुद्दीन अंसारी के पुत्र थे और इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। वह अपने दोस्तों के साथ नावाडीह निवासी आदम अंसारी के पुत्र की बारात में बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के मधुरी गांव गए थे। वापसी के दौरान भवनाथपुर के कड़िया डैम मोड़ के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में हसनैन अंसारी, अब्दुल अंसारी और शाहिद अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें नगर उंटारी अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हसनैन और शाहिद को गंभीर हालत में गढ़वा रेफर किया गया। लेकिन गढ़वा पहुंचने से पहले ही हसनैन ने दम तोड़ दिया। शाहिद की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और उसे डाल्टनगंज रेफर किया गया है। हसनैन का शव पोस्टमार्टम के बाद पैतृक गांव बेलाबार लाया गया, जहां परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इन्तेयाज अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, बिंदु राम, छोटन सिंह, कामेश्वर सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### टेंपो हादसे में आधा दर्जन स्कूली छात्र घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के टाउनशिप कैलान रोड स्थित छुरछुरिया झरना के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में आधा दर्जन स्कूली छात्र घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब एक टेंपो, जिसमें बच्चे सवार थे, असंतुलित होकर पलट गया। सभी घायल छात्रों को समाजसेवी ओम परशुन और दिलीप बैठा ने तत्परता दिखाते हुए टाउनशिप स्थित सेल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक विजय राम द्वारा उनका इलाज किया गया। घायलों में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र हिमांशु कुमार, प्रिंस कुमार, अमित यादव, अभिजीत कुमार यादव और प्रीति कुमारी शामिल हैं, जबकि पीएम श्री घाघरा स्कूल की छात्राएं माया कुमारी और अंजली कुमारी भी घायल हुई हैं। छात्रा माया कुमारी ने बताया कि टेंपो चालक, बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति दे रहा था। इसी दौरान एक बच्चा वाहन चला रहा था, जो मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा और टेंपो पलट गई। इस दुर्घटना ने स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था और चालकों की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे लापरवाह चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की इंजीनियरिंग संकाय की पहली परीक्षा में

# छात्रों ने दिखाया दम, सभी परीक्षार्थी सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा शनिवार को इंजीनियरिंग संकाय की पहली परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित इन परीक्षाओं में सभी परीक्षार्थी सफल रहे, जिससे विश्वविद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। बीसीए (सत्र 2024-27) में सोनू कुमार पाल ने 8.50 एसजीपीए के साथ टॉप किया। डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (सत्र 2024-27) में अनुराग ठाकुर ने 9.84 एसजीपीए प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं बीटेक कोर्स (सत्र 2024-27) में सुजय कुमार ने भी 9.84 एसजीपीए लाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। परिणामों की घोषणा के बाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने संकायाध्यक्ष पंकज कुमार और संकाय के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी। कुलपति प्रो. डॉ एमके सिंह ने सफल छात्रों को उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।



बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय

### भाजपा ने विधायक अनंत प्रताप पर लगाया गंभीर आरोप

**भवनाथपुर।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही के टाउनशिप स्थित आवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में पार्टी नेताओं ने मौजूदा विधायक अनंत प्रताप देव पर तीखा हमला बोला। जिला कार्य समिति के सदस्यों ने कहा कि विधायक का मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है और वे अपनी खिसकती जनाधार से हताश हैं। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि भवनाथपुर से केतार होते हुए पचाडुमर तक की सड़क मरम्मती योजना का सात माह पूर्व ही शिलान्यास भानु प्रताप शाही द्वारा कर दिया गया था और कार्य भी शुरू हो चुका था। भाजपा नेताओं ने 1 मई को क्रशिंग प्लांट में हुई मजदूर की मौत पर भी विधायक की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया और कहा कि इस संवेदनशील घटना पर उनकी चुप्पी असंवेदनशीलता का परिचायक है।

पंचायत स्तर पर योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

# डीसी ने किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से सभी प्रखंडों के पंचायतों में मुखियागणों की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, आवास योजना, जन वितरण प्रणाली, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छता, शिक्षा, आंगनबाड़ी संचालन, समाज कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस समेत विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बिरसा हरित ग्राम योजना, सिंचाई कूप योजना, अबुवा आवास योजना 2023-24 व 2024-25 में प्रगति की जांच की गई। साथ ही राशन कार्ड ई-केवाईसी, पोषाहार वितरण, आयुष्मान कार्ड निर्माण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस बीच, उपायुक्त शेखर जमुआर ने बिशनपुरा प्रखंड के दो पंचायतों में आयोजित बैठकों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर यह जाना कि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। डीसी ने ग्रामीणों को मासिक समीक्षात्मक बैठकों में भाग लेने और योजनाओं के लाभ के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ तभी सभी तक पहुंचेगा जब आमजन जागरूक होंगे और समय रहते अपनी समस्याएं संबंधित मंच पर रखें।


जानकारी लेते डीसी

### प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधि के बैठक में शामिल होने पर रोक

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड व पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में आरक्षण के तहत चुनकर आई महिला सदस्यों के स्थान पर उनके प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग करने पर रोक लगा दी गई है। अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ ने सभी बैठकों में प्रतिनिधि के शामिल होने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। पंचायती राज ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत एवं प्रखंड की आरक्षण के तहत चुनकर आई महिला सदस्य के प्रतिनिधियों को बैठक में प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। वहीं सरकार का मानना है कि पंचायत को सशक्त बनाने के लिए महिलाओं को आरक्षण दिया गया है।

CCL
Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in),सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

कार्यालय अंचल अधिकारी, कुडू
शुद्धि पत्र
सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्रांक 270(i)/दिनांक 24.04.2025 के द्वारा अतिअल्पकालीन नीलामी हेतु प्रकाशित की गई थी जिसका PR No. 351431 (Lohardaga) 25-26 (D) है, जिसमे नीलामी की तिथि भूल वश अंकित नही हो पाई थी। अतः नीलामी की तिथि 08.05.2025 समझा जाय।
अंचल अधिकारी,
कुडू (लोहरदगा)
PR 351601 Lohardaga (25-26)_D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा
सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा, ई-मेल- simdegafisheriesdfo@gmail.com
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण
एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 268, दिनांक– 11.02.2025 आलोक में Factory Formulated Extruded Mash feed के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेताओं से Factory Formulated Extruded Mash feed के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 13.05.2025 को 02:00 बजे अपराह्न तक जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन दिनांक– 13.05.2025 को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष उपविकास आयुक्त, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में निविदा खोली जाएगी।
निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट /w.w.w.simdega.nic.in पर देखी जा सकती है।
जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा
PR 351593 Simdega (25-26)_D

# जीएन कॉन्वेंट में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में शनिवार को जीएन कॉन्वेंट टेन प्लस टू विद्यालय में विधिक साक्षरता कक्षा (लीगल लिटरेसी क्लास) का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके विधिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के उप प्राचार्य बसंत ठाकुर ने की। शुरुआत पीएलवी रमाशंकर चौबे द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। उन्होंने छात्रों को अनुशासन में रहकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी और शिक्षा अधिकार अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम, तथा अनाथ बच्चों के लिए प्रायोजन योजना (स्पॉन्सरशिप योजना) के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही, उन्होंने छात्रों को नशा से दूर रहने और बड़ों का सम्मान करने की सलाह दी। पीएलवी कृष्णा नंद दुबे ने भारत में समानता और स्वतंत्रता के अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकें। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका नीरा शर्मा, शिक्षक वीरेंद्र शाह, और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन शिक्षिका नीरा शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


उपस्थित बच्चे

### क्विज व डांस प्रतियोगिता आयोजित

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड स्थित डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल, टाउनशिप में सह-पाठयक्रम गतिविधियों के अंतर्गत शुक्रवार को कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के छात्रों के लिए ग्रुप क्विज प्रतियोगिता और कक्षा 3 से 7 तक के छात्रों के लिए ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में छात्रों को चार समूहों में बांटा गया, जिसमें ग्रुप ए के प्रतिभागी पृषा पटेल, पृषा सिंह, हर्षिता कुमारी, नित्या गुप्ता, कौशल किशोर, मिस्टी कुमारी और सान्या दुबे विजेता घोषित किए गए। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ शिक्षिकाएँ रंजना वर्मा, शशिबाला कुमारी, रश्मि सिंह, अदिति जायसवाल और प्रियंका कुमारी शामिल थीं। डांस प्रतियोगिता में कक्षा 4 लिली की वैष्णवी के ग्रुप ने प्रथम, कक्षा 6 लिली की वंशिका के ग्रुप ने द्वितीय और कक्षा 5 रोज की रितिका व आराधना के ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी, शिक्षिका नेहा कुमारी और शबनम खातून। कार्यक्रम में बच्चों के रंग-बिरंगे वेशभूषा और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा
अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना 10/2025-26
विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय:– 19.05.2025 को अप0 12.00 बजे तक।
निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 20.05.2025 के अप0 2.30 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.05.2025 के अप0 3.00 बजे से।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2ए राँची का कार्यालय।
(ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
निविदा प्राप्ति का स्थान :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
कार्य विवरणी :–


| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair of Common Toilet and Anti Termite Treatment of Main Building in Civil Court, Simdega. | 16,39,000.00 | 32,800.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |

निविदा की शर्तें–WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
PR.NO.351577 Simdega(25-26):D

# डीएवी में डॉ. के. कस्तूरी रंगन को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा में शनिवार को एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और शिक्षाविद् डॉ के कस्तूरी रंगन को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मंडल के नेतृत्व में सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्राचार्य श्री मंडल ने कहा, डॉ. कस्तूरी रंगन भारत के अंतरिक्ष विज्ञान के स्तंभ रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने अनेक सफल अंतरिक्ष अभियानों को अंजाम दिया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रूपरेखा तैयार करने में केंद्रीय भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि डॉ कस्तूरी रंगन को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण जैसे सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित किया गया। अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल-विज्ञान और शैक्षणिक विषयों पर उनके 200 से अधिक शोध आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। विद्यालय परिवार ने डॉ कस्तूरी रंगन के आदर्शों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताते हुए यह संकल्प लिया कि वे उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश के विकास में योगदान देंगे। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



उपस्थित लोग

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–06/2025–26

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 09.05.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 10.05.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 10.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Punai tand, Panchayat - Punai , Block- Daru Dist- Hazaribag (20360060603) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 2. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Punai, Panchayat - Punai , Block- Daru Dist- Hazaribag(20360060602) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 3. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Basariya -01, Panchayat - Panchmadhav , Block- Barhi, Dist- Hazaribag (20360020401) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 4. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Basariya -02, Panchayat - Panchmadhav , Block- Barhi, Dist- Hazaribag (20360020402) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 5. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Bahoranpur, Panchayat - Gurhet , Block- Sadar, Dist - Hazaribag (20360080225) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 6. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Turoan, Panchayat - pouta , Block- Sadar, Dist- Hazaribag (20360080219) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 7. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Pundri, Panchayat - Meru , Block- Sadar, Dist- Hazaribag (20360080518 | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 8. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Koen, Panchayat - Jinga , Block- DARU, Dist- Hazaribag (20360080525) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 9. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra, Masipidhi, Panchayat-Nayakhap, Block:- Sadar, District- Hazaribagh.(20360080301) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 10. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra, Birbir, Panchayat- Oriya, Block:- Sadar, District- Hazaribagh. .(20360080327) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 11. | Deep Boring and Electrical work inAanganbadi Kendra, Chano-01, Panchayat- Baheri, Block:- Sadar, District- Hazaribagh. .(20360080212) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग
PR 351585 (Building)25-26*D

समय संवाद

# पांच भागों में टूटने की कगार पर पाक

**पांचवा गृह युद्ध- कर्ज जाल में फंसा पाकिस्तान**

पाकिस्तान इस समय कर्ज के जाल में भी बुरी तरह फंस चुका है। लगातार पैसे मांगने की आदत ने पाकिस्तानी सरकार के खजाने को तो खाली किया ही है, इसके अलावा वहां की जनता पर महंगाई की जबरदस्त मार भी पड़ी है। पाकिस्तान को कर्ज का भारी भरकम बोझ जिन देशों को चुकाना या सेटल करना है उनमें सऊदी अरब (5 बिलियन अमरीकी डॉलर), चीन (4 बिलियन अमरीकी डॉलर), यूएई (3 बिलियन अमरीकी डॉलर) और कुवैत (700 मिलियन अमरीकी डॉलर) से हैं।

पाकिस्तान की हालत ज्यादा खराब इसलिए भी चल रही है क्योंकि उसके पास सिर्फ तीन महीने से कुछ ज्यादा समय के लिए देश चलाने का पैसा बचा है।

**पहला गृह युद्ध- बलूचिस्तान में बवाल**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में कई दशकों से आजादी की लड़ाई छिड़ी हुई है। यहां के लोग पाकिस्तान से अलग होना चाहते हैं। यह एक ऐसा इलाका बन चुका है जहां पर पाकिस्तान की सेना भी जाने से कतराती है। इस पूरे इलाके में बलूच लिबरेशन आर्मी का बोलबाला रहता है, यह संगठन ना सिर्फ आजादी की लड़ाई लड़ रहा है बल्कि समय-समय पर पाक सेना पर भी हमले करते रहता है। इस संगठन के अलावा बलोच लिबरेशन फ्रंट, यूनाइटेड बलोच आर्मी और बलोच रिपब्लिकन आर्मी भी सक्रिय है।

असल में बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, प्राकृतिक संसाधन का धनी यह इलाका हमेशा से ही विकास से वंचित रहा है। यहां के लोगों को ना रोजगार मिला और ना ही गरीबी से ऊपर उठने का सही मौका। इसके ऊपर पाकिस्तान पर आरोप लगता है कि इसने अपने फायदे के लिए बलूचिस्तान के संसाधनों का दुरुपयोग किया है, वहां की जनता को परेशान किया है। नाराजगी की वजह यह भी है कि पाकिस्तानी संसद में बलूचिस्तान का प्रतिनिधित्व 6 फीसदी है।



**दूसरा गृह युद्ध- खैबर पख्तूनख्वाह में बवाल**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वाह इलाके में भी लंबे समय से अशांति चल रही है। यहां पर दो सबसे बड़ी चुनौतियां चल रही हैं, एक रही आतंकवाद और दूसरी रही आम जनता की नाराजगी। इस इलाके में भयंकर गरीबी है, वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक 48 फीसदी के करीब आबादी गरीबी रेखा से नीचे चल रही है। पाकिस्तान के अंदर ज्यादातर जो भी आतंकी हमले होते हैं, उसके तार इसी इलाके से जुड़ते हैं। खैबर में दो आतंकी संगठन सक्रिय चल रहे हैं- तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और इस्लामिक स्टेट खुरासन प्रोविंस।

ये दोनों ही आतंकी संगठन पाकिस्तान में शरिया कानून चाहते हैं, पूरे खैबर पख्तूनख्वाह इलाके में उन्हें अपना कब्जा चाहिए और पाक सेना पर हमला करते ही रहते हैं। इस समय खैबर पख्तूनख्वाह में पश्तून तहाफूज आंदोलन भी चल रहा है। असल में इस इलाके की जनता एक हाईड्रो प्रोजेक्ट का जमकर विरोध कर रही है, यहां के लोगों की जमीन तो प्रोजेक्ट ली, लेकिन उन्हें मुआवजे का पैसा नहीं दिया गया।

**तीसरा गृह युद्ध- गिलगित-बालिस्तान में बाल्टिस्तान**

पाक अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके में भी जनता जमीन पर उतर चुकी है, पाक सरकार की जमकर फजीहत हो रही है। चेतावनी तक दी गई है कि अगर पाकिस्तान ने यहां आकर एक इंच जमीन पर भी कब्जा किया तो उनकी कब्र यहीं पहाड़ों पर बना दी जाएगी। असल में गिलगित-बाल्टिस्तान में लोग खनिज, जमीन और बिजली संकट को लेकर पाकिस्तान सरकार को जमकर कोस रहे हैं, उन पर गंभीर आरोप लगे हैं। हथियारों के साथ आंदोलन करने की बात कही जा रही है।

चौथा गृह युद्ध- सिंध-पंजाब में बवाल

पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में भी इस समय बवाल की स्थिति है। वहां पर विवादास्पद चोलिस्तान नहर परियोजना के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये परियोजना सेना समर्थित ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव (जीपीआई) का हिस्सा बताई जा रही है। अब क्योंकि सिंध और पंजाब क्षेत्र में जल बंटवारे को लेकर संघर्ष बढ़ता जा रहा है, इसी वजह से वहां पर लोग आमने-सामने आ चुके हैं। हिंसक प्रदर्शन में कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

**भारत की सेना कितनी ताकतवर है?**

असल में पाकिस्तान इस परियोजना के जरिए रेगिस्तानी भूमि में सिंचाई करना चाहता है। कुल छह नहरे हैं- सिंधु से पांच और भारत नियंत्रित सतलुज से एक। इनके जरिए ही सिचाई को व्यापक स्तर तक पहुंचाने की कोशिश है। लेकिन एक तरफ पाकिस्तान को भारत ने इंडस वाटर ट्रीटी से पीछे हट झटका दिया है, इसके ऊपर इस परियोजना को लेकर कहा जा रहा है कि इससे जल संकट और ज्यादा गहरा सकता है।

# संसार में किसी के पास अनंत समय नहीं

-स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

**समय** से हटकर कोई निर्णय नहीं हो सकता है। सब कुछ समयबद्ध होता है। संसार में किसी के पास अनंत समय नहीं है। भक्ति के लिए भी समय निकालना होता है। भक्ति सदैव सुख प्रदान करती है और हर व्यक्ति की चाह सुख पाने की होती है। सवाल निष्ठा का है। आपकी निष्ठा जितनी मन,तन कर्म, वचन से मजबूत होगी आपको उतना ही आनंद प्राप्त होगा। अहिरावण ने जब राम लक्ष्मण का अपहरण कर लिया तो हनुमान को छोड़ सभी निराश थे। लेकिन हनुमान की निष्ठा थी उन्होंने अहिरावण से राम-लक्ष्मण को मुक्त कराया। जिसकी चाह होती है जो चाह होती है वही उसे प्राप्त होता है। भक्तों में हनुमान श्रेष्ठ हुये। प्रेम में राधा की तुलना किसी से हो ही नहीं सकती है।

राधा ने पत्नी बनने की चाह नहीं की, रानी बनने की चाह नहीं कि कृष्ण के लिए सब कुछ छोड़ा, यहां तक की कृष्ण को भी छोड़ दिया उन्हें द्धारिका जाने दिया। राधा संग गोपियां वृदांवन में ही रह गयी। दुनिया में आगे और पीछे का आदमी हर क्षेत्र में है। आगे वाले से श्रद्धा और पीछे वाले से प्रेम करना सीखो। नीति कहती है जो चाह रहा है उसे ही दें। भक्ति में धर्य की आवश्यकता है। जाउं कहां तजि शरण तुम्हारे। जैसे कर्त्ता धर बसै, वैसे बसे विदेश। जिसे करना है उसके लिए घर और बाहर कुछ नहीं होता। कोई समस्या समस्या नहीं रह जाती है। भक्ति के लिए कई जन्मों तक प्रयास किये जाते हैं तब मिलती है। भक्त धर्य नहीं खोता है। मृत्यु अगर भयकारी है तो उसके पहले और बाद जीव बैचेन रहता है। लेकिन भक्ति पाने की चाह में मृत्यु के भय से भी उबर जाता है। संसार में किसी चीज की कमी नहीं है आवश्कयता है कि हमें क्या चाहिए यह तय करें। राधा ने परिवार और भक्ति का अनूठा कृत्य प्रस्तुत किया। धर्य क्यों आवश्यक है इस पर उन्होंने कहा कि एक बार दो भक्तों ने समाधि लगाने की सोची। एक इमली के पेड़ के नीचे तो दूसरा पीपल के पेड़ के नीचे बैठा। इसी



बीच नारद मुनि उस ओर से गुजरे। भक्तों ने जानना चाहा कि उनकी समाधि कितने में लग जाएगी। नारद ने कहा पीपल के नीच वाले भक्त से कहा कि जितना इस पीपल में पत्ता है उतने दिन लगेंगे। वह डर गया और उठकर घर भागा। दूसरे को नारद ने यही जबाव दिया उसने कहा चलो यह तो तय है कि मिलेगा चाहे समय कितना भी लगे। समय बीतने पर उसे सफलता हासिल हो गयी।

वर्तमान समय में धर्य की कमी पर स्वामी जी ने कहा कि लेन में चलें। लेकिन कुछ लोग अकबकाये से चलते हैं और सड़क के बजाये खेत में पहुंच जाते हैं। जो नियम है वह जीवन में व्यवहार जगत और भक्ति जगत दोनों पर लागू होता है। जैसे छपरा से चलकर स्वामी परमहंस दयाल ने जो टेरी में भक्ति फैलाया वह आज फिर से छपरा में स्थापित हुआ। इसमें समय लगा। अध्यात्म और भक्ति में निरंतरता बनाये रखना होता है। भक्ति अपनी होती है अपना भाव बनायें। भक्ति को समझने और उसे जानने के लिये गुरु की नितांत आवश्यकता होती है। श्री राम हो या श्री कृष्ण सभी ने गुरु की आज्ञा को सब कुछ मानकर कार्य किया जिसके कारण उनका धर्मएक निष्ठ रहा कर्म सर्वोत्तम रहा।

जीवन में जो कुछ घट रहा है वह आपके प्रारब्ध में ही है। वह होनी है जो प्रबल है। प्रकृतिबद्ध है और इसे बदलने का कोई नियम नहीं है। प्रकृति के नियम को बदला नहीं जाना चाहिए।

(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर शाखा कुटी रांची)

# बढ़ता मानसिक रोग



**मानसिक रोग उपचार में अभूतपूर्व प्रगति, अभी भी मानसिक रोग को माना जाता है कलंक।**

सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं सम्बद्ध पीबीएम चिकित्सालय के मानसिक रोग विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हरफूल सिंह ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य का अर्थ महज शारीरिक रुप से स्वस्थ होना नहीं है बल्कि स्वस्थ व्यक्ति का मस्तिष्क भी स्वस्थ होना चाहिए। मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है। पिछले कुछ वर्षों में मानसिक रोगों के कारणों को समझने और उनके उपचार की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, लेकिन अभी भी मानसिक रोग को कलंक माना जाता है। मानसिक रोगी एवं उनके परिवारजन अपने रोग को पहचानने में पूर्णतया सक्षम नहीं होते है, अगर सक्षम होते भी है तो स्वीकार नहीं करते हैं क्योंकि इन समस्याओं के प्रति ज्यादातर रोगों की जानकारी या तो बहुत ही सीमित है या काफी हद तक गलत या भ्रांतिपूर्ण मानी जाती है।

डॉ. हरफूल के अनुसार मानसिक समस्याओं और मनोरोगों के प्रति जागरुकता और वैज्ञानिक आधार पर सही सोच-समझ होना, इन समस्याओं के समाधान व उपचार में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होगी। कुछ प्रमुख लक्षण जैसे नींद में परेशानी, अकारण चिड़चिड़ापन, अवसाद, आत्महत्या के विचार आना, नशे की आदत, बेवजह शक करना, न चाहते हुए भी अनावश्यक विचारों का बार-बार आना, तेजी से बदलता व्यवहार, बैचेनी, घबराहट, बच्चों में अति चंचलता, लिखने-पढ़ने में परेशानी तथा वृद्धजनों में भूलने की आदत, स्वभाव में बदलाव, दिखाई देने पर मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। देश में बड़ी तेजी से मानिकस रोग फैल रहा है।


# प्रेग्नेंसी में उपवास सोच-समझ कर

शिखर चंद जैन

व्रत और त्योहार हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। अक्सर व्रत करने का महिलाओं पर ज्यादा जोर रहता है। इसमें बुराई भी नहीं, लेकिन प्रेगनेंसी में व्रत आदि करना हो तो बेहतर होगा अपनी चिकित्सक या डाइटीशियन से सलाह ले लें। डाइटिशियन संगीता मिश्र का कहना है कि प्रेगनेंसी में लंबे समय तक बिल्कुल भूखे पेट नहीं रहना चाहिए। फास्टिंग के दौरान पौष्टिक व काबोर्हाइड्रेट युक्त फूड लेना जरूरी है।

**कर्बहाइड्रेट का महत्व समझें**

काबोर्हाइड्रेट दो तरह के होते हैं-स्लो और फास्ट, जो किसी फूड के ग्लाइसेमिक इंडेक्स पर निर्भर करता है। फास्ट कार्ब में हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है जो तेजी से एनर्जी रिलीज करता है और इसका इस्तेमाल भी जल्दी हो जाता है। इसके सेवन से भूख बार-बार लगती है और वजन बढ़ने का जोखिम रहता है। इनमें प्रोसेस्ड फूड जैसे ब्रेड, शुगर, स्टार्च वाली सब्जियां, फ्रूट जूस आदि होते हैं, जबकि स्लो कार्ब का जीआई लो होता है और यह शरीर में धीरे-धीरे एनर्जी रिलीज करता है। इसके



सेवन से लंबे समय तक तृप्ति महसूस होती है, ब्लड शुगर लेवल मेंटेन रहता है। लो कार्ब के लिए व्होल ग्रेन, सीड, नट्स, बीन्स, लेग्युम्स, वेजिटेबल्स आदि का सेवन करना चाहिए। इनमें फाइबर भी समुचित मात्रा में होता है। इनसे वेट गेन का जोखिम नहीं रहता और कैलोरी मेंटेन करने में भी मदद मिलती है।

**फ्लेक्सिबल रहें**

व्रत के दौरान प्रेगनेंट महिलाओं को थोड़ा लचीला रुख रखना चाहिए। पोषण की कमी से न सिर्फ प्रेगनेंट महिलाओं बल्कि सामान्य महिलाओं को भी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जिन प्रेगनेंट महिलाओं को डायबिटीज, एनीमिया हाई बीपी जैसी समस्याएं हो उन्हें फास्टिंग से बचना चाहिए। ध्यान रहे कि अगर फास्टिंग बहुत जरूरी हो तो फल, दूध, मेवे आदि लेते रहने चाहिए।

**भोजन का चयन सावधानी से**

फास्टिंग में आप बार-बार नहीं खातीं इसलिए स्लो कार्ब फूड लेने चाहिए ताकि एक बार खाने के बाद लंबे समय तक भूख न लगे। इन्हें पचने में भी समय लगता है। आप आलू और साबूदाना लें। फाइबर युक्त सब्जियां (पालक, पत्तागोभी, टमाटर, शिमला मिर्च, लौकी आदि) लें। सामक चावल भी व्रत में लिए जाते हैं। इनमें अच्छी मात्रा में फाइबर, विटामिन बी कॉम्पलेक्स, प्रमुख मिनरल्स (आयरन, मैग्नीशियम) आदि होते हैं।

बेहतर होगा कि डीप फ्राई की गई पूरी, साबूदाना बड़ा, आलू के चिप्स या अन्य तेज नमक, चीनी या वसा वाले गरिष्ठ व्यंजन न लें। सूखे मेवे लें जिनमें आपको खूब पोषण मिलेगा। मौसमी फल और सब्जियां लें। पानी पर्याप्त मात्रा में पीएं। अच्छा होगा कि नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी आदि का सेवन करें।

# देश में फेसबुक की नकरात्मक भूमिका और उसका दुष्प्रभाव

अभिषेक कुमार

भारत ने सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक से फेक न्यूज, हिंसा, भड़काऊ और वैमनस्य फैलाने वाली सामग्री को लेकर जवाब मांगा है। केंद्र ने फेसबुक से पूछा है कि कंपनी उसे अपनी अल्गोरिदम और अन्य व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी दे। साथ ही इन्हें रोकने के लिए फेसबुक क्या कर रहा है, उन कदमों के बारे में भी बताया जाए।

**पहले जानें क्या हैं फेसबुक पर आरोप?**

भारत में मौजूदा समय में फेसबुक के 41 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं, जबकि इससे ज्यादा लोग व्हाट्सएप्प इस्तेमाल करते हैं। आंकड़ों के लिहाज से भारत इस कंपनी का सबसे बड़ा मार्केट है। लेकिन कंपनी पर अपने सबसे बड़े बाजार के लिए बेहद कम संसाधन इस्तेमाल करने से लेकर मालूम होने के बावजूद नुकसान पहुंचाने वाले कंटेंट को न हटाने और कुछ मौकों पर ऐसे कंटेंट को प्रमोट करने तक के आरोप लग चुके हैं। ऐसे में अब सरकार ने फेसबुक को कटघरे में खड़ा किया है और उससे अल्गोरिदम की जानकारी मांग ली है।

**कैसे हुआ फेसबुक की गड़बड़ियों का खुलासा?**

फेसबुक को लेकर ताजा विवाद पिछले महीने ही शुरू हुआ है। दरअसल, अमेरिकी अखबार 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' और फेसबुक की पूर्व प्रोडक्ट मैनेजर फ्रांसेस हाउगेन ने हाल ही में कई खुलासे किए हैं। इनमें एक सबसे बड़ा खुलासा यह था कि फेसबुक किस




तरह हमारे स्वभाव को प्रभावित कर इसका वाणिज्यिक फायदा उठाने में जुटा है। फेसबुक से यूजर्स को जोड़े रखने और उनके स्वभाव को प्रभावित करने का यह काम करती हैं प्लेटफॉर्म की अल्गोरिदम और सरकार ने इसे लेकर ही फेसबुक से जानकारी तलब की हैं।

**क्या हैं अल्गोरिदम?**

आम यूजर्स के लिए फेसबुक के खुलासों के साथ ही अल्गोरिदम नकारात्मक शब्द बन चुका है। हालांकि, यह सिर्फ किसी प्रोग्राम को चलाने वाले कंप्यूटर कोड हैं। यानी आपके मोबाइल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज सभी किसी न किसी तरह की अल्गोरिदम पर काम करते हैं, जो उनकी कार्यप्रणाली तय करता है। आसान भाषा में कहें तो यूजर के मोबाइल पर किसी खाना बनाने से जुड़ा कंटेंट रेसिपी एक अल्गोरिदम है। इसी तरह कैलकुलेटर भी अल्गोरिदम है। लेकिन फेसबुक, गूगल या बाकी सोशल मीडिया कंपनी अपने प्लेटफॉर्म के लिए जिस तरह की अल्गोरिदम इस्तेमाल करती हैं, वह इन आसान अल्गोरिदम के मुकाबले काफी जटिल और हाई-क्वालिटी रहती हैं।

**सोशल मीडिया कंपनियों के अल्गोरिदम इस्तेमाल पर चिंता क्यों?**

हालांकि, सोशल मीडिया कंपनियों के मामले में अल्गोरिदम को लेकर चिंता इस बात की है कि वह इनका इस्तेमाल यूजर्स को प्लेटफॉर्म से जोड़े रखने के लिए करती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से कंपनियां अल्गोरिदम को इस तरह डिजाइन करती हैं कि इन्हें इस्तेमाल करने वाले यूजर्स को लगातार उनकी पसंद का कंटेंट मिलता है और वह नियत समय से भी ज्यादा देर तक सोशल मीडिया से जुड़ा रहता है।

उदाहरण के तौर पर सोशल मीडिया पर जो भी कंटेंट हमें गुस्सा दिलाता है या खुशी पैदा करता है, उससे हमारे प्लेटफॉर्म पर रुकने का समय बढ़ जाता है। साथ ही कई यूजर्स कंटेंट पर प्रतिक्रिया देते हैं, जिससे यूजर्स का एंगेजमेंट भी बढ़ता है। अब एआई और मशीन लर्निंग टूल्स के जरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अपनी अल्गोरिदम को इस तरह डिजाइन कर लेते हैं कि वह यूजर को वही चीज दिखाती है, जिसमें उसने पहले रुचि दिखाई।

इन सबका परिणाम यह होता है कि अपनी पसंद का कंटेंट देखने के लिए जितनी ज्यादा देर यूजर सोशल मीडिया पर रुकता है, उसे उतने ही एडवर्टाइजमेंट से गुजरना पड़ता है, जो कि प्रत्यक्ष तौर पर प्लेटफॉर्म के लिए वाणिज्यिक तौर पर जबरदस्त फायदा पहुंचाने वाला सौदा साबित होता है। कंपनियां मुख्य तौर पर इसी आर्थिक फायदे के लिए एआई की मदद से अल्गोरिदम को यूजर्स के हिसाब से प्रभावित करती हैं।

**आर्थिक फायदे के लिए कैसे काम करती हैं अल्गोरिदम?**

फेसबुक कंपनी ने कभी इस बात खुलासा नहीं किया कि उसके अल्गोरिदम कैसे यूजर्स के लिए उनकी न्यूज फीड में पसंद का कंटेंट मुहैया कराते हैं। हालांकि, इस राज का खुलासा हुआ है व्हिसलब्लोअर फ्रांसेस हाउगेन की ओर से मुहैया कराए गए कंपनी के उन दस्तावेजों से जिन्हें उन्होंने फेसबुक छोड़ने से पहले कॉपी कर लिया था।

**जेएन कॉलेज धुर्वा, रांची**

# डार्क चॉकलेट से फायदे

बच्चे हों या बड़े सबको चॉकलेट खाना अच्छी लगती है। वहीं कोई खास मौका हो या अपने प्यार का इजहार करना हो चॉकलेट खास जरिया बनती रही है। चॉकलेट जहां खाने में टेस्टी लगती है, वहीं शरीर के लिए भी यह कई तरह से फायदेमंद होती है। यह ब्लड शुगर लेवल को संतुलित बनाए रखने के साथ ब्रेन फंक्शन में भी सुधार करती है। यही वजह है कि आज यह लोगों की पसंदीदा चीजों में शामिल है।

जानिए डार्क चॉकलेट के सेवन कुछ के अद्भुत फायदे -

१. दिल को बीमारियों से रखती है दूर -

डार्क चॉकलेट हार्ट को कई तरह की बीमारियों से दूर रखने में मददगार होती है। इसमें कार्डियो प्रोटेक्टिव गुण पाया जाता है। ऐसे में हृदय संबंधी रोगों से बचाव में इसका सेवन फायदा देता है।

२. ब्लड शुगर लेवल को संतुलित रखती है -

ब्लड शुगर लेवल संतुलित रहे तो सेहत के लिए बेहतर रहता है। वहीं इसके बढ़ने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। वहीं कई पोषक तत?वों से युक?त डार्क चॉकलेट शरीर में ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन बनाए रखने में मददगार होती है।

३. ब्रेन फंक्शन में करती है सुधार -

एक हेल्थ मैगजीन के रिपोर्ट के मुताबिक डार्क चॉकलेट आपके दिमाग की कार्यप्रणाली को भी बेहतर कर बनाए रखने में मददगार होती है। कई अध्ययनों से पता चला है कि पांच दिनों के लिए उच्च फ्लेवनॉल कोको खाने से मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह में सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त कोको में कैफीन और थियोब्रोमाइन जैसे उत्तेजक पदार्थ होते हैं, जो एक प्रमुख कारण हो सकते हैं कि यह ब्रेन फंक्शन में सुधार कर सकती है।

४. बहुत पौष्टिक होती है -

अगर आप डार्क चॉकलेट खरीदते हैं, तो यह वास्तव में काफी पौष्टिक होती है। इसमें घुलनशील फाइबर की अच्छी मात्रा के साथ भरपूर मात्रा में खनिज भी होते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रेडियोलॉजी टैक्नीशियन के क्षेत्र में बेहतरीन करियर

प्रशांत झा

**मेडिकल** का दायरा सिर्फ डॉक्टर या नर्स तक सीमित नही है, इसमें कई लोग जुड़े होते हैं। उन्हीं में से एक है रेडियोलॉजी टेक्नीशियन। आजकल हर छोटी बड़ी बीमारी का आकलन करने के लिए एक्स रे किया जाता है। यह कार्य रेडियोलॉजिस्ट करते हैं। वर्तमान समय में यह क्षेत्र काफी तेजी से उभर रहा है। करिअर बनाने के लिए इस क्षेत्र में बेहतरीन संभावनाएं हैं। रेडियोलॉजिस्ट शरीर के विभिन्न अंगों का एक्स रे करते हैं। एक्स रे करते वक्त मरीज तथा आस पास के लोगों पर रेडियोएक्टिव किरणों का साइड इफेक्ट न हो, इस बात की निगरानी भी रखते हैं। इसके अलावा वे रेडियोग्राफिक उपकरणों की देखभाल तथा रोगियों के रिकॉड्र्स भी मेंटेन करते हैं। एक सफल और कुशल रेडियोलॉजिस्ट के लिए चिकित्सा और साथ ही तकनीकी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त होना चाहिए। कुशल कंप्यूटर कौशल, सकारात्मक द्दष्टिकोण, सर्मपण के साथ सेवाभाव, बेहतरीन और धाराप्रवाह संचार कौशल का ज्ञान होना जरूरी है।

**कोर्स, योग्यता एवं अवसर**

रेडियोलॉजी टेक्नीशियन बनने के लिए कई तरह के कोर्स उपलब्धय हैं इसमें सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर डिप्लोकमा, डिग्री और मास्टर्स तक के कोर्स उपलब्ध हैं। जैसे बैचलर ऑफ रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी (3 वर्ष), बीएससी इन मेडिकल रेडियोलॉजी (3 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल रेडियोलॉजी (1 वर्ष), डिप्लोमा इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी (2 वर्ष) पीजी डिप्लोमा इन रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक (1 वर्ष) आदि। कोर्स करने के लिए फिजिक्स, केमेस्ट्री व

करियर



बॉयोलॉजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना जरूरी है। यदि आप साइंस विषयों में स्नातक हैं तो पीजी डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं गौरतलब है कि इसमें प्रवेश मुख्यतः बारहवीं पास अंकों के आधार पर ही होता है, लेकिन कुछ संस्थान एंट्रेंस टेस्ट व इंटरव्यू के आधार पर भी चयन करते हैं।

बीर टिकेंद्रजीत यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रोफेसर बीएन मिश्रा के मुताबिक इस क्षेत्र में एक स्नातक ऐसे रेडियोग्राफर, रेडियोलाजिक प्रौद्योगिकीविदों, वैज्ञानिक प्रयोगशाला सहायक, क्लीनिक सहायक, एक्स-रे तकनीशियन, अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञों के रूप में काम कर सकते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे विकास के साथ ही रेडियोलॉजी के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं पैदा हुई हैं। रेडियो इमेजिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पेशेवरों की भारी कमी है। डॉक्टर पूरी तरह से इमेजिंग विशेषज्ञों पर निर्भर रहते हैं। दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल अरुणा सिंह के मुताबिक यह करिअर लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए उपयुक्त है। कोर्स के दौरान छात्रों को शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान, विकिरण भौतिकी, इमेजिंग भौतिकी और रेडियोग्राफिक स्थिति के बारे में जानकारी दी जाती है। सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में काफी संभावना है। रेडियोलॉजिस्ट बनने के बाद आप किसी भी नर्सिंग होम्स, अस्पताल, डाइग्नॉस्टिक सेंटर, अत्याधुनिक अस्पताल या फिर खुद का काम शुरू कर सकते हैं। भारत में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन की शुरूआती सैलरी 8 से 10 हजार रुपये प्रतिमाह होती है। वहीं एक अनुभवी व प्रशिक्षित रेडियोलॉजिस्ट 15 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह प्राप्त कर सकता है। विदेशों में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन की अधिक मांग है। अमेरिकन सोसाइटी ऑफ रेडियोलॉजी के अनुसार रेडियोलॉजिस्ट टेक्नीशियन की जितनी मांग है उतनी पूर्ति नहीं है।

प्रमुख संस्थाहन

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, नयी दिल्ली

दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नयी दिल्ली

बीजे मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद, गुजरात

# चरही में स्कॉर्पियो ने दो युवकों को कुचला, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता


**चरही।** शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो युवकों को कुचला और दोनों की मौत हो गयी। यह हादसा चरही थाना क्षेत्र के चरही-घाटो मार्ग पर रात 9:15 बजे के करीब हुआ। राजू और करण सड़क किनारे टहलते हुए बातचीत में मशगूल थे, तभी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर तक घसीटते चले गए। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस और एंबुलेंस को बुलाया, लेकिन जब तक दोनों को हजारीबाग अस्पताल पहुंचाया जाता, तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर जंगल में आग की तरह फैली और गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर



लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन न तो गति पर लगाम लगी और न ही कोई ठोस सुरक्षा उपाय किए गए। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयान के आधार पर फरार स्कॉर्पियो चालक की तलाश में जुट गई है।

## दनुआ घाटी में सड़क हादसा, औरंगाबाद के अशोक सिंह समेत कई गंभीर रूप से घायल

**चौपारण।** दनुआ घाटी में शनिवार सुबह सड़क हादसा हुआ। तिलक समारोह के लिए धनबाद से औरंगाबाद जा रहे महिंद्रा पिकअप सहित पांच वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर में दो ट्रक, एक पिकअप, एक ट्रैक्टर और एक बाइक शामिल थे। हादसे में बिहार के औरंगाबाद निवासी अशोक सिंह समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। इस हादसे से एक दिन पहले ही गया निवासी और रांची में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर पंकज सिंह की मौत भी इसी घाटी में सड़क दुर्घटना में हो गई थी। लगातार हो रही घटनाओं के चलते दनुआ घाटी को लोग अब डेथ वैली कहने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो



स्पीड ब्रेकर हैं, न चेतावनी संकेतक और न ही कोई निगरानी तंत्र।जनता ने प्रशासन से माँग की है कि घाटी को हाई रिस्क जोन घोषित कर वहाँ 24गुणा 7 ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाए, स्पीड कंट्रोल सिस्टम, बैरिकेडिंग और संकेतक बोर्ड लगाए जाए।

# बार-बार चुनाव से पैसे की होती है बर्बादी : जायसवाल

## विनोबा भावे विवि में वन नेशन, वन इलेक्शन पर गोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में शनिवार को ₹वन नेशन, वन इलेक्शन₹ विषयक संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने इसे जनांदोलन बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था प्रत्येक नागरिक को प्रभावित करती है।

उन्होंने बताया कि आजादी के बाद 1967 तक देश में एक साथ चुनाव की परंपरा थी, लेकिन अनुच्छेद 356 के दुरुपयोग ने इसे तोड़ दिया। सांसद ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से देश की प्रशासनिक और आर्थिक व्यवस्था पर भारी असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति इस दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव दे




रही है। इस प्रणाली से भ्रष्टाचार, महंगाई और सरकारी कार्यों में बाधा कम होगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से समर्थन मांगा, जिसे लोगों ने एकस्वर में व्यक्त किया। गोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार सिंह ने की और कहा कि यदि भारत विकसित राष्ट्र बनना चाहता है तो उसे यह व्यवस्था अपनानी होगी। कुलसचिव डॉ. सादिक रज्जाक ने कहा कि यह समाज को बांटने वाली ताकतों पर अंकुश लगाएगा और विश्वविद्यालयों के कार्यों में आ रही बाधाएं भी समाप्त होंगी। गोष्ठी में राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि, भाजपा नेता, पत्रकार, शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बरकट्ठा में वज्रपात से एक युवक की मौत और दो घायल

**हजारीबाग ।** बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत बेरो कला राणा मोहल्ला तालाब के समीप शनिवार को वज्रपात की घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। तीनों दोस्त तालाब किनारे बैठे हुए थे, तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक सामान्य रूप से घटनास्थल से उठ गया, जबकि तीसरे को गंभीर चोटें आईं, जिसे इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत युवक की पहचान गांव निवासी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मौसम विभाग द्वारा लगातार बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है, ऐसे में लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# न्यू डॉन बास्को एकेडमी के छात्रों को बजरंग दल ने किया सम्मानित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हाल ही में बजरंग दल द्वारा आयोजित मंगला शोभा यात्रा के अवसर पर न्यू डॉन बास्को एकेडमी के छात्रों ने महिला सशक्तिकरण पर एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी थी। बच्चों की इस भावनात्मक प्रस्तुति ने न केवल उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे अन्यायों पर गहरी सोच को भी प्रेरित किया। इस बेहतरीन प्रयास की सराहना करते हुए बजरंग दल ने शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में



रामगढ़ दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका एवं विहिप भुरकुंडा पालक अनामिका श्रीवास्तव, मंगला शोभा यात्रा के अध्यक्ष सोनू कुमार, बजरंग दल भुरकुंडा संयोजक नंद किशोर राम, अजित सिन्हा, सूरज करमाली, अंजू ठाकुर, अभिषेक पटेल और सूरज कुमार सहित कई कई लोग मौजूद थे। प्रधानाचार्य अंगद राय ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन ने समाज में सकारात्मक संदेश देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

## अचलजामू में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू



**विष्णुगढ़।** अचलजामू गांव में श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आरंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यज्ञ मंडप से कलशधारी सिरय स्थित उत्तरवाहिनी जमुनिया नदी से जल भरकर लौटे। इस यात्रा में लगभग 2100 श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल थे। जय वंशीधर, बोल बम, जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो, मुख्य पुजारी रामकिशोर शर्मा, मनोज शास्त्री, दिलीप पांडेय, द्वारिका गोस्वामी समेत अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। स्थानीय मुखिया कलावती देवी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्यता प्रदान की। यह महायज्ञ सनातन परंपरा के अनुरूप धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक बनकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं का केंद्र बना हुआ है।

# हजारीबाग की सड़कों पर फिसलन का खतरा

▶▶ ठेकेदारों की लापरवाही और प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** हजारीबाग इन दिनों मौसम के लिहाज से सुहावना जरूर हो गया है, पर जमीन पर हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। बेमौसमी बारिश ने जहाँ मई में अक्टूबर जैसी ठंडक ला दी है, वहीं ठेकेदारों की मनमानी और अधिकारियों की अनदेखी ने लोगों को मुसीबत में डाल दिया है।

हुटपा से झुमरा तक सड़क किनारे गिराई गई मिट्टी अब कीचड़ बनकर फिसलन पैदा कर रही है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा तेजी से बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मिट्टी हाल ही में सड़क किनारे डाली गई है, और लगातार हो रही बारिश के कारण यह कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। सबसे अधिक खतरा दोपहिया वाहन चालकों



को है, खासकर रात के समय, जब दृश्यता कम होती है और फिसलन जानलेवा साबित हो सकती है। लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि आखिर ऐसे संवेदनशील मौसम में मिट्टी डालने की अनुमति किस अधिकारी ने दी और ठेकेदारों ने बिना मौसम की परवाह किए इस कार्य को क्यों अंजाम दिया? गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से हजारीबाग में लगातार बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। ऐसे में यह कहना भी गलत होगा कि कार्य के समय मौसम ठीक था। स्थानीय समाजसेवियों और नागरिक संगठनों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक किसी बड़ी दुर्घटना की खबर नहीं आती, तब तक जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार आंख मूंदे बैठे रहते हैं। जनता की मांग है कि मिट्टी हटाने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं।सड़क पर चेतावनी बोर्ड और रोशनी की व्यवस्था की जाए। दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों पर कार्रवाई हो। फिलहाल, हजारीबाग की सड़कों पर कीचड़ के साथ-साथ प्रशासनिक लापरवाही भी फैली हुई है और यह लापरवाही, जनता की जान पर भारी पड़ सकती है।

## स्पीड न्यूज

### बाल विद्या मंदिर में कविता प्रतियोगिता



**रामगढ़।** कुजू के आरा कोलियरी स्थित बाल विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को कविता प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी से लेकर दशम वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने एक से बढ़कर एक कविता कर समां बांधा। प्राचार्य रणजीत सिंह ने कहा कि कविता वाचन बच्चों में भावनात्मक विकास करती है, और छात्रों उनकी क्षमता का एहसास कराती है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों में प्रोत्साहन तथा रचनात्मक विकास में सहायक सिद्ध होता है। प्राचार्य ने छात्रों को राष्ट्रकवि दिनकर रचित रश्मिरथी की कुछ पंक्तियां को सुनाया। वरिष्ठ शिक्षिका पष्पिता कुमारी ने कविता वाचन के महत्व को बताया। शिक्षिका सुनीता कुमारी ने रश्मिरथी की पंक्तियां सुनाकर सबका ध्यान आकर्षित किया। मौके पर शिक्षक कामेश्वर प्रसाद, कौलेश्वर महतो, भागीरथ प्रसाद ,बैजनाथ प्रसाद, रीता कुमारी, सविता कुमारी, सोनी गुप्ता, वंदना पांडेय सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### रामगढ़ : कई दुकानों में छापेमारी



**रामगढ़ ।** सिविल सर्जन रामगढ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के निर्देशानुसा शनिवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री ने रामगढ़ ब्लॉक से बस स्टैंड तक छापेमारी। 11 दुकानदारों से 2000 रुपए का आर्थिक दंड वसूला । कई दुकानदारों से उनके दुकान पर लगे अवैध बैनर को निकलवाया। तंबाकू दुकानदारों द्वारा साइनेज लगाया जाना अनिवार्य है नहीं रहने पर 200 रुपए का आर्थिक दंड लिया जाएगा। छापेमारी में तम्बाकू नियंत्रण परामर्शी, फूड सेफ्टी कर्मी एवं रामगढ़ थाना का सहयोग रहा ।

### नामांकन को लेकर जागरूकता रैली



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पंचायत बुध बाजार दोतल्ला में शनिवार को शिक्षा विभाग के रूआर कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा से प्रारंभ होकर रीजनल मोहल्ला, पुराना थाना मोहल्ला, धोबी टोला, बिरसा नगर, आजाद नगर, रोल टोला, नायक टोला और दुंदुवा सहित विभिन्न कॉलोनियों से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने नारे लगाए। इस दौरान आधी रोटी खाएंगे, फिर भी स्कूल जाएंगे, पढ़ी-लिखी माता, भाग्य विधाता, हम भी स्कूल जाएंगे, मम्मी-पापा का नाम बढ़ाएंगे आदि नारों के माध्यम से शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया गया। मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि पंचायत में शिक्षा को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि पंचायत क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए और हम ह्यशत प्रतिशत नामांकन व शून्य ड्रॉपआउट पंचायतह्न का सपना साकार करें। रैली में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, उप मुखिया प्रशांत कुमार, छुवी देवी, ज्योति लकड़ा, रंजू सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

### मजदूर यूनियन व प्रबंधन के बीच वार्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा रेस्ट हाउस में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बैनर तले शनिवार को 12 सूत्री मांगों को लेकर प्रबंधन के साथ बैठक हुई। बैठक में सीसीएल प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रबंधन की ओर से भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, पर्सनल अफसर दिनकर कुमार, सेफ्टी मैनेजर पंकज कुमार सिंह, सिविल विभाग के उपाध्याय अधिकारी सुबेंदु भंडारी और यूनियन की ओर से क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, जीआर भगत, गणेश राम, शाखा सचिव शिव शंकर पांडेय, किशुन नायक, जितेंद्र तिवारी, भीम प्रसाद, सरकार विश्वकर्मा, मनोज करमाली, पंकज, प्रेम, महेश्वरी, रामेश्वर राम, शौकत अली, अब्बारस मियां, बच्चू यादव, शशि रंजन, अमित पांडेय, संतोष चौबे मौजूद थे। बैठक में अस्पताल की सुविधाएं, पेयजल व्यवस्था और अन्य जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रबंधन ने यूनियन की मांगों पर विचार करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है और समाधान का आश्वासन दिया है।

### बच्चों से खिलवाड़ बर्दास्त नहीः मुखिया

**कुजू।** डीएवी पब्लिक स्कूल घाटोटांड ने चैनपुर क्षेत्र के काफी बच्चों को स्कूल में बस देने एवं अच्छी पढ़ाई के नाम पर एडमिशन लिया। लेकिन अब बच्चों के लिए बस एवं पढ़ाई की व्यवस्था खराब हो गया। इससे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। मामले की जानकारी मिलते ही मांडू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह नावाडीह मुखिया संजय प्रसाद ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आवेदन देकर बच्चो को सभी सुविधा देने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि स्कूल प्रबंधन का लापरवाही से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नही किया जायेगा।

### कुजू : बाल बाल बचा बाइक सवार

**रामगढ़।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत गिद्दी हीरक मार्ग पर ओरला मिडिल स्कूल के समीप एक अनियंत्रित एलपी ट्रक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। सौभाग्य से बाइक सवार युवक ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर कुजू पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, एलपी ट्रक को ग्रामीण अपनी देखरेख में रखे हुए हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार लगभग 2 बजे नयामोड़ से गिद्दी की ओर से जा रहा एलपी ट्रक संख्या बीआर29जीए 4766 का चालक तेज गति से ट्रक को लेकर जा रहा था। ज्योंहि ट्रक ओरला मिडिल स्कूल के समीप पहुंचा आगे आगे चल रहे स्पेंलडर प्लस होंडा मोटरसाइकिल पर सवार पिंकू प्रसाद साहू पिता प्रमोद प्रसाद साहू ट्रक की स्थिति को देखकर आनन फानन में मोटरसाइकिल से छलांग लगा दिया। इस घटना में पिंटू घायल हो गया। जबकि मोटरसाइकिल को ट्रक कुचलकर बूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद मोजूद ग्रामीणों ने उक्त ट्रक चालक को पकड़कर कुजू पुलिस के हवाले कर दिया।

## एक नजर में

### प्रदीप प्रसाद ने सुनीं जनता की समस्याएं



हजारीबाग। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शनिवार सुबह 8 बजे विधायक सेवा कार्यालय परिसर में जनसुनवाई में जनता विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे। भूमि विवाद, बिजली आपूर्ति बाधित होने और पेयजल संकट जैसी प्रमुख समस्याएं जनता ने उनके समक्ष रखीं। विधायक ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। जहां विभागीय प्रक्रिया की आवश्यकता थी, वहां संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर शीघ्र कार्रवाई को कहा गया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि अतिक्रमण, जले ट्रांसफार्मर और जलापूर्ति की बिगड़ी व्यवस्था की शिकायतें कीं, जिन्हें विधायक ने प्राथमिकता दी। श्री प्रसाद ने कहा कि आमजन की सेवा ही उनका धर्म है और जनता का विश्वास ही उनकी ताकत। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनका दरवाजा हर नागरिक के लिए हमेशा खुला है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने विधायक को धन्यवाद दिया और उनकी सक्रिय जनभागीदारी की सराहना की। यह जनसुनवाई एक बार फिर दिखाती है कि विधायक प्रदीप प्रसाद जमीनी स्तर पर जनता से जुड़े रहते हैं।

### मनोज यादव ने सड़क का किया शिलान्यास



**बरही।** विधायक मनोज यादव ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 11 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम की शुरूआत बेंदगी मध्य विद्यालय में हुई, जिसके बाद विधायक ने जीटी रोड से विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इनमें लश्करी से आंगनबाड़ी, जरहिया, गड़लाही, दुधपनिया मोड़, माधोपुर, धुरगड़गी मार्ग प्रमुख हैं। साथ ही पदमा क्षेत्र की कई ग्रामीण सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य भी प्रस्तावित हैं। विधायक ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र की विकास रीढ़ होती हैं और इन परियोजनाओं से ग्रामीणों की सुविधाएं बढ़ेंगी व आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा। शिलान्यास समारोह में भाजपा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिनमें किशुन यादव, रमेश ठाकुर, विजय यादव, रंजीत चंद्रवंशी, मोतीलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में नेता और ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### प्रशिक्षु आइपीएस श्रुति को दी गयी विदाई

**इचाक।** थाना में प्रशिक्षण ले रहीं प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी श्रुति को शनिवार को थाना परिसर में भावभीनी विदाई दी गई। वे पिछले ढाई महीने से थाना प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थीं। इस अवधि में उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों का सफलतापूर्वक उद्भेदन किया। पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या के आरोपी को जेल भेजना, डुमरौन में हुए सांप्रदायिक तनाव को नियंत्रित करना, एनएच-33 पर जाम की स्थिति को सुलझाना, ब्राउन शुगर के कारोबारियों पर कार्रवाई करना और होली, ईद, रामनवमी जैसे त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियाँ रहीं। विदाई समारोह में सीओ, बीडीओ, इंस्पेक्टर शाहिद रजा, थाना प्रभारी संतोष सिंह समेत जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने उन्हें अंग वस्त्र, उपहार और फूलमालाओं से सम्मानित किया। प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति ने कहा कि इचाक में प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कई अनुभव प्राप्त किए जो हमेशा यादगार रहेंगे। उन्होंने स्थानीय जनता और पुलिस टीम का सहयोग के लिए आभार जताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नेता, पंचायत प्रतिनिधि, और पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### हजारीबाग में चित्रगुप्त प्रकटोत्सव आयोजित



हजारीबाग। छठ तालाब के श्री चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में बैसाख शुक्ल सप्तमी के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूजा प्रभारी बप्पी करण ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम को विशेष भव्य स्वरूप दिया गया है। आयोजन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना, हवन, प्रसाद वितरण, भंडारा, संध्या आरती और रंगीन आतिशबाजी शामिल हैं। समाज के कई प्रमुख लोग और आयोजन समिति के सदस्य इस आयोजन में उपस्थित हुए। चित्रगुप्त जी को धर्मराज और लेखा-जोखा के देवता माना जाता है। श्रद्धालुओं ने उनकी पूजा कर धर्म, सत्य और न्याय के पथ पर चलने का संकल्प लिया। महाभोज की व्यवस्था में सैकड़ों लोगों के भोजन की तैयारी की गई थी। समिति ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है। बप्पी करण ने सभी श्रद्धालुओं से इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लेने और इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने की अपील की।

### श्री श्री 1008 सूर्य भगवान महायज्ञ शुरू

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ के उत्तरवाहिनी जमुनिया नदी स्थित नवनिर्मित भास्कर धाम में श्री श्री 1008 सूर्य भगवान एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। मंदिर परिसर से निकली इस आकर्षक यात्रा में 2100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। भगवा ध्वज, भक्ति गीत, ढोल-बाजे और जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा करोंज मोड़, हॉस्पिटल चौक, रामुआ देवी मंडप, कसेरा मुहल्ला, बोलियागंज चौक होते हुए जमुनिया नदी घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरकर यज्ञ मंडप लाया गया। यात्रा में विष्णुगढ़, कुसुंभा, चेडरा, नवादा, बेड़ाहरियारा सहित कई गांवों से करीब दस हजार श्रद्धालु शामिल हुए। सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक निर्मल महतो ने लोगों का उत्साह बढ़ाया।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) सम्मेलन का भव्य शुभारंभ किया गया। जिसमें लगभग 30 देशों के छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें निदेशक प्रमोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा, भारत में एक विदेशी दूतावास के प्रोटोकॉल अधिकारी प्रिंस शर्मा और एक्सपीरियंस जापान के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता उपस्थित थे। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। उद्घाटन समारोह में ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, ब्राजील, कनाडा, चीन, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, आयरलैंड, इजराइल, इटली, जापान, लीबिया, नेपाल, न्यूजीलैंड, कतर, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका जैसे देशों के छात्र प्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं कक्षा 12 की अफरीन को महासचिव और कक्षा 10 की रेशांशी जैन को स्पीकर की भूमिका सौंपी गई। इस सम्मेलन का उद्देश्य छात्रों में कूटनीतिक कौशल,




वैश्विक जागरूकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। प्रोटोकल अधिकारी प्रिंस शर्मा ने मडल यूनाइटेड नेशंस के लाभों पर प्रकाश डाला और बताया कि यह मंच छात्रों को विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय मामलों को समझने का अवसर प्रदान करता है। वहीं एक्सपीरियंस जापान के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने भारत और जापान के मधुर संबंधों पर अपने विचार साझा किए। वहीं निदेशक ने संयुक्त राष्ट्र के कार्यों और उसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को वैश्विक नेतृत्व से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के निर्णायक की भूमिका शिक्षिका पायल सिंह एवं सत्येंद्र सिंह ने निभाई। कार्यक्रम का समापन सात मई को होगा। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने सभी अतिथियों, आयोजकों और प्रतिभागी छात्रों का धन्यवाद करते हुए उद्घाटन समारोह का समापन किया और कहा कि मडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन छात्रों के लिए एक अत्यंत लाभकारी अनुभव सिद्ध होगा, जिससे वे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और वैश्विक मुद्दों की समझ गहराई से विकसित कर सकेंगे। जब दुनिया अनेक सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे समय में युवा मस्तिष्कों का इन विषयों पर चर्चा करना और समाधान की दिशा में सोचना अत्यंत महत्वपूर्ण है, एमयूएन का यही उद्देश्य है। छात्रों को वैश्विक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करना और उन्हें यह अनुभव देना कि कैसे विचार-विमर्श, सहमति और सहयोग से समस्याओं का समाधान संभव है।

## एक नजर में

### सबसे बड़ा वह है, जिसके पास ज्ञान, लेकिन उसके साथ प्रेम का रहना भी जरूरी: त्रिदेव

**गोविंदपुर।** गोसाईंडीह गांव में श्रीमद् भागवत कथा करते हुए वृंदावन धाम से आए त्रिदेव शास्त्री महाराज ने कहा कि कोई धन से बड़ा है, कोई उम्र से बड़ा है लेकिन सबसे बड़ा वह है, जिसके पास ज्ञान है। ज्ञान के साथ-साथ प्रेम का रहना जरूरी है, जिस तरह नमक के बिना सब्जी बेकार है, उसी तरह प्रेम के बिना ज्ञान बेकार है । उन्होंने कहा कि गरीब कहते हैं कि धनवान सुखी हैं और धनवान कहते हैं राजा सुखी। राजा कहते हैं कि महाराजा सुखी हैं और महाराजा कहते हैं कि सबसे सुखी इंद्र भगवान है ।उधर भगवान इंद्र कहते हैं कि चतुरानन सुखी हैं और चतुरानन कहते हैं कि सबसे ज्यादा सुखी भगवान विष्णु है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है कि हरि भजन बिन सब जीव दुखारी अर्थात जहां भगवान का भजन नहीं है, वहां सारे लोग दुखी है ।प्रथम दिन उन्होंने भागवत कथा की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा कराने का जो महत्व है, उससे कम महत्व 7 दिनो तक भागवत कथा सुनने में नहीं है। भागवत कथा सुनने से परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है। मुख्य यजमान राजकुमार गिरि ने सभी श्रोताओं का स्वागत किया। कथा प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक हो रही है। कथा 8 मई तक चलेगी।

### आज जिले में कुल 03 परीक्षा केंद्र पर आयोजित होगी नीट की परीक्षा

**गिरिडीह।** रविवार को आयोजित होंने वाली नीट परीक्षा को लेकर शनिवार को समाहरणालय में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने पत्रकारवार्ता आयोजित की। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 03 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्र गिरिडीह जिला मुख्यालय में है। दोपहर 02 से 05 बजे तक परीक्षा संचालित होगी। परीक्षा में कुल 1309 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुल 7 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 03 पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, 03 वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही जिला स्तर पर 01 नोडल ऑफिसर तथा 01 सहायक नोडल ऑफिसर नामित किए गए हैं। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि शांतिपूर्ण, नकल विहीन, पारदर्शिता से परीक्षा को लेकर सुरक्षा के सभी इंतजाम को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है।साथ ही परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति के साथ अभ्यर्थियों के बॉयोमेट्रिक उपस्थिति, पेयजल, सीसीटीवी व बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

### मौका दिए बिना गरीब फुटपाथी दुकानदारों को उजाड़ना गलत : राजेश

**गिरिडीह।** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक' की एक टीम ने आज बेंगाबाद बाजार का दौरा कर वहां कल से चल रही अतिक्रमण के नाम प्रशासनिक कार्रवाई में कई गरीब फुटपाथी दुकानदारों को बिना पर्याप्त मौका दिए उजाड़कर उनकी जीविका को नष्ट करने, कथित रूप से कई दुकानदारों पर बिना नोटिस कार्रवाई करने, एकाध के ऊपर नोटिस पर अमल के बावजूद कार्रवाई कर देने तो एक की रैयती जमीन पर भी अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई करने जैसे कई मामलों का संज्ञान लिया। टीम की अगुवाई कर रहे बेंगाबाद के पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने कहा कि, अतिक्रमण हटना चाहिए लेकिन प्रशासन को मानवीय संवेदनाओं का भी पालन करते हुए पूरी एक प्रक्रिया के तहत! सिर्फ दिखाने के लिए प्रक्रिया कर इस तरह से गरीबों के रोजगार को उजाड़ना ठीक नहीं है। कहा कि, कई गरीब ऐसे हैं जिनके लिए सड़क पर रोजगार करना मजबूरी है। प्रशासन ने उन्हें हटाने से पहले कितना समय दिया या फिर उनके लिए वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था क्यों नहीं की। श्री यादव ने कहा कि, कई लोग बता रहे हैं कि उन्हें कोई नोटिस ही नहीं मिली और अचानक से माइक से अनाउंसमेंट कर यह कार्रवाई की गई है। अंचल कार्यालय द्वारा एक व्यक्ति को दी गई नोटिस में 1 फीट एस्बेस्टस हटाने को कहा गया, जिसे उसने बीती रात हटा भी दिया था। लेकिन नोटिस में ही त्रुटि बताकर उसपर भी कार्रवाई कर दी गई। एक रैयती जमीन पर भी कार्रवाई का आरोप लगाया गया है। इस तरह के मामलों से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। इस अवसर पर पार्टी नेता राजेंद्र मंडल, शिवनंदन यादव, शंभू तुरी सहित स्थानीय प्रवीण राम, छोटू राम, रंजीत राम, सुजीत कुमार बरबिगहिया, अरुण गुप्ता, सुजीत कुमार, सुमन कुमार, लक्ष्मी राम, सुमन गुप्ता, उज्ज्वल राम, वकील राम, राहुल गुप्ता, भुनेश्वर मंडल सहित अन्य थे।

### प्रमुख प्रतिनिधि को पितृ शोक, अंतिम दर्शन को उमड़े लोग

**गिरिडीह।** जमुआ प्रमुख मिष्टू देवी के ससुर एवं प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव के पिता बासुदेव यादव का निधन शनिवार सुबह ह्रदय गति रुक जाने से हो गया।वे65वर्ष के एक सज्जन व्यक्ति थे।वे अपने पीछे चार पुत्र एवं एक भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।उनके निधन की खबर सुनते ही लोग प्रमुख आवास जमुआ प्रखंड के पेटहंडी पहुंचे।अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लग गया।जमुआ के पूर्व विधायक केदार हजरा,धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव,जे एम एम नेता प्रणव वर्मा,भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया,भाकपा माले के जिला सचिव अशोक पासवान,कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी बीस सूत्री के अध्यक्ष मो जुनैद,सदस्य सच्चिदानंद सिंह,युवा नेता अनिल चौधरी,मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जे के एक एम की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता सिंह,पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर द्विवेदी,परमेश्वर यादव,मघा कला के मुखिया अबुजर नोमानी,नवडीहा के पूर्व मुखिया ओमप्रकाश महतो, खरगडीहा के पूर्व मुखिया चीना खान सहित विभिन्न पंचायतों के मुखिया और पंसस पहुंचे। बाजे गाजे के साथ निकली उनकी शव यात्रा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्थानीय श्मशान घाट पर उनकी अंत्येष्टि की गई।शव यात्रा में पूरा जमुआ उमड़ पड़ा। प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने वैदिक रीति रिवाजों और मंत्रोच्चारों के बीच अपने पिता को मुखाग्नि दी।

### एन ई ई टी परीक्षा के सभी सात केन्द्रों पर कड़ी निगरानी

**धनबाद।** आगामी चार मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर पुलिस नें तैयारियां पूरी कर ली है। कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करने के लिए सभी सात परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस केंद्र में ब्रिफिंग आयोजित की गई। इस दौरान सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, डीएसपी मुख्यालय धीरेंद्र नारायण बंका, डीएसपी अर्चना खलको ने पुलिस पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिया।इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, समुचित विद्युत व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर डीएसपी के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के समय पुरुष व महिला सभी परीक्षार्थियों की सघन जांच की जाएगी। परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल व दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संचालन करने तथा विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि तक धारा - 163 बी.एन.एस.एस. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। इस दौरान निषेधित क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ लगाना, अवैध रूप से भ्रमण करना, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी भी प्रकार की गतिविधि एवं वस्तु का उपयोग करने आदि को प्रतिबंधित किया गया है। परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गजेट लेकर जाने की अनुमति नही होगी।

## स्पीड न्यूज

### सवारी वाहन व टेंपू के बीच जोरदार टक्कर, दो घायल

**डोमचांच (कोडरमा)।** महेशपुर-मसमोहना मार्ग स्थित मसमोहना पुल के समीप सवारी वाहन और टेंपू के बीच जोरदार टक्कर हो जाने से दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। वहीं घायल की पहचान किशोर शर्मा डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र के मंधौती महुआ निवासी के रुप की गयी। वहीं गंभीर रुप से घायल को ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया ओआरएस का वितरण

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के विभिन्न क्षेत्रो में लोगो को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से समाज के गरीब निर्धन व असहाय लोगो तथा विभिन्न चौक चौराहे पर जीवन बसर कर रहे आम लोगो के बीच ओआरएस का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि इन दिनों बढ़ रहे भीषण गर्मी के कारण समाज के गरीब निर्धन व असहाय लोगों तथा विभिन्न चौक चौराहे पर जीवन बसर कर रहे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### एक्स्ट्रा एक्टिविटीज क्लाशेज मानसिक विकास में अहम भूमिका : मुंशी



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सीब्रीएसई.नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एप्रिसिएबल पब्लिक स्कूल कटिया परसाबाद में शनिवार को एक्स्ट्रा एक्टिविटीज क्लाशेज का आयोजन किया गया। वहीं निदेशक मुंशी यादव ने बताया कि एक्स्ट्रा एक्टिविटीज क्लाशेज विद्यालय में करवाने से बच्चों का मानसिक विकास तेजी से होता है। एप्रिसिएबल पब्लिक स्कूल में इस तरह की कक्षाएं चलती रहती हैं और खेल-खेल में बच्चों को इंग्लिश स्पोकेन, मैथ्स, साइंस से संबंधित फैक्ट्स, ज्योग्राफिकल फैक्ट्स आदि आसानी से बच्चों को समझाया जाता है।

### संदिग्ध अवस्था में युवती का शव खेत से बरामद

**चतरा।** पत्थलगडा पुलिस ने शनिवार शाम एक अज्ञात युवती के शव को बरामद किया है। शव संदिग्ध अवस्था में सिंघानी के परसोनिया नदी के किनारे एक खेत में मिला है। किसानों ने खेत में जींस और टॉप पहने एक युवती का शव होने की सूचना पुलिस को दी थी। सब इंस्पेक्टर अरविंद राम दलबल के साथ यहां पहुंचे और शव को बरामद किया है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। युवकी का शव पेट के बल पड़ा था। पास में चप्पल, पानी का बोतल और एक प्लास्टिक भी था। पुलिस ने प्लास्टिक की जांच की तो एक पतला सा जैकेट और पर्स मिला। पर्स में कुछ पैसे भी और एक साबुन भी रखा था। शव की शिनाख्त को लेकर पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। यहां शव मिलने की सूचना पर आसपास के काफी संख्या में लोग भी पहुंचे। शव को देखकर हत्या कर सुनसान जगह में फेकने का मामला प्रतीत हो रहा है।

# चलंत लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नावाडीह एक स्थित पंचायत सचिवालय में शनिवार को झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को चलंत लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन पीएलवी महेश्वरी



प्रसाद कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ हुलाश महतो, मुख्य अधिवक्ता डीएलएसए नवल किशोर, मीडियेटर अधिवक्ता भुनेश्वर राणा, पैनल अधिवक्ता राजेस्वर प्रसाद सिंह, स्थानीय मुखिया बैजयंती देवी उपस्थित थे। वहीं मुख्य अतिथियों का स्वागत ग्रामीणों के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। उक्त पदाधिकारियों द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता बाल विवाह, बाल मजदूरी, घरेलू हिंसा, जनकल्याणकारी योजनाओं की समस्या, राशनकार्ड की समस्या समेत कई अन्य प्रकार की जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान पंचायत के कई लोगों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया। वहीं शिविर में नावाडीह पंचायत के नारायण वर्मा और मौलाना फारुख के द्वारा जमीनी सम्बंधित समस्या रखा गया, जहां इन दोनों को उपायुक्त को आवेदन देने को कहा गया। मौके पर एएसआई मदन मोहन शर्मा, पीएलवी मुकेश प्रसाद, विकास रजक, दिवाकर रौशन कुमार, पिंकी कुमारी, मिथिलेश कुमार रवि, नीरज कुमार, पंचायत सचिव योगिता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि बसन्त साव, चंदन कुमार, रामकृष्ण वर्मा समेत दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# डोमचांच में विधायक ने आहर के जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड में शनिवार को विधायक सह प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव ने समुद्री आहर के जीर्णोद्धार के साथ ही अन्य योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं उन्होंने वार्ड नं.13 में श्मशान घाट पर सीढ़ी और शेड निर्माण तथा वार्ड नं.8 में समुद्री आहर के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि लोगों की मांग के अनुरूप इन योजनाओं का कार्य शुरू कराया जा रहा है। आहर के जीर्णोद्धार से पानी का स्तर बढ़ेगा और लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

वहीं उन्होंने विश्वास दिलाया कि लोगों की अपेक्षा के अनुसार सभी कार्य पूरे होंगे। मौके पर मुकेश राम, परमेश्वर यादव, कुलदीप राम, केपी चौधरी, नरेंद्र सिंह, पारिजात सिंह, चुन्नू सिंह, प्रकाश ठाकुर, महेंद्र वर्मा, कारु सिंह, बीरेंद्र कराटे समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

# जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने की। वहीं प्रधान जिला जज ने उपस्थित अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है, वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। वहीं उन्होंने बैंकों के अधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने तथा उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। साथ ही साथ विभिन्न बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर से पक्षकारों को नोटिस करें, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, एलडीएम् निवास कुमार, स्टेट बैंक कोडरमा बाजार के सतीश प्रियदर्शी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के मनीष कुमार पाण्डेय, बैंक ऑफ बडौदा के सुजीत कुमार, इंडियन ओवरसिज बैंक के सौम्य ए. कुजूर, सेंट्रल बैंक अफ इंडिया के एकता कुमारी, इंडियन बैंक के शशि भूषण, पंजाब नेशनल बैंक के अर्जुन रविदास, यूको बैंक के प्रशांत कुमार, जेआरज़ी बैंक कोडरमा के मनीष भारती, एसब्रीआई. के अमर कुमार सिंह, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अमित कुमार अग्रवाल, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह एवं अन्य बैंक के अधिकारी मौजूद थे।

# सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्ति अनिवार्य प्रक्रिया है : डीएसई



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर 8 सेवानिवृत्त शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गयी। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएसई ने कहा कि आपलोगों ने देश के नौनिहालों का भविष्य सवांरने में जो उल्लेखनीय योगदान दिया है, उसे हमेशा याद रखा जाएगा। वैसे तो शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नही होते, बल्कि जीवन के अंतिम क्षण तक अपने ज्ञान से समाज को एक नई दिशा देने का कार्य निरंतर करते रहते हैं, मगर सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्ति एक अनिवार्य प्रक्रिया है, इससे हम सबों को एक न एक दिन अवश्य गुजरना पड़ता है। वहीं उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों रचना कुमारी, रेखा कुमारी, सुधा कुमारी, पूनम कुमारी, बीरेश कुमार, सुनैना कुमारी, मीना कुमारी और जोस्फिल तिर्की को उपहार व सेवानिवृत्ति का लाभ देकर, भावभीनी विदाई दी। मौके पर डीएसई के अलावे बीइओ जगरन्नाथ प्रसाद, कार्यालय कर्मी दिनेश गोप समेत अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## नाली निर्माण नहीं होने के कारण

# घरों का पानी सड़क पर बहाने को मजबूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत जयनगर, परसाबाद, मुसौवा, मकतपुर, गोहाल, तेतरौन, पिपचो, गरगी, बाघमारा, अंबाडीह, पांडू, बेको, करमाटांड सहित प्रखंड के विभिन्न इलाकों में नाली नहीं रहने के कारण घरों एवं बरसात का पानी सड़क पर बहता रहता है, जिस कारण आने जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बता दें की हल्की बारिश में भी प्रखंड के विभिन्न इलाकों के सड़क तालाब में तब्दील हो जाता हैं। ज्ञात हो कि जयनगर प्रखंड में कुल 23 पंचायत हैं, इन सभी पंचायत में नाली का निर्माण नहीं होने के कारण लोग अपने-अपने



घरों का पानी सड़क पर बहाने पर मजबूर हैं। वहीं लोगों ने बताया कि नाली निर्माण करवाने को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रखंड प्रशासन को भी अवगत करवाया गया, मगर आज तक ना तो किसी भी जनप्रतिनिधि, ना तो किसी प्रखंड प्रशासन द्वारा इस पर ध्यान दिया गया, जिस कारण आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। वहीं लोगों ने कहा है कि प्रखंड में जो भी नाली निर्माण करवाया गया था, वह भी पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है, जिससे घरों का पानी सड़क पर बहता है। वहीं लोगों ने जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रखंड प्रशासन से अति शीघ्र नाली निर्माण करवाने की मांग की है। मांग करने वालों में विकास कुमार यादव, सिकंदर यादव, संजय पासवान, सूरज सिंह, विजय पासवान, सिकंदर पासवान, उमेश यादव, बशीर अंसारी, सोनू दास सहित कई लोग शामिल हैं।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के आंतरिक गुणवता आश्वाशन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी द्वारा खिलाड़ियों का परिचय कर एवं राष्ट्रीय गान से किया गया। वहीं बालिका वर्ग फुटबॉल मैच राधाकृष्णन सदन एवं विवेकानंद सदन के बीच खेला गया, जिसमें विवेकानंद सदन ने मैच को 1-0 से जीता तथा बालक वर्ग फुटबॉल मैच रूसो सदन एवं अरस्तू सदन में अरस्तू सदन ने 2-0 मैच जीता। वहीं बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता राधाकृष्णन सदन एवं विवेकानंद सदन के बीच हुई, जिसमें राधाकृष्णन सदन 12-11 से प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की तथा बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता रूसो सदन एवं अरस्तू सदन के बीच खेला गया, जिसको रूसो सदन ने 28-15 से जीत लिया। वहीं बालक वर्ग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का फाइनल मैच रोहित कुमार रोशन और अमित कुमार के बीच खेला गया, जिसमें अमित कुमार ने विजय प्राप्त की एवं बालिका वर्ग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का फाइनल मैच रवीना कुमारी और दीपनाथ के बीच खेला गया, जिसमें दीपनाथ ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं




बालिका वर्ग फुटबॉल मैच में विवेकानंद सदन की कप्तान श्रृष्टि कुमारी, राधाकृष्णन सदन की कप्तान लक्ष्मी कुमारी, बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता के विवेकानंद सदन की कप्तान दीपा नाथ एवं राधाकृष्णन सदन के कप्तान तमन्ना प्रवीण, बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के अरस्तू सदन के कप्तान कुणाल कुमार, रूसो सदन के कप्तान रवि प्रसाद, बालक कबड्डी प्रतियोगिता के रूसो सदन के कप्तान बलराम यादव एवं अरस्तू सदन के कप्तान रोहित कुमार रौशन ने अपने टीम का कुशल नेतृत्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने कहा कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाना तथा उनके अंतर्निहित विविध कौशलों को उजागर कर खेलकूद के प्रति निरंतर अग्रसर करना एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देना है। मौके पर डॉ. मृदुला भगत, सभी सहायक प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के सभी सदस्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### तेलंगाना सुरंग हादसे में फंसे मजदूरों के परिजनों को डीसी ने दिया चेक



गुमला। सीएम के निर्देश पर श्रम विभाग, झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन गुमला ने तेलंगाना सरकार एवं नागरकुरनूल प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए शनिवार को तेलंगाना राज्य से आए हुए प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं डीसी कर्ण सत्यार्थी द्वारा तेलंगाना के नागरकुरनुल जिले के एसएलबीसी सुरंग हादसे में फंसे गुमला जिला के चारों मजदूरों के परिजनों को समाहरणालय सभागार में पच्चीस-पच्चीस लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान डीसी ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि बचाव दल द्वारा रेस्क्यू अभियान जारी है। उन्होंने परिजनों को बताया कि सीएम हेमन्त सोरेन लगातार परिजनों का हाल-समाचार ले रहे हैं तथा पदाधिकारियों को हर संभव प्रयास के लिए दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इस मौके पर श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज भी वहां उपस्थित थे।

### शांति महिला वेलफेयर फाउंडेशन की बैठक



गुमला। शांति महिला वेलफेयर फाउंडेशन जारी के सदस्यों की बैठक शनिवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के संस्थापिका शांति लकड़ा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में असंगठित कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्रीय सदस्य उपस्थित थे। मौके पर शांति लकड़ा ने कहा संस्था से जुड़कर सैकड़ो महिलाएं और लड़कियां सैनिटरी पैड बनाकर लोगों को जागरुक कर रही है। संस्थान द्वारा सस्ते दाम में प्लास्टिक रहित सेनेटरी पैड का बेहतर प्रोडक्ट बनाती है। जिससे महिलाओं को होने वाली कई बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। मौके पर मुख्य अतिथि मुख्तार आलम ने कहा सेनेटरी पैड बनाने हेतु मैं हर संभव संस्थान का सहयोग करूंगा और सरकार की ओर से मदद दिलाने का प्रयास भी करूंगा ताकि महिलाएं और बेहतर कार्य कर सके। मौके पर से विलियम लुगुन, बलका भगत, नगर अध्यक्ष इनायत शाह मौजूद थे।

### स्कूल रूआर 2025 के तहत बसिया में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



बसिया। झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में स्कूल रूआर 2025 अभियान के तहत शनिवार को बसिया प्रखंड कार्यालय सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उदघाटन बीडीओ सुप्रिया भगत ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पांच साल से अधिक उम्र के सभी बच्चों का नामांकन स्कूलों में सुनिश्चित कराने को लेकर यह अभियान 10 मई तक चलेगा। इस अवधि के अंदर स्कूल से लेकर प्रखंड तक विभाग की ओर से दिए गये कार्यक्रम को सजगता के साथ चलाना है। स्कूल से बाहर रह गये या बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों का नामांकन स्कूलों में कराना सुनिश्चित करें। कार्यशाला में बीपीओ अनुपम कुमार, अरुण कुमार, संजय कंसारी, शशिकांत साहू, फ्रांसिस्का इंदवार, बिरेन साहू, कृष्णा साहू, प्रदीप सिंह आदि शामिल थे।

### सर्वधर्व सदभावना मंच ने पहलगाम के दोषियों पर की कठोर कार्रवाई की मांग



गुमला। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी घटना की निंदा करते हुए सर्वधर्म सदभावना मंच गुमला के सदस्यों ने शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। सर्वधर्म सदभावना मंच के सदस्यों ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों के द्वारा अमानवीय और निर्मम हिंसा से भारतवासियों के अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। घटना आतंकवाद की बर्बरता और कायरता का जीवंत प्रमाण है। इस शर्मनाक व दुखद और अक्षम्य घटना की सर्वधर्व सदभावना मंच गुमला कठोर निंदा करती है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में निर्दोष स्वर्गवासी पर्यटकों के प्रति श्रद्धांजल अर्पित करती है। मंच भारत सरकार से मांग करती है कि घटना में संलिप्त आतंकियों को कठोर से कठोर सजा दिया जाए। क्योंकि घटना देश के 140 करोड भारतीयों के अंतरात्मा पर हमला है। इस अवसर पर फादर खीस्तोफर लकड़ा, मुरली मनोहर प्रसाद, रंजीत सिंह, मो खालिद पप्पु श्रीवास्तव, अकील रहमान, अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### लोहरदगा शंख नदी पुल के पास सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

लोहरदगा। शहर में शनिवार शाम को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। शंख नदी पुल के पास ऑटो और स्कूटी के बीच आमने-सामने की टक्कर में स्कूटी सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, वही दो लोग घायल है। जानकारी अनुसार दुर्घटना के बाद तुरंत गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल युवक को आनन-फानन में लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद युवक को नहीं बचाया जा सका। मृतक की पहचान स्व राजकुमार लकड़ा के 19 वर्षीय पुत्र, विकास लकड़ा के रूप में हुई है। युवक की मौत की पुष्टि अस्पताल में मौजूद डॉ आरपी साहू ने की। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा काफी तेज रफ्तार में हुई टक्कर के कारण हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शंख नदी पुल के पास ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूत किया जाए और वहां पर गति नियंत्रण के उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## जोहार रागी, कस्तूरी मक्का बनी जिले की पहचान : डीसी गुमला

### महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर : कर्ण सत्यार्थी



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिले में महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को नई उड़ान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में उज्जना बिज्जना योजना अंतर्गत एक विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन महिला उद्यमियों एवं ग्रामीण उत्पादकों को एक सशक्त कारोबारी पहचान दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जोहार रागी, कस्तूरी मक्का, सुपरनोवा सेनेटरी पैड, अंडा उत्पाद, पोल्ट्री मीट, सरसों तेल जैसे उत्पाद न केवल जिले की पहचान बनते जा रहे हैं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई इबारत भी लिख रहे हैं। इन उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने के लिए सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं। डीसी की पहल से जोहार रागी के विभिन्न उत्पाद अब फ्लिपकार्ट, एमोजोन बिलिंकिट एवं अपना मार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हैं। जिससे इनकी पहुंच राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ताओं तक सुनिश्चित हो सके। जोहार रागी, कस्तूरी मक्का का अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ट्रांसपोर्ट हेतु जितने भी आवश्यक सर्टिफिकेट जैसे आईएसओ एवं जीएसटी आदि को जल्द से जल्द करा लें और 25 मई तक जोहार रागी का ट्रांसपोर्ट सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि सुपरनोवा सेनेटरी पैड की बिक्री हेतु सभी मेडिकल दुकान एवं सखी मंडल की दीदियों को बिक्री को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जाए। उपायुक्त ने ई-कॉमर्स बिजनेस को और अधिक प्रभावी तरीके से विकसित करने पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गुमला जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित लगभग 30 व्यवसाय, जिनका संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है तथा जिन एफपीओ ने बेहतर कार्य किया है, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विस्तारीकरण की दिशा में ठोस योजनाओं पर विमर्श हुआ। बैठक में संबंधित पदाधिकारी, अविनाश पाठक, प्रदान प्रतिनिधि, रागी मिशन एवं पोल्ट्री कॉपरेटीव के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ई-जनशिकायत निवारण दिवस पर पालकोट व रायडीह प्रखंड के नागरिकों ने रखी समस्या

### ऑनलाइन जुड़कर डीसी ने सुनी समस्या, समाधान का दिया अश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने ई-जनशिकायत कार्यक्रम के तहत शनिवार को पालकोट एवं रायडीह प्रखंड के नागरिकों की ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर समस्याएं सुनी। कार्यक्रम में पालकोट एवं रायडीह प्रखंड से लगभग 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में जमीन ऑनलाइन करने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, आधार कार्ड में नाम सुधार करने, पेयजल समस्या, पेंशन, मंईया योजना की राशि एवं अन्य योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। डीसी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित बीडीओ को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य रूप से मंईया सम्मान योजना की राशि के संबन्ध में कई ग्रामीण महिलाओं ने भीसी के माध्यम से समस्याओं को रखा। इस समस्या के सम्बन्ध में डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। इसके अलावा भी कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित बीडीओ के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया। डीसी ने अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। 10 मई को घाघरा एवं बिशुनपुर प्रखंड के लोगों की समस्या सुनी जाएगी।

## गुमला : दिव्यांग बच्चों के पढ़ाई के नाम पर महिला से बीस हजार रुपये की ठगी

### पीड़ित महिला ने घाघरा थाना में की लिखित शिकायत



खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। अपने तीन दिव्यांग बच्चे (आंखों से नेत्रहीन) के उज्जवल भविष्य का संपना संजोये घाघरा थाना क्षेत्र के तुरियाडीह ग्राम निवासी महिला सुमंती उरांव प्रलोभन में आकर ठगी की शिकार हो गई। घाघरा की ही एक महिला ने उसके तीनों दिव्यांग बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के नाम पर बीस हजार रूपये ठगी कर लिया और बाद में बच्चों की सुध भी नहीं लिया। सुमंती उरांव ने मामले को लेकर घाघरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। सुमंती उरांव ने कहा कि वह एक गरीब परिवार से है। पूर्व में वह ईट भट्ठा में कमाने जौनपुर गई थी। ईंट भट्ठा से कमाने के बाद वह घर आई और 15 दिन पूर्व अपने पुत्र के आधार कार्ड अपडेट करने घाघरा गई थी। उस वक्त नवाडीह निवासी श्रीमति देवी से घाघरा में मुलाकात हुआ और मेरा हाल-चाल लेने लगी और मेरे से मोबाइल नंबर मांग कर अपने मोबाइल से नंबर डायल किया। इसके बाद लगभग 10 दिन बाद रात 10 बजे मेरे घर तुरियाडीह पहुंची। उस वक्त तीन महिला एवं दो पुरुष साथ में थे। वह लोग मेरे तीन पुत्र जो आंख से दिव्यांग है। उसे पढ़ाई लिखाई कराने हेतु सामग्री देने बोलकर 20 हजार रुपए जबरदस्ती कर ले लिया। लगभग 15 दिन बीत जाने के बाद श्रीमती देवी का मोबाइल नंबर पर कॉल करके पूछने पर धमकी भरा शब्दों में कहा गया जो करना है कर लो पैसा नहीं मिलेगा। मैंने कहा कि मेरे दिव्यांग बड़े पुत्र का हाथ भी टूट गया है। दवा कराने के लिए हमें पैसे की जरूरत है, लेकिन भी पैसे नहीं दिया। तब मेरे घर में रखे बैल को बेचकर पुत्र का इलाज कराई।

### देश में जातिगत जनगणना को समयबद्ध किया जाए : विजय सिंह

: जनगणना में आर्थिक, शैक्षिक व सरकारी नौकरी में प्रतिनिधित्व के कॉलम को बढ़ाया जाए

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने भारत सरकार की कैबिनेट द्वारा सामान्य जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराये जाने के फैसले को सही कदम बताया है। साथ ही सरकार द्वारा इस कार्य को समयबद्ध करने मांग की है, ताकि महिला आरक्षण कानून जैसे फैसले की तरह यह भी लटका ना रहे। झारखंड नवनिर्माण दल की केंद्रीय समिति ने कहा है कि जनगणना प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर की जाती थी, लेकिन 2021 में कोरोना महामारी के कारण सामान्य जनगणना टल गई थी। इसके चलते राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है। अभी तक जनगणना कराने की तारीख का भी ऐलान नहीं हुआ है। इसलिए केंद्र सरकार को इसकी तारीख का ऐलान करना चाहिए। श्री सिंह ने यह भी कहा है कि इस जनगणना में सभी जातियों की आर्थिक, शैक्षिक और सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व के विवरण हेतु कालम भी बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि किस जाति की कितनी हिस्सेदारी है और इसके आधार पर आने वाले समय में आर्थिक,

### न्यायमूर्ति झारखण्ड उच्च न्यायालय अनुभा रावत चौधरी ने विधिक जागरूकता शिविर में कहा

## लोहरदगा जिला को मिला न्याय भवन

>> सिविल कोर्ट परिसर, लोहरदगा में आयोजित हुआ शिविर, मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं





खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा विधिक जागरूकता-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा में किया गया। शिविर का शुभारंभ न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी, न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय-सह-प्रशासनिक न्यायाधीश, लोहरदगा न्यायमण्डल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इससे पूर्व न्यायमूर्ति द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में नये न्यायालय भवन का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति ने संबोधित करते हुए कहा कि आज लोहरदगा जिला के महत्वपूर्ण दिन है। आज लोहरदगा जिला को नया न्यायालय भवन मिला है। वहीं दूसरी ओर इस कार्यक्रम में आमजनों को डालसा और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधिक जागरूकता और सशक्तिकरण शिविर का लाभ मिल रहा है। आज लोहरदगा जिला को जो नया न्यायालय भवन मिला है, आशा है कि यहां हमेशा न्याय का दीप जलता रहेगा। न्यायिक उद्देश्यों की पूर्ति होती रहे। अभी 12 न्याय भवन में से आठ पूर्ण हो चुके और अन्य चार न्याय भवनों का कार्य प्रगति पर है। भवन प्रमण्डल, लोहरदगा जल्दी इसे पूरा करे। न्याय भवन में न्यायिक पदाधिकारियों और आम जनता को काफी सुविधाएं मिलेंगी।

### सिविल मामलों का निष्पादन करें

न्यायमूर्ति अनुभा रावत ने कहा कि लोहरदगा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा जानकारी दी गई कि जिला में सिविल वाद के दो हजार से भी अधिक मामले न्यायालय में लंबित हैं। जिला में न्यायाधीश की कमी है लेकिन उस कमी को भी दूर करने की पहल की जाएगी। इस संबंध में लोहरदगा जिला बार एसोसिएशन एक प्रस्ताव बना कर दे ताकि उस प्रस्ताव को मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय के समक्ष रखा जा सके। जो भी न्यायाधीश यहां प्रभार में हैं वे लंबित मामलों का निष्पादन करें।

## सिसई : कोढा गैंग के दो अपराधी गिरफ्तार

>> सिसई पुलिस ने डाल्टेनगंज से अपराधियों को पकड़ा, भेजा जेल



गिरफ्तार अपराधियों के साथ इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

सिसई। सिसई थाना पुलिस ने बैंक से पैसा निकालने वाले से पैसा छीन लेने वाले अंतरराष्ट्रीय कोढा गैंग के दो अपराधियों को डाल्टनगंज पलामू से गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। गिरफ्तार अपराधी का नाम रितु पासवान ऊर्फ पितु कुमार और सोनू कुमार यादव बिहार राज्य के कटिहार जिले की कोढा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए इंस्पेक्टर विनय कुमार ने बताया कि इन अपराधियों के द्वारा 24 मार्च को एक महिला की स्कूटी के डिक्की से एक लाख रूपया 24 अप्रैल को दूसरी महिला से सिसई बाजार में सब्जी खरीदने के क्रम में एक लाख और एक वृद्धा पुरुष से सतर हजार रुपया थैली सहित छीन लिया था। इन गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक काला रंग के हैंडबैग, मोबाइल, बाइक जिस पर फर्जी रजिस्टर नंबर लिखा हुआ बैग जिसमें एसबीआई का पासबुक 11500 बरामद किया है। छापामारी में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, पुअनि प्रमोद कुमार, पुअनि अजय कुमार, पुअनि शुभम कुमार रवि का नाम शामिल है।

### कुरैश फ्यूल सेंटर के लकी उपभोक्ता हुए पुरस्कृत



लोहरदगा। लोहरदगा किस्को मुख्य पथ पर ओयना टोंगरी के निकट स्थित कुरैश फ्यूल सेंटर के संचालक हाजी अफसर कुरैशी के द्वारा रविवार को उनके पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने वाले उपभोक्ताओं को जिन्हें भारत पेट्रोलियम के द्वारा हुए लकी ड्रा में विजेता घोषित किया गया था उन उपभोक्ताओं को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कुरैश फ्यूल सेंटर के संचालक हाजी अफसर कुरैशी ने बताया कि भारत पेट्रोलियम की ओर से फ्यूल्लिंग का महाउत्सव लॉटरी स्कीम दीवाली 2024 (22 सितम्बर से 15 नवंबर 2024 तक) में चलाया गया था जिसके तहत बाइक में कम से कम 200 का पेट्रोल और कार में 1000 का पेट्रोल लेने वाले उपभोक्ता इस लॉटरी स्कीम में भाग ले सकते थे, इसकी लॉटरी कंपनी द्वारा कराया गया जिसमें कुरैश फ्यूल सेंटर से तेल भरवाने वाले 11 उपभोक्ता लकी ड्रा में विजेता घोषित हुए। जिसमें शांति कुमारी, सुनील राम, रॉबिन कुजूर, गुलाम अंसारी, सुनील तूरी, विक्की, जुल्फिकार अंसारी, मो बबलू, परवेज अंसारी, लक्ष्मण उरांव, रूबी देवी आदि शामिल है। सभी को कुरैश फ्यूल सेंटर के संचालक हाजी अफसर कुरैशी ने पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। मो नाहिद, सहकर्मी रामप्रसाद साहू, प्रमोद उरांव, मिथलेश कुमार एवं अन्य मौजूद थे।

### सर्वसम्मति से राजकुमार बने सढ़ाबे के ग्राम प्रधान



कैरो। प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत भवन में शनिवार के ग्राम प्रधान चुनाव को लेकर ग्राम सभा का आयोजन मुखिया सुमित्रा उरांव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों के बीच ग्राम प्रधान की चुनाव को लेकर चर्चा परिचर्चा के बाद उम्मीदवारी के लिए आमंत्रित किया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पूर्व ग्राम प्रधान स्व शनिया उरांव के पुत्र राजकुमार उरांव को नए ग्राम प्रधान के रूप में चयन किया गया। विदित हो कि पूर्व ग्राम प्रधान शनिया उरांव का निधन होने के बाद ग्राम प्रधान का स्थान खाली हो गया था। जिसके बाद अंचल कार्यालय द्वारा नए ग्राम प्रधान चयन को लेकर ग्राम सभा आयोजित किया गया। चुनाव को सम्पन्न बनाने के लिए अंचल कार्यालय द्वारा हल्का कर्मचारी बिनेश्वर भगत उपस्थित हुए। ग्राम सभ में मुखिया सुमित्रा उरांव, उप मुखिया जगबन्धन भगत, पंचायत सचिव जग्गू भगत, वार्ड सदस्य आशा उरांव, सोमनाथ महली, राम उरांव, जोगेंद्र उरांव, चंद्रदेव भगत, विश्वनाथ उरांव, बहुरा उरांव, सुखदेव महतो, दुलिया उरांव, सुकरी उरांव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### संविधान बचाओ महारैली को लेकर जिला संचालन कमेटी का हुआ गठन

लोहरदगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 6 मई को रांची स्थित पुराना विधानसभा मैदान में राज्य स्तरीय संविधान बचाओ महारैली एवं10 मई को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा समाहरणालय मैदान में संविधान बचाओ रैली निर्धारित है। इन दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के द्वारा एक संचालन कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला उपाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे और महासचिव प्रदेश सेवा दल प्रदीप विश्वकर्मा को रखा गया है।

## बाल संसद का चुनाव, विद्यालय में लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रयास: मधुमिता



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती योजना अनुसार बाल संसद का चुनाव पूरी लोकतांत्रिक विधि से किया गया। बाल संसद विद्यालय के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक विधि से बाल संसद का गठन किया जाना चाहिए। भैया- बहनों में नेतृत्व क्षमता का विकास होने से भविष्य में उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। प्रभारी मधुमिता शर्मा ने कहा कि बाल संसद चुनाव विद्यालय में लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास की प्रकिया का प्रयास करती है। विद्यालय के माध्यम से भैया-बहन आने वाले भविष्य में चुनावी पद्धति को सीख सकते हैं। मौके पर पीठासीन अधिकारी जया मिश्रा, सामग्री कोषांग श्वेता संदेश, विकास भारती। कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया-बहनों ने काफी उत्सुकता के साथ चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया। इस चुनावी प्रक्रिया में पोलिंग ऑफिसर एवं पीठासीन अधिकारी द्वारा चुनाव संपन्न होने के उपरांत विद्यालय प्रबंधन की उपस्थिति में मतगणना कार्य प्रारंभ हुआ।

## प्रखंड क्षेत्र की योजनाओं को लेकर जिप सदस्य ने दिशा की बैठक में उठाया आवाज



खबर मन्त्र संवाददाता

कैरो। कैरो प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव ने अपने कार्यक्षेत्र में क्षेत्र भ्रमण के क्रम में ग्रामीणों द्वारा मिली अलग अलग समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए पिछले दिनों सांसद सुखदेव भगत की मौजूदगी में हुई दिशा की बैठक में कई अहम योजनाओं को उठाते हुए इसपर जल्द से जल्द योजना प्रारम्भ करने को लेकर जोरदार तरीके से आवाज को उठाया। जिसमें खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित मेला स्थल को सौंदर्यीकरण करते हुए पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का मुद्दा अहम रहा। साथ ही खरता से मेलानी तक सड़क निर्माण जो करीब 40 वर्षो पहले बना था जिसकी उपयोगिता बहुत गांव के लिए जरूरी है किंतु निर्माण नहीं हो सका है, खरता से चाल्हो तक सड़क निर्माण, हुदु, गुड़ी, बंडा, कैरो, पीसीसी सड़क निर्माण एवं अलग अलग योजनाओं को लेकर सुखदेव ने आवाज उठाया।

## बाबा साहब को कांग्रेस ने हाशिये पर रखा : भाजपा



अभियान में शामिल भाजपा नेता।

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। शनिवार को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें समर्पित सम्मान के भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत लोहरदगा में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर नगर समेत शहर के अन्य इलाकों में घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद किया और डॉ.अंबेडकर के सम्मान एवं विरासत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष बालकृष्ण सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान लोगों को बताया गया कि देश के संविधान निर्माता डॉअंबेडकर को लंबे समय तक वह मान-सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार थे। उन्होंने बताया कि डॉ अंबेडकर को भारत रत्न देने का ऐतिहासिक निर्णय उस समय लिया गया जब देश में भाजपा समर्थित वी पी सिंह की सरकार सत्ता में थी।

इसके पहले कांग्रेस सरकारों ने दशकों तक उनके योगदान की अनदेखी कर उनकी भावनाओं का अपमान किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि संसद भवन में डॉ अंबेडकर का चित्र लगाने के प्रस्ताव को कांग्रेस ने यह कहकर अस्वीकार किया था कि संसद में जगह नहीं है यह स्थिति डॉ अंबेडकर के प्रति कांग्रेस के नजरिए को दर्शाती है।

आज वही कांग्रेस पार्टी उनके सम्मान की बात कर रही है, जो विगत 65 वर्षों तक उनके विचारों और कार्यों को हाशिए पर डालती रही। इस मौके पर जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा जानबूझकर संविधान को लेकर लोगों के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है। कांग्रेस यह भी कहती रही है कि भाजपा यदि सत्ता में आती है तो संविधान बदल दिया जाएगा। जबकि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। संवाद के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि डॉ अंबेडकर केवल किसी एक दल या विचारधारा के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणास्त्रोत हैं। भाजपा का यह अभियान न केवल एक राजनैतिक प्रतिक्रिया है बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है। जो की भारत के लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और बेहतर कदम है जिसे हमें स्वीकार करना चाहिए।

## चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

चैनपुर। चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। विभाग ने चैनपुर बाजार टाड़ से रेणु खलखो के घर से 40 किलोग्राम जवा महुआ को जब्त कर नष्ट किया और 6 लीटर शराब जब्त की। उत्पाद विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी कि यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए की गई थी। इसके अलावा जारी थाना क्षेत्र के आमगांव में भी महेश महतो के पास से 8 लीटर शराब बरामद की गई। इस कार्रवाई के बाद शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है और कई विक्रेताओं ने अपने कारोबार को बंद करने पर विचार करना शुरू कर दिया है। इस छापामारी दल में प्रदीप कुमार करमाली अवर निरीक्षक उत्पाद, उत्पाद सिपाही एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल मौजूद थे।

## जारी: जलावन के नाम पर काटे जा रहे हैं छोटे पौधे वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए लकड़ी की जब्त



वन विभाग द्वारा जब्त किया गया छोटे पौधों वाली लकड़ी।

खबर मन्त्र संवाददाता

जारी। कुरूमगढ़ वन क्षेत्र के तिगरा गोविंदपुर जंगल से अवैध लकड़ी कटाई की गतिविधियों पर वन विभाग ने सख्ती बरती है। हाल ही में वन विभाग की टीम ने छोटे-छोटे पौधों की कटाई के मामले में कार्रवाई करते हुए कई ग्रामीणों को पकड़ा, जो इन पौधों को जलवान (जलाने के लिए) ले जा रहे थे। जानकारी के अनुसार वन विभाग ने इस दौरान अवैध कटाई में उपयोग किए जाने वाले हथियारों को भी जब्त किया। वन क्षेत्र के वन पाल चंद्रेश उरांव ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए ग्रामीणों को चेतावनी दी कि वे सूखे वृक्षों को जलवान के लिए ले जा सकते हैं। लेकिन छोटे-छोटे पेड़ों को कटाना गैर-कानूनी है। उन्होंने बताया कि यदि अगले बार ऐसे मामले में कोई ग्रामीण पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चंद्रेश उरांव ने कहा कि हमारा उद्देश्य वन संपदा की रक्षा करना है। हम समझते हैं कि ग्रामीणों की कुछ आवश्यकताएं होती हैं। लेकिन हमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी करना है। उन्होंने आगे कहा कि वन विभाग ग्रामीणों को जलाऊ लकड़ी के अन्य वैकल्पिक स्रोतों के बारे में जानकारी देने का प्रयास करेगा, ताकि वे अवैध कटाई की ओर न बढ़ें। इस मामले के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे वन संरक्षण में सहयोग करें और अवैध कटाई की गतिविधियों की सूचना तुरंत उन्हें दें। वन विभाग का यह कदम न केवल वनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह स्थानीय पारिस्थितिकी के लिए भी महत्वपूर्ण है। वन क्षेत्र में लगातार बढ़ती इन गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग कई अन्य उपाय भी अपनाने जा रहा है।

## मोटरसाइकिल से गिरकर भाई-बहन घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बालूमाथ टोटी पथ पर चेटूवाग जंगल के समीप शनिवार को मोटरसाइकिल से गिर गया है रंजीता कुमारी 20 वर्ष पिता सोमा उरांव एवं उसका भाई राजेंद्र उरांव दोनों ग्राम गुरु साल्वे थाना बरियातू घायल हो गया ।आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अलीशा टोपो द्वारा प्राथमिक इलाज की गई । राजेंद्र उरांव ने बताया कि दोनों भाई-बहन मोटरसाइकिल में सवार होकर कुछ जरूरत के सामग्री खरीदने के लिए बालूमाथ बाजार गया हुआ था ।एवं वापस अपने घर गुरु सालवे आने के क्रम में चेटूवाग जंगल के समीप असंतुलित होकर गिर गया।

## मोटरसाइकिल से गिरकर पति-पत्नी घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ- बालू पथ पर बाजार ताड़ के समीप शनिवार को मोटरसाइकिल से गिरकर आसमानी देवी 40 वर्ष एवं उसके पति वीरेंद्र प्रजापति 45 वर्ष दोनों ग्राम बालू थाना बालूमाथ गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अलीशा टोपो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। वीरेंद्र प्रजापति ने बताया कि शनिवार को नगर मंदिर पूजा करने पत्नी के साथ गए थे। एवं पूजा कर वापस आने के दौरान बाजार ताड़ के समीप जमा मस्जिद के पास एक साइकिल सवार बृद्ध आकर टकरा गया। जिसे बचाने के चक्कर में असन्तुलित होकर गिर गया।

## डॉ चंदन सिंह बने स्वास्थ्य विभाग के सांसद प्रतिनिधि

लातेहार। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने डॉक्टर चंदन कुमार सिंह, पिता सरयू प्रसाद सिंह को स्वास्थ्य विभाग का सांसद प्रतिनिधि मनोनित किया है। उन्होंने उपायुक्त और सिविल सर्जन को स्वास्थ्य विभाग संबंधित सभी बैठक की जानकारी देने बैठक में आमंत्रित करने की बात कही है। स्वास्थ्य विभाग का सांसद प्रतिनिधि बनने पर डॉ सिंह ने कहा जिस विश्वास के साथ उन्हे यह जिम्मेवारी दी गई है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी आयुष्मान योजना समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

## पुलिस ने 2 को किया गिरफ्तार, जेल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सासंग पंचायत के सुदूरवर्ती सोंस गांव में बारात आए युवक उपेन्द्र उरांव पिता कोलेश्वर उरांव (ग्राम जोभिया लातेहार) की चचेरे भाई अमृत उरांव के द्वारा गोली मार कर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर हत्याकांड में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि कांड मुख्य आरोपी अमृत उरांव अब भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। पुलिस के गिरफ्त में आए रंथू उरांव व ओम उरांव (जोभिया लातेहार) दोनों पिता पुत्र हैं। हत्याकांड के मुख्य आरोपी अमृत उरांव के पिता व भाई हैं। मामले में पुलिस निरीक्षक सह थाना रणधीर कुमार ने बताया कि उक्त हत्याकांड में गिरफ्तार दोनों लोगों की भूमिका उजागर हो रही है। इन्हीं दोनों के बहकावे में आकर अमृत उरांव ने अपने चचेरे भाई की हत्या गोली मारकर कर दी थी।

# नीट परीक्षा आज, डीसी ने की बैठक दिये दिशा निर्देश

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार दिन शनिवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नीट यूजी की परीक्षा की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के द्वारा नीट परीक्षा के तहत जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए कदाचार मुक्त तरीके से परीक्षा का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पर्याप्त रौशनी, शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्था हो, ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। परीक्षा केंद्र में परीक्षा का संचालन सीसीटीवी की निगरानी में होगा। वहीं, प्रश्न पत्र ले जाने वाले दंडाधिकारी व पुलिस बल ससमय स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका लेंगे। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया


परीक्षा की तैयारी को लेकर बैठक की गई।

कि परीक्षा केंद्र तक समय से पूर्व परीक्षा से संबंधित सामग्री पहुंच जाए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्र पर पूर्ण पारदर्शिता, गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने केंद्राधीक्षक, निरीक्षकों एवं परीक्षा प्रभारी अधिकारियों की तैनाती समय पर करने के निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय प्रत्येक परीक्षार्थी की जांच ठीक से हो। परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी परीक्षार्थी किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गजट (मोबाईल, कैलकुलेटर, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ आदि) न ले जाए और इसका कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, कदाचारमुक्त स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की कोताही बरतने वाले अधिकारियों व व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी नीट यूजी परीक्षा-2025 चार मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक एवं दिव्यांगजनों के लिए शाम 06:00 बजे तक आयोजित होगी। जिला मुख्यालय पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, लातेहार को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिनपर कुल 151 परीक्षार्थी भाग लेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## क्षेत्र की जनताओं की समस्या का समाधान कराना मेरी पहली प्राथमिकता : प्रकाश राम


विधायक प्रकाश राम भ्रमण करते हुए।

**खबर मंत्र संवाददाता**

➲ पोचरा पंचायत के विभिन्न गांव टोला मे क्षेत्रीय विधायक ने किया भ्रमण, ग्रामीणों से हुए रूबरू

**लातेहार।** लातेहार विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम शनिवार को पूरे दिन पोचरा पंचायत के विभिन्न गांव टोला का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने भ्रमण के क्रम मे पंचायत के जारम, मांजर, पोचरा, हुटार, लबरपुर, ओदान समेत विभिन्न गांव टोला पहुंचे। जहां संबधित गांव के ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान जारम पुल की समस्या, पीने के लिए पानी की समस्या,पटवन के लिए सिंचाई की समस्या समेत विभिन्न मामले से संबधित जन समस्या को लेकर आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिए गए। जिसे क्षेत्रीय विधायक द्वारा बहुत से समस्याओं को मौके पर ही संबधित पदाधिकारियों से फोन से बात कर समाधान किया। और अन्य मामले को जल्द से जल्द समाधान के लिए पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। मौके पर विधायक ने कहा क्षेत्र की जनताओं की समस्याओं का समाधान कराना मेरी पहली प्राथमिकता मे शामिल है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, भाजपा नेता पवन कुमार, संत गुप्ता, नरेश प्रसाद, पिंटू रजक, अखिलेश प्रजापति ,लाल जीतू नाथ शाहदेव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# वक्फ बिल 2025 के खिलाफ लातेहार में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया

➲ प्रदर्शनकारियों ने तख्ती में लिए वक्फ बिल वापस लो, संविधान की हत्या बंद करो, काला कानून वापस लो जैसे नारा लगाया



वक्फ बिल के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी लातेहार के द्वारा शनिवार को वक्फ बिल 2025 के खिलाफ लातेहार में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन माको मोड़ से शुरू हुई जो मेन रोड होते हुए जिला समाहरणालय पहुंच सभा में तब्दील हो गई। इसमें जिले के अलग-अलग इलाकों से हजारों लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने तख्ती में लिए वक्फ बिल वापस लो, संविधान की हत्या बंद करो, काला कानून वापस लो, हमारा अधिकार छीनना बंद करो जैसे कई नारे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बिल लाकर मुसलमानों और अल्पसंख्यकों को कमजोर करना चाहती है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी इसका विरोध कर रहे हैं। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि वक्फ की जमीनें मुसलमानों की हैं। इन पर सिर्फ मुसलमानों का अधिकार है। केंद्र सरकार बहुमत का गलत इस्तेमाल कर रही है। वक्फ की जमीनों पर गलत नजर नहीं चलेगी। केंद्र सरकार कानून वापस लेना होगा। झामुमो नेता रिजवान अंसारी ने कहा कि सरकार वक्फ की जमीनें अडानी-अंबानी को देना चाहती है। यह हमारे धर्म पर हमला है। अगर सुप्रीम कोर्ट से फैसला हमारे पक्ष में नहीं आया तो आंदोलन जारी रहेगा। शमसुल होदा ने कहा कि मुस्लिमों को गुमराह कर कानून में छेड़छाड़ करना गलत है। जब तक कानून वापस नहीं होता, लड़ाई जारी रहेगी। नसीम साहब ने कहा कि वक्फ की जमीन को बचाने की जिम्मेदारी मुसलमानों की है। विरोध प्रदर्शन के बाद कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को एक ज्ञापन भी होता है।

मौके पर इमरान साहब, हेसामूल जी, वारिश अंसारी, नेजाम साहब, अख्तर, शामसाद आलम, खुस्तर, मुफ्ती मुदसीर, गुलाम गौस साहब, कारी जियउद्दीन, अब्दुल वकील, सलाम अंसारी, मुस्तफा, मास्टर रशीद जी, इस्माइल, इमरान अंसारी, टिंकू, शहजाद, असगर खान, महबूब, अब्दुल अंसारी, हसीब अंसारी, मोतिउर्रहमण, नौशाद, गुलाम हुसैन, शेर मोहम्मद, तस्लीम साहब, तबरेज, हैदर, अफाक समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## इंजन में तकनीकी खराबी के कारण आधे घंटे तक रेलवे फाटक पर थमा रहा माल गाड़ी का पहिया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ फाटक के दोनों छोर पर लगी रही वाहनों की भारी जाम, लोग रहे परेशान

**चंदवा।** कोयला लदी मालगाड़ी के इंजन में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण शनिवार की शाम लगभग 4:30 से 5 बजे तक बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन स्थित रेलवे समपार फाटक पर मालगाड़ी खड़ी रही। इस दौरान रेलवे फाटक के दोनों छोर पर छोटे-बड़े वाहनों का भारी जाम लग गया व लोग परेशान देखे गए। रेलवे के अधिकारी व कर्मियों के द्वारा किसी प्रकार मालगाड़ी को धीरे धीरे करके आगे बढ़ाया, जिसके बाद लगभग 5 बजे के बाद आवागमन सामान्य हो गया। फाटक खुलने के बाद वाहनों की आपाधापी में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि यह कोई 1 दिन का नहीं बल्कि प्रतिदिन की समस्या है। हम लोगों को दिन में कई मर्तबा ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन इससे रेलवे का कोई सरोकार नहीं। रेलवे को सिर्फ यहां से राजस्व उगाही करने से मतलब है।

कई बार तो आपातकालीन वाहन भी फाटक पर लगने वाले जाम में फंस जाता है व लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ रही है। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार ने ओएचई में तकनीकी खराबी के कारण प्रेशर गिर गया था, जिस कारण उक्त व्यवधान हुआ था।

# उप-प्रमुख के नेतृत्व में पंचायती राज मंत्री से मिला पंसस प्रतिनिधि मंडल


6 सूत्री मांग पत्र सौंपतें हुए।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा पंचायत समिति सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को उप-प्रमुख अश्विनी मिश्र के नेतृत्व में सूबे की पंचायतीराज सह ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं को रखते हुए 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा। उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने मंत्री को बताया कि वार्ड, मुखिया और जिला परिषद को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जबकि पंसस को आज तक नहीं मिला। मनरेगा व अन्य प्रखंड से होने वाले कार्यों में पंसस की भूमिका नगण्य है। पंचायत सचिव और राजस्व कर्मचारी पंचायत भवन में नहीं बैठते हैं, जिसका प्रतिकूल असर ग्रामीणों में होता है। पंसस की मासिक बैठक नहीं होने से जन आकांक्षाओं को पूरा करने में परेशानी होती है। सरकारी कर्मी पंसस के प्रति जवाबदेह भी नहीं होते हैं जिसका व्यापक असर विकास के कार्यों में भी हो रहा है। मंत्री ने चंदवा से गये पंसस की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जल्द ही इसके निराकरण का आश्वासन दिया। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को उचित मान सम्मान मिले इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाएगा।

जनहित में जो भी कार्य होगा उसे पूर्ण करना अधिकारियों की जवाबदेही है। मंत्री ने सबों को आश्वास्त कि आपकी सभी जायज मांगों को संबंधित विभाग को भेज आवश्यक कार्रवाई का दिशा निर्देश दिया जाएगा। मंत्री से मिलने वालों में अशोक भुइंया, शंकर गंझू, बलकू मुंडा, अनिता देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, रामकिशन गंझू और करन लोहरा शामिल है।

## विधायक ने किया उद्घाटन, वर्षों बाद जगमग हुआ चंदवा का इंदिरा चौक


उद्घाटन करते विधायक।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा का सबसे प्रमुख चौराहा इंदिरा गांधी चौक का हाई मास्क लाइट जो पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा था। युवा भारत चंदवा के आग्रह के बाद उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने पहल करते कर इसे पुनः शुरू कराया। शुक्रवार की देर शाम लातेहार विधायक प्रकाश राम और अश्विनी मिश्र ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर हाई मास्क लाइट का उदघाटन किया। उद्घाटन के मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने चौक का भी सुंदरीकरण बहुत जल्द किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे चंदवा शहर में भी लाइट लगवाया जाएगा। विधायक ने युवाओं से आग्रह किया कि किसी भी सार्वजनिक समस्या अथवा विकास के लिए वो उनसे सीधा संपर्क साध सकते है। लाइट लगाने हेतु बिजली मिस्त्री संदीप रजक को माला पहनकर विधायक ने स्वागत किया। उप-प्रमुख अश्वनी मिश्र ने कहा कि आने वाले समय में भी विधायक के मार्गदर्शन और सहयोग से चंदवा में कई ऐतिहासिक कार्य होंगे आरएसएस के राजेशचंद्र पांडेय, रामनरेश गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता और महेंद्र साहू ने भी युवा भारत के कार्यों के सराहना करते हुए कहा कि युवाओं से ही शहर की तस्वीर बदल सकती है। कार्यक्रम का संचालन मनीष गुप्ता ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन आदर्श रविराज ने किया। मौके पर राजकुमार पाठक, शिवकेश्वर यादव, दीपक निषाद, रंजन सिंह, दारा सिंह, अंकित कुमार, धनंजय चौधरी, सागर मेहता, कृष्ण कुमार, उदय राज गुप्ता, अक्षय यादव, विनीत, पंकज विश्वास, रवि पांडुरंगा, सूरज समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बालू माफिया के सामने बेबस प्रशासन बरवाडीह की नदियां बनी लूट का मैदान


अवैध बालू उठाव के खिलाफ छापामारी करते अंचलाधिकारी।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में बालू माफिया की दबंगई इस कदर हावी है कि प्रशासन की सारी कोशिशें धरी की धरी रह गई हैं। लगातार छापेमारी के बावजूद हर बार बालू कारोबारी प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर फरार हो जाते हैं। सूत्रों के अनुसार, बरवाडीह की नदियों से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू लादकर पलामू जिले में मनमानी कीमत में खपाया जा रहा है, वो भी बिना किसी वैध चलान के। बरवाडीह अंचल अधिकारी की टीम जब भी कार्रवाई के लिए निकलती है, बालू माफिया प्रशासन के पहुंचने से पहले ही ट्रैक्टर लेकर तेज रफ्तार में भाग खड़े होते हैं। खबर मंत्र में हाल ही में प्रकाशित खबर के अनुसार, टिकवा घाट में अंचलाधिकारी की जांच में फर्जी चलान से बालू उठाव का खुलासा हुआ था। इधर खुरा लंका घाट से पंचायत के मुखिया स्वयं अवैध बालू उठाव में लिप्त हैं, और खुलेआम बालू का धंधा कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से कार्रवाई की सिर्फ बातें हो रही हैं, जबकि जमीन पर माफिया बेलगाम होते जा रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन की पकड़ से बाहर हो चुका है बालू माफिया ? या फिर कहीं कोई अंदरूनी सेटिंग इस गोरखधंधे को परदे के पीछे से चला रही है ?

# चंदवा: उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर की एसएलआरएम कार्यक्रम की शुरूआत

## स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर से हुई कार्यक्रम की शुभारंभ

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा में शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम की शुरूआत हुई। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, बीडीओ चंदन प्रसाद, मुखिया रंजीत उरांव, संगीता लकड़ा, फुलजेंसिया टोप्पो एवं अन्य के द्वारा स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में विधिवत पूजन के उपरांत हरी झंडी दिखाकर कचरा निस्तारण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन ने सरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की संपूर्ण जानकारी लोगों के बीच साझा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में

### तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दी गई जानकारी


कार्यक्रम की शुरूआत करते उपायुक्त एवं अन्य।


पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत है। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल विधियों व प्रक्रियाओं पर बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से कचरा प्रबन्धन की प्रक्रिया अपनाते हुए प्रखंड, गांव, पंचायत को साफ-सुथरा बनाने की बात कही। इस दौरान सी श्रीनिवासन ने अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि प्रसिद्ध पर्यावरणविद भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन के द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सेवा संगठन में ठोस और तरल संसाधन प्रबंधन का स्थायी मॉडल विकसित किया गया है। कचरा प्रबंधन की अवधारणा के प्रति उनका दृष्टिकोण, वर्गीकरण और पुनरूउपयोग के मामले में क्रांतिकारी है। आगे उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य लातेहार को एक शून्य-अपशिष्ट बनाने और भविष्य के पर्यावरणीय प्रशिक्षकों का निर्माण करने की दिशा में काम करना है। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आज सरकारी कार्यालय में कचरा प्रबंधन कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। आगे प्रत्येक ग्राम पंचायत के घर घर में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था की जाएगी। जमा किए गए अपशिष्ट को कम्पोस्टिंग यार्ड में एकत्र कर गीले अपशिष्ट से खाद बनाया जाएगा और सूखे कचरे को अलग करके पुनर्चक्रित किया जायेगा। इसके पश्चात मत्स्य कार्यालय, प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, चंदवा थाना परिसर में कचरा प्रबंधन कार्यक्रम चलाया जाएगा। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता अरुण कुमार, कनीय अभियंता सुनील कुमार, धर्मराज पाठक, जेएसएलपीएस के मुजिबुल आरफीन, प्रखंड कर्मी रितेश कुमार, संतोष कुमार, मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थी एवं शिक्षक, जल सहिया समेत सैकड़ों लोग लोग मौजूद थे।

# अधिवक्ता वृंदा बाबू के निधन पर शोक

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार के नामी अधिवक्ता रह चूके वृंदा बाबू के निधन पर चंदवा शौंडिक-जायसवाल समाज ने शोक व्यक्त करते हुए समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। अध्यक्ष प्रमोद साहू ने वृंदा बाबू के निधन को सामाजिक क्षति बताते हुए कहा कि इनके निधन से समाज को गहरा शोक लगा है निकट भविष्य में इनकी भरपाई नामुमकिन है। महेंद्र साहू ने कहा कि वृंदा बाबू सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर का हिस्सा लेते थे, समाज किसी भी कार्यों में उनकी सलाह अवश्य लेता था। शोक व्यक्त करने वालों में राजकुमार साहू, गोपाल जायसवाल, धनेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, विनय विद्यार्थी, प्रेम शंकर भगत, रंजीत गुप्ता, सत्येंद्र प्रसाद साहू, मुरली प्रसाद, रमेश साहू, दिनेश प्रसाद, अजय कुमार, आशीष गुप्ता, सतीश प्रसाद समेत कई लोग शामिल है।

### झामुमो के केन्द्रीय उपाध्यक्ष ने वृन्द कुमार के निधन पर जताया शोक


फाइल फोटो वृंदा बाबू।

**लातेहार।** वरीय अधिवक्ता सह लातेहार बार एसोसिएशन के सचिव वृन्द कुमार के निधन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उनका निधन लातेहार जिले के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसे कोई भर नहीं सकता। उनके निधन से मैं काफी व्यथीत हूं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। वहीं झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, पुर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, पूर्व जिला 20 सुत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, सुदामा प्रसाद गुप्ता, युवा समाजसेवी राजन तिवारी, युवा नेता अंकित पांडेय, विशाल कुमार, दीपक कुमार, रविंद्र प्रजापति, रिंकू कच्छप आनंद पासवान, रंजीत कुमार, सौरव पाठक, शैलेश ठाकुर, अशोक यादव ने शोक जताया है।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया

**लातेहार।** जिला अधिवक्ता संघ के निवर्तमान सचिव वृंद कुमार के निधन की खबर सुनकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने अपने न्यायिक अधिकारियों के साथ दिवंगत अधिवक्ता के घर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्री सिंह ने अंतिम दर्शन कर श्री कुमार के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए इस शोक की घड़ी में धैर्य से काम लेने की अपील किया। श्री सिंह के साथ अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रणव कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शिवम चौरसिया के अलावा अधिवक्ता संघ के निवर्तमान उपाध्यक्ष पंकज कुमार, वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार, मनोज गुप्ता, मिथिलेश कुमार, संतोष रंजन, चंदन सिंह, श्याम किशोर पांडेय आदि अधिवक्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# बीएसएल में अत्याधुनिक एरियल हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म फायर फाइटिंग वाहन का लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में औद्योगिक सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अत्याधुनिक एरियल हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म फायर फाइटिंग वाहन का लोकार्पण बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी द्वारा किया गया। मौके पर बोकारो इस्पात संयंत्र के ईडी संकार्य सीआर महापात्रा राजश्री बनर्जी विकास मनवटी विभिन्न विभागों के सीजीएम सीआईएसएफ के डीआईजी दिग्विजय कुमार सिंह व कमांडेंट एवं फायर विंग के डिप्टी कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस मौके पर कहा कि यह अत्याधुनिक वाहन न केवल संयंत्र की आपात प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक दक्ष बनाएगा बल्कि कर्मचारियों एवं संयंत्र परिसंपत्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक सशक्त कदम सिद्ध होगा। उन्होंने अग्निशमन सेवा की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह वाहन विशेष रूप से बहु-मंजिला संरचनाओं में आग लगने अथवा अन्य आपात स्थितियों में राहत एवं बचाव अभियानों के संचालन को सरल, सुरक्षित और प्रभावी बनाने में सक्षम है। उन्नत तकनीक से लैस इस वाहन की मदद से 42 मीटर की ऊंचाई तक राहत एवं बचाव कार्य किया जा सकता है।

साथ ही इसमें 360 डिग्री में घूमने वाला बूम लगा है और सटीक पोजिशनिंग की सुविधा है। अतः जटिल रेस्क्यू ऑपरेशनों को कुशलता के साथ संपन्न करने में भी सक्षम है। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन अग्निशमन सेवा के एजीएम कुमार रजनीश द्वारा किया गया।

# कौटिल्य महापरिवार ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**फुसरो।** करगली बाजार स्थित कौटिल्य भवन में कौटिल्य महापरिवार के सदस्यों द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम के समक्ष सामूहिक रूप से सदस्यों द्वारा द्वीप प्रज्वलित करते हुए पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अजय कुमार ने किया। सभी सदस्यों ने महापरिवार के प्रति अपने अपने विचार प्रकट किये। महापरिवार के संरक्षक देवता नंद दुबे ने परिसर को संस्कार उद्यान के रूप में विकसित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए की सामान्य परिवार के लोग अपने बच्चों के शादी विवाह व अन्य संस्कार यहां करें तो उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। इस हेतु पाकशाला, संस्कार मंडप व आवास की हेतु कम से कम पांच कमरे व बरामदा का निर्माण स्थानीय निकाय या जनप्रतिनिधि के सहयोग से बनाने का प्रयास हम सभी सदस्यों को मिलकर करना चाहिए। संगठन सचिव राम नरेश द्विवेदी ने कहा कि वर्ष भर में जो कार्यक्रम आयोजित होता है उसे कम करते हुए परिवार के सदस्य को समाज से भी थोड़ा-थोड़ा आर्थिक सहयोग लेकर परिसर को आकर्षक बनाना चाहिये। उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारी ने कौटिल्य भवन को परिवार तथा समाज के लिए एक वरदान के रूप में परिभाषित किया। अध्यक्ष अजय कुमार झा व श्याम मिश्रा ने मासिक स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग देकर भवन के रख रखाव के लिए एक व्यक्ति को मासिक वेतन पर रखने का विचार दिए। संस्थापक अनिल चंद्र झा ने कहा की पुलवामा के सभी 27 मृतकों को शहीद का दर्जा देने हेतु सरकार को विचार करना चाहिए क्योंकि पर्यटकों की सुरक्षा सरकार की नैतिक जिम्मेवारी होती है और कहीं ना कहीं सुरक्षा में हुई चुक के कारण निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि हमें ग्रामीण क्षेत्र में जाकर सभी समाज के संस्कार तथा परंपरा का अध्ययन कर उसे संरक्षित करना चाहिए इस हेतु जल्द ही वैसे विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राएं जो सामाजिक विषय के रहे हो उन्हें संगठन से जोड़ा जाएगा। शिक्षा स्वास्थ्य और संस्कार के प्रति जागृत करना ही कौटिल्य परिवार का मुख्य उद्देश्य है।

## एक नजर में

### तेनुघाट से अधिवक्ता प्रतिनिधि मंडल रांची रवाना, बीमा योजना का मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

**बेरमो।** बोकारो जिले के तेनुघाट से अधिवक्ता प्रतिनिधि मंडल रांची रवाना बीमा योजना का मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ, झारखंड सरकार राज्य के अधिवक्ताओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत करने जा रही है इस महत्वाकांक्षी योजना का औपचारिक शुभारंभ आज 3 मई शनिवार को रांची स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेल गांव में एक भव्य समारोह में किया जाएगा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस अवसर पर अधिवक्ताओं को डिजिटल स्वास्थ्य बीमा कार्ड प्रदान करेंगे तेनुघाट अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधि इस ऐतिहासिक समारोह में शामिल होने के लिए रांची रवाना हो गए अधिवक्ताओं में इस पहल को लेकर काफी उत्साह और मुख्यमंत्री के प्रति आभार का माहौल है यह योजना झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं को लाभान्वित करेगी सरकार प्रत्येक अधिवक्ता के लिए ?6000 का बीमा प्रीमियम वहन करेगी जिसके लिए राज्य सरकार ने कुल 9 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की है यह लाभ वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लिए उपलब्ध होगा इस संदर्भ में अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा यह गर्व की बात है की झारखंड के मुख्यमंत्री ने पहली बार अधिवक्ताओं के हित में कोई बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया है यह अधिवक्ताओं को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस घोषणा को अधिवक्ता समुदाय एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देख रहा है जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है।

### हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**गोड्डा।** पोडैयाहाट प्रखंड अंतर्गत देवड़ाड थाना क्षेत्र के देवड़ाड़-सिदबाक पीडब्ल्यूडी मुख्य मार्ग जीतपुर मोड़ के समीप हाइवा की चपेट में आने से 40 वर्षीय सिदबाक गांव निवासी उदेश्वर सिंह की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की देर शाम की है जहां प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा तेज रफ्तार से सिदबाक की ओर से आ रही थी। इसी दौरान बाइक सवार युवक हाइवा की चपेट में आ गया, जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं घटना के बाद चालक और खलासी मौके से फरार हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पर काफी संख्या में जमा हो गये और हो-हंगामा शुरू कर दिया। वहीं काफी देर तक सड़क पर लोगों की भीड़ जमा रही, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिसके बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और भीड़ को समझा बुझाकर हटाया गया। स्थानीय ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर काफी संख्या में सड़क पर डटे रहे। मिली जानकारी के अनुसार मृतक को पत्नी सहित चार बच्चे थे जिसे वह अपने पीछे छोड़ गया। वहीं इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। वाहन मालिक पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी।

### नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में फिर बनेगी एनडीए की सरकार : सुमित

**बेरमो।** बिहार प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कैबिनेट मंत्री बिहार सरकार मंत्री सुमित कुमार सिंह ने अपने मामा फुसरो उद्योगपति जयप्रकाश सिंह उर्फ लाल बाबू सिंह के आवास मे कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में फिर बनेगी एनडीए की सरकार। कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ेगी और नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के कार्यकाल में समानता, महिलाओं को आरक्षण, शिक्षा, आवास और सामाजिक सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए, जिससे बिहार ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई। इस अवसर पर जय प्रकाश सिंह निमाई सिंह चौहान, भरत सिंह, बिनोद कुमार सिंह, शत्रुधन सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### जीवन में आने वाले चुनौतियों का निराकरण शिक्षित बच्चा ही कर सकता है : मुकेश कुमार

**फुसरो(बेरमो)।** बेरमो प्रखण्ड अन्तर्गत बीआरसी भवन के समीप अवस्थित उवि न्यू सेलेक्टेड ढोरी में ₹समग्र शिक्षा अभियान₹ का मुख्य लक्ष्य आंगनबाड़ी सहित 05-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयी शिक्षा पूर्ण कराना है से संबंधित 'रूआर' कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बेरमो मुकेश कुमार शामिल हुए। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया गया कि शिक्षा जीवन में अति महत्वपूर्ण है। बच्चों को आगे के जीवन में जो चुनौती आती है जिसका निराकरण शिक्षित बच्चा ही सफलतापूर्वक कर सकता है। किसी भी समाज का विकास, शिक्षा के विकास पर निर्भर करता है। स्कूल, विद्यालय एवं समाज की जिम्मेवारी है कि हर एक बच्चे को शिक्षित करना अति आवश्यक है। ₹समग्र शिक्षा अभियान₹ और नई शिक्षा नीति में इस बात का जिक्र है कि 05-18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को विद्यालयी शिक्षा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी विशाल प्रकाश, आदित्य कुमार चौधरी, प्रखण्ड साधन सेवी मिथुन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार सिन्हा, मो० रकीब खान, अरबिन्द कुमार सिन्हा, प्रतिमा कुमारी, संकुल साधन सेवी, रामचन्द्र प्रसाद, कौशलेन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार सहित बेरमो के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए। इसके अलावा बीडीओ श्री कुमार द्वारा कल्याण विभाग अन्तर्गत मवि बेरमो में 36 तथा मवि ढोरी खास में 21, कुल 57 छात्रों के बीच साईकिल वितरण किया गया। जिसमें अशोक कुमार गोप, शबनम कुमारी, सूर्य मोहन ठाकुर आदि उपस्थित हुए।

### बीएसएल कोलियरी डिवीजन में एसएपी प्रणाली से डेटा संग्रहण व स्थानांतरण सुविधाजनक



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने अपने कोलियरी डिवीजन में एसएपी प्रणाली का सफलतापूर्वक रोल-आउट किया। इस प्रणाली का औपचारिक उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर ईडी संकार्य सीआर महापात्रा ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी कोलियरी एसके सिंह ईडी मानव संसाधन राजश्री बनर्जी तथा ईडी माइंस विकास मनवाटी सहित विभिन्न विभागों के सीजीएम वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। कोलियरी डिवीजन के अंतर्गत आनेवाली इकाइयाँ- चासनाला जितपुर तासरा रामनगर माइंस एवं सीसीएसओ अब एसएपी प्रणाली से जुड़ गए हैं। यह महत्वपूर्ण पहल कोलियरी डिवीजन को बीएसएल की वर्तमान एसएपी -सक्षम प्रणाली के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत करती है जिससे कार्य प्रक्रियाओं में पारदर्शिता दक्षता और डिजिटल समन्वय को बल मिला है। अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में बीएसएल में झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस एवं कोलियरी डिवीजन का विलय होने के पश्चात इनमें एसएपी प्रणाली के एकीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। तकनीकी रूप से जटिल इस प्रक्रिया को बीएसएल की सी एंड आईटी ईआरपी तथा संबंधित विभागों की टीमों के संयुक्त प्रयासों ने संभव बनाया है। डेटा ट्रांसफर प्रक्रिया एकीकरण एवं यूजर प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को कुशलतापूर्वक संपन्न करते हुए पहले झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस डिवीजन में और अब कोलियरी डिवीजन में एसएपी प्रणाली को लागू कर दिया गया है।

### पहलगाम घटना की कवियों ने की निंदा

**दुमका।** मयूराक्षी के बैनर तले कृपाश्रय कुम्हारपाड़ा में एक विचार गोष्ठी का आयोजन शनिवार को हुआ। जिसकी अध्यक्षता डॉ रामवरण चौधरी ने की। इस अवसर पर डॉ चौधरी ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद कुत्सित राजनीतिक बयानबाजी से इतर साहित्य सेवा करने वालों से विचार के प्रसार एवं प्रभावी लेखनी के लिए आवाहन किया। ऐसे ही विचारों को समेटते हुए उन्होंने एक कविता का भी पाठ किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में शंभूनाथ मिस्त्री ने युवाओं से अपने हिस्से की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा वर्तमान परिस्थितियों पर उन्होंने स्वरचित कविया का पाठ भी किया। उपस्थित कवियों एवं साहित्यकारों ने क्रम से अपनी रचनाओं का पाठ किया।

## स्पीड न्यूज

### गांधीनगर थाना के नये थाना प्रभारी ने पदभार संभाला

**बेरमो।** बोकारो जिले के गांधीनगर थाना के नये प्रभारी धनंजय कुमार सिंह ने निवर्तमान प्रभारी पिंटू कुमार मेहता से पदभार लिया. इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि कायम रखा जाएगा। इसके लिए जनता के सहयोग की आवश्यकता है। लोगों को किसी भी तरह की समस्या हो तो वे निर्भिक होकर बिना संकोच आकर हमसे मिले उनकी समस्या का समाधान तत्परता के साथ किया जाएगा। कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह का आवैध करोबार चलने नहीं दिया जाएगा।

### जिओ और जीने दो के बैनर तले महिलाओं ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन



**बोकारो।** पहलगाम के अमानवीय आतंकी कुकृत्य और हत्याकांड के खिलाफ बोकारो की प्रबुद्ध एवं संवेदनशील महिलाओं ने बोकारो मॉल के सामने जिओ और जीने दो के बैनर तले संयोजिका कनक लता राय के दिशा-निर्देश में विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इसमें उपस्थित महिलाएं- रवीन्द्र कौर फातिमा बेगम अनिता किरण सुभद्रा मिश्रा कनक लता राय सत्या सिंह बबीता सिंह सविता देव सुधा कुमार रीता सिंह वंदना झा पुष्पा पांडे ज्योति बिष्ट रंजू सिंह अर्चना भटनागर शशिकला पांड्या तान्या घोष आदि ने अपनी संवेदना पहलगाम में हुए नरसंहार के परिवार के प्रति व्यक्त की और पुरजोर शब्दों में पाकिस्तान और आतंकवाद का विरोध किया। इस क्रम में आसपास का पूरा इलाका वंदे मातरम के साथ पाकिस्तान मुदार्बाद- आतंकवाद मुदार्बाद- देश की रक्षा कौन करेगा- हम करेंगे हम करेंगे- अमन शांति का नारा है- भारतवर्ष हमारा है आदि नारों से गुंजायमान बना रहा। इस क्रम में महिलाओं ने काव्य-पाठ के माध्यम से भी अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहीं कनकलता राय ने - है सहनशक्ति भरपूर सौ गाली भी सुन लेते हैं, धैर्य जवाब दे तो हम समूल नष्ट कर देते हैं.. सुनाकर देशभक्ति का जज्बा जीवंत कर दिया।

### यौन शोषण का आरोपी दोषी करार, आठ साल की सजा व जुमार्ना

**दुमका।** शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण कर मां बनने के बाद शादी से इंकार करने के मामले में न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सजा व जुमार्ना किया। सजा द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने शनिवार को सुनाया। मामले में न्यायालय ने शिकारीपाड़ा के लखनपुरा गांव के तांबड़ मरांडी को दोषी पाकर आठ साल और 10 हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने नौ गवाह के बयान और साक्ष्य के आधार पर दोषी करार दिया।

# बोकारो संयंत्र में जीरो टॉलरेंस सेफ्टी रूल्स लागू, जुर्माना और सख्त कार्रवाई निर्णय

नियमों के अनुसार संयंत्र परिसर में वाहन चलाते समय- सड़क पार करते समय- सीढ़ियाँ चढ़ते या उतरते समय अथवा शॉप फ्लोर पर मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने कर्मचारियों ठेका कर्मियों तथा संयंत्र में आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जीरो टॉलरेंस सेफ्टी रूल्स लागू करने की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण कदम संयंत्र में सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और असुरक्षित कार्यों पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

घोषित नियमों के अनुसार संयंत्र परिसर में वाहन चलाते समय- सड़क पार करते समय- सीढ़ियां चढ़ते या उतरते समय अथवा शॉप फ्लोर पर मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य होगा जबकि दोपहिया वाहन चालकों और पिलियन राइडर के लिए हेलमेट पहनना और उसकी चिन स्ट्रैप बांधना अनिवार्य होगा। दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा खतरनाक लापरवाह अथवा नशे की हालत में वाहन चलाना और संयंत्र के भीतर निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन भी नियमों के दायरे में शामिल रहेगा।

बीएसएल कर्मचारियों के मामले में नियम उल्लंघन होने पर पहली बार उनका नाम बीएसएल इंट्रानेट और विभागीय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। दूसरी बार विभाग प्रमुख द्वारा काउंसलिंग की जाएगी तथा उल्लंघनकर्ता से नियम का पालन करने हेतु अंडरटेकिंग ली जाएगी। तीसरी बार नियम उल्लंघन होने पर उन्हें एडवाइजरी लेटर जारी कर परिवार को सूचना भेजी जाएगी। चौथी बार नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर 250 रुपए और एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर 500 रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा।

पांचवीं बार नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर 500 रुपए और एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर 1000 रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा जबकि छठी बार अन्य उपयुक्त या अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों और हितधारकों से आपकी सुरक्षा-हमारी प्राथमिकता के संदेश को आत्मसात करते हुए इन नियमों का पूरी निष्ठा से पालन कर संयंत्र को एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपील की है।

### बीएसएल से स्थानांतरित सीजीएम हरिमोहन झा को किया गया सम्मानित

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में मुख्य महाप्रबंधक- मानव संसाधन हरिमोहन झा को उनके कार्यालय में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राकेश मिश्रा के नेतृत्व में एक दर्जन से ज्यादा गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मानित किया। मालूम हो कि श्री झा का कॉरपोरेट ऑफिस दिल्ली निदेशक-मानव संसाधन के रूप में स्थानांतरण हो गया है। झा ने वर्ष 1993 में बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस 2 में ज्वाइन किया था। उसके बाद से अभी तक उन्होंने सीएसआर एचआरडी एसआरयू सहित कई महत्वपूर्ण विभागों में अपना योगदान दिया। ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के कारण उन्हें बोकारो इस्पात संयंत्र में याद किया जाता है। गुलदस्ता और मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना भी की गई। उन्हें सम्मानित करने वालों में सुरेश बाबू अशोक कुमार वर्मा नीरज कुमार रविशंकर अवधेश यादव रामूजी राज रंजन चंदन कुमार अजय कुमार संतोष यादव एवं सुमित यादव शामिल रहे।

## सदर प्रखंड के संतशाही नगर सिमरडा में आयोजित विश्व स्तरीय संत सम्मेलन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** सदर प्रखंड के महर्षि मेंहीं स्मृतिधाम, संतशाही नगर, सिमरडा में आयोजित तीन दिवसीय विश्व स्तरीय संतमत सनातन का प्रथम संत सम्मेलन शनिवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी विश्वमभरानंद जी महाराज ने कहा कि मानव शरीर विधाता का दिया हुआ वरदान है। यह शरीर बड़े भाग्य से मिलता है। मानव को ईश्वर भक्ति के लिए यह शरीर मिला है लेकिन यहां आते ही माया के जाल में फंसकर रह जाता है। इसमें से जो ईश्वर की भक्ति करता है उसका बेड़ा पार हो जाता है। ईश्वर भक्ति के लिए योग्य गुरु से युक्ति पाकर योग, साधना करने की जरुरत है।

इश्वर भक्ति के लिए ईश्वर के स्वरुप को जानना जरुरी है। गुरु से युक्ति प्राप्त कर ध्यान व मानस जप का अभ्यास करने पर ही ज्ञान के कपाट खुल जाऐंगे। इसके बाद अलौकिक ज्ञान की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि गुरुदेव महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज बगल के बिसाहा पहाड़ की गुफा में बैठकर 1933 ई में ध्यान व सत्संग करते थे। इसके बाद बैलगाड़ी से चलकर सत्संग का प्रचार करते रहते थे। उनकी वाणी का यह प्रतिफल है कि जगह- जगह सत्संग की अविरल धारा बह रही है। स्वामी प्रभुदयाल, स्वामी अरविंद, ज्ञानशिखर, भवेशानंद, अशोकानंद, गुरुदेव, अमृतानंद, छट्ठूनाथ योगी,शिवानंद, निरंजन, मुकेश बाबा आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

मंच का संचालन सत्संग प्रचारक ओमप्रकाश मंडल ने किया। इसके पूर्व मंत्री संजय प्रसाद यादव के सुपुत्र रजनीश यादव ने भी संत-महात्माओं को माल्यार्पण किया। स्थानीय छात्राओं ने बिदाई गीत प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक अरुण साह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोती प्रसाद सिंहा, विनोद मंडल, मुकेश बाबा, राजेन्द्र चौबे, अजीतानंद बाबा आदि की भूमिका अहम रही।

# सड़क का गंदा पानी घरों में घुसने से परेशान लोगों ने समस्या निदान को लेकर सड़क पर उतरे

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** सड़क किनारे फैली गंदगी और नालियों का गंदा पानी घर में घुसने से परेशान लोगों का अब धैर्य टूटने लगा है। अधिकारियों के पास आश्वासन के अलावा कुछ नहीं है। हर किसी का दरवाजा खटखटाने के बाद परेशान शहर के बाउरीपाड़ा के लोग शनिवार को सड़क पर उतर गए। लोगों ने समस्या से निदान की मांग कर दो घंटे के लिए दुधानी बाइपास को गिलानपाड़ा के समीप जाम कर दिया। सूचना पर सीओ ने मुखिया को बुलाकर जाम समाप्त कराया। मुखिया ने नाली निर्माण का आश्वासन दिया। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि पीसीसी का निर्माण तो रहा है। लेकिन पानी निकासी के लिए नाला का निर्माण बंद है। लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क पर बहते रहता है। हल्की बारिश होने पर पानी घर के अंदर तक आ जाता है। इसी गंदे पानी से होकर मंदिर जाना पड़ता है। कई बार मुखिया और प्रखंड कार्यालय में शिकायत की। डीसी से भी गुहार लगाई। लेकिन समस्या का निदान नहीं हुआ। जाम की सूचना मिलने पर नगर थाना के एएसआई अशोक मिश्रा मौके पर पहुंच लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसी ने उनकी बात मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद सदर सीओ अमर कुमार और दुधानी पंचायत की मुखिया जूली मरांडी मौके पर पहुंच लोगों से बात की। सीओ ने कहा कि नाली बनवाने का काम प्रखंड कार्यालय का है। मुखिया ही कुछ कर सकती है। मुखिया ने लोगों को आश्वासन दिया कि बीडीओ को समस्या से अवगत कराने के बाद नाली निर्माण करा दिया जाएगा। इसके बाद लोगों ने जाम समाप्त किया। ग्रामीणों में उमेश ठाकुर, दिगंबर मांझी, कुंदन पुजारी, रितेश, चंदन ठाकुर व राजेश्वरी देवी आदि का कहना था कि लंबे समय से नाली निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन कोई अधिकारी सुनता ही नहीं है। कई बार हर आलाधिकारी को आवेदन दिया, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। अधिकारी बात सुनने के बाद भी जन समस्या के प्रति गंभीर नहीं है। मजबूरी में सड़क पर उतरना पड़ता है।

सदर प्रखंड के संतशाही नगर सिमरडा में आयोजित विश्व स्तरीय संत सम्मेलन संपन्न

# बड़े भाग्य से मानव शरीर मिलता है : विश्वम्भरानंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** सदर प्रखंड के महर्षि मेंहीं स्मृतिधाम, संतशाही नगर, सिमरडा में आयोजित तीन दिवसीय विश्व स्तरीय संतमत सनातन का प्रथम संत सम्मेलन शनिवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी विश्वमभरानंद जी महाराज ने कहा कि मानव शरीर विधाता का दिया हुआ वरदान है। यह शरीर बड़े भाग्य से मिलता है। मानव को ईश्वर भक्ति के लिए यह शरीर मिला है लेकिन यहां आते ही माया के जाल में फंसकर रह जाता है। इसमें से जो ईश्वर की भक्ति करता है उसका बेड़ा पार हो जाता है। ईश्वर भक्ति के लिए योग्य गुरु से युक्ति पाकर योग, साधना करने की जरुरत है।। इश्वर भक्ति के लिए ईश्वर के स्वरुप को जानना जरुरी है। गुरु से युक्ति प्राप्त कर ध्यान व मानस जप का अभ्यास करने पर ही ज्ञान के कपाट खुल जाऐंगे। इसके बाद अलौकिक ज्ञान की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि गुरुदेव महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज बगल के बिसाहा पहाड़ की गुफा में बैठकर 1933 ई में ध्यान व सत्संग करते थे। इसके बाद बैलगाड़ी से चलकर सत्संग का प्रचार करते रहते थे। उनकी वाणी का यह प्रतिफल है कि जगह- जगह सत्संग की अविरल धारा बह रही है। स्वामी प्रभुदयाल, स्वामी अरविंद, ज्ञानशिखर, भवेशानंद, अशोकानंद, गुरुदेव, अमृतानंद, छट्ठूनाथ योगी, शिवानंद, निरंजन, मुकेश बाबा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन सत्संग प्रचारक ओमप्रकाश मंडल ने किया। इसके पूर्व मंत्री संजय प्रसाद यादव के सुपुत्र रजनीश यादव ने भी संत-महात्माओं को माल्यार्पण किया। स्थानीय छात्राओं ने बिदाई गीत प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक अरुण साह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोती प्रसाद सिंहा, विनोद मंडल, मुकेश बाबा, राजेन्द्र चौबे, अजीतानंद बाबा आदि की भूमिका अहम रही।

# गोड्डा : दंपती ने जहर खाकर दी जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** हिरणपुर थाना क्षेत्र के बीरग्राम गांव में एक दंपती की और से जहर खा लेने का मामला प्रकाश में आया है जहां दोनों पति-पत्नी की मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीरग्राम निवासी अंकीम यादव, उम्र करीब 32 वर्ष एवं उसकी पत्नी नूतन देवी, उम्र करीब 22 ने गुरुवार की रात जहर खा लिया, इसके बाद आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए सीनाजोरी स्थित सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल रेफर कर दिया गया। वहीं इलाज के लिए ले जाने के क्रम में ही नूतन देवी की मौत हो गयी जबकि पति अंकीम यादव को पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी। दंपती ने किन कारणों से जहर खाया इसका पता नहीं चल पाया। बताया जा रहा है कि अंकीम की शादी करीब एक साल पहले गोड्डा जिले के हनवारा गांव में हुई थी। मृतका पांच माह की गर्भवती भी थी। उक्त मामले में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पुरुष बी एड का तैयारी कर रहा था और मृतका बीटेक की तैयारी कर रही थी।

वहीं दंपती की मौत से बीरग्राम के ग्रामीण भी हतप्रभ हैं। ग्रामीणों के अनुसार दंपती का व्यवहार समाज में काफी अच्छी था, जबकि मृत युवक बीएड तक की पढ़ाई पूरी की थी, वहीं मृतका पत्नी बीटेक की परीक्षा बीते दिन ही है। मृतका के मायके पक्ष के लोगों को घटना की सूचना मिलते ही सोनाजोडी सदर अस्पताल पहुंचे।

स्पीड न्यूज

# अंगोला के साथ रक्षा साझीदारी होगी मजबूत

## सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए भारत देगा 20 करोड़ डॉलर

- भारत, अंगोला के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है : प्रधानमंत्री
- स्वास्थ्य, डायमंड प्रोसेसिंग, उर्वरक और क्रिटिकल मिनरल के क्षेत्रों में भी संबंध और मजबूत होंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और अंगोला के साथ रक्षा साझीदारी के तहत व्यापक सैन्य आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण, खनन एवं हीरों को तराशने के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के शनिवार को निर्णय लिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की यात्रा पर आये अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंसो के साथ शनिवार को हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिये गये। बैठक में कृषि, संस्कृति, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में अंगोला की सदस्यता के दस्तावेज सहित चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल थे। भारत ने अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर का ऋण देने की भी घोषणा की है। जबकि अंगोला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सीमापार कार्रवाई के भारत के फैसले का समर्थन किया है।

मोदी ने राष्ट्रपति लौरेंसो और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। 38 वर्षों के बाद अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। राष्ट्रपति लौरेंसो की इस यात्रा से न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत और अफ्रीका साझीदारी को भी बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन हमारे संबंध, उससे भी बहुत पुराने हैं, बहुत गहरे हैं। जब अंगोला स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहा था, तो भारत भी पूरी प्रतिबद्धता और मैत्री भावना के साथ खड़ा था।



अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंसो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में कई अहम समझौते हुए।

भारत एवं अंगोला के बीच रक्षा संबंधों में नये आयामों का खुलासा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अंगोला के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझीदारी को व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की रक्षा ऋण को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स के अनुरक्षण और ओवरहॉल और आपूर्ति पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी।

मोदी ने कहा कि अपनी विकास साझीदारी को आगे बढ़ाते हुए, हम डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेंगे। आज हमने स्वास्थ्य, डायमंड प्रोसेसिंग, उर्वरक और क्रिटिकल मिनरल क्षेत्रों में भी अपने संबंधों को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। अंगोला में योग और बॉलीवुड की लोकप्रियता, हमारे सांस्कृतिक संबंधों की मजबूती का प्रतीक है। जनता के बीच संबंधों को बल देने के लिए, हमने अपने युवाओं के बीच युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) से जुड़ने के अंगोला के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। हमने अंगोला को भारत के पहल आपदारोधी बुनियादी ढांचा गठबंधन (सीडीआरआई), बिग कैट एलायंस और वैश्विक जैवईंधन गठबंधन से भी जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है।

अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करते हुए मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंसो और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। मोदी ने अंगोला को 140 करोड़ भारतीयों की ओर से अफ्रीकी संघ की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता मिली। भारत और अफ्रीका के देशों ने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ एक सुर में आवाज उठाई थी। एक दूसरे को प्रेरित किया था। आज हम ग्लोबल साउथ के हितों, उनकी आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की आवाज बनकर एक साथ खड़े रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा में, हमें अफ्रीका के लोगों के साथ, कंधे से कंधे मिलाकर, प्रथम प्रतिकर्ता की भूमिका अदा करने का सौभाग्य मिला है। भारत और अफ्रीकी संघ-हम प्रगति में साझीदार और वैश्विक दक्षिण के स्तंभ हैं। मुझे विश्वास है कि अंगोला की अध्यक्षता में, भारत और अफ्रीकी संघ के संबंध नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे।

## 'मेट गाला' में डेब्यू करेंगी कियारा



मुंबई। अभिनेत्री कियारा आडवाणी, 2025 मेट गाला में अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं और इस खास मौके पर वह पहने नजर आएंगी मशहूर भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता की विशेष रूप से तैयार की गई पोशाक। इस साल मेट गाला का थीम सुपरफाइन: टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। कियारा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक फैशन के संगम का प्रतीक बनेगी।

## सुहास शेट्टी हत्याकांड में अब तक 8 गिरफ्तार

**मैंगलोर।** मैंगलोर के हिंदू संगठन के कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें से दो हिंदू हैं। सुहास शेट्टी की हत्या का वीभत्स दृश्य सीसीटीवी और स्थानीय मोबाइल कैमरों में कैद हो गया। मैंगलोर पुलिस ने इन्हीं वीडियो के आधार पर आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दक्षिण कन्नड़ जिले से 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब्दुल सफान, नियाज, मोहम्मद मुजामिल, कलंदर शफी, मोहम्मद रिजवान, रंजीत और नागराज को गिरफ्तार किया ।

## गरियाबंद में मुठभेड़ एक नक्सली ढेर

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के शोभा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगलों में शनिवार को तलाशी ऑपरेशन के दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। पुलिस ने बताया कि जवानों की ओर से की गयी गोलीबारी को देख अन्य नक्सली फरार हो गए। मौके से एसएलआर हथियार समेत कई जरूरी सामान बरामद किया है।

## यूक्रेन को एफ-16 विमान देगा अमेरिका

**वाशिंगटन/ कीव।** अमेरिका ने यूक्रेन को संभावित 31 करोड़ पांच लाख डॉलर की एफ-16 विमानों के प्रशिक्षण, रखरखाव और संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी दी है। पेंटागन की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने शुक्रवार को इस आशय की घोषणा करते हुए बताया कि अमेरिकी कांग्रेस को भेजी एक अधिसूचना में विदेश विभाग ने यह जानकारी दी।

## आरबीआइ की डिप्टी गवर्नर बनीं डॉ. पूनम

मुंबई। डॉ. पूनम गुप्ता ने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया है। सरकार ने 02 अप्रैल को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था। डिप्टी गवर्नर के रूप में, डॉ. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी।

## मुजफ्फरपुर में दुकान से 15 लाख के गहने लूटे

**मुजफ्फरपुर ।** जिले के तुर्की थाना क्षेत्र में बदमाशों ने शनिवार को एक आभूषण दुकान में धावा बोलकर 15 लाख रुपए के आभूषण और नकद लूट लिए। सकरी चौक के पास स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान में छह की संख्या में आए अपराधियों ने धावा बोल दिया। सबने अपने चेहरे ढंक रखे थे। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश हथियार लहराते हुए भाग गए।

## आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठायेंगे प्रधानमंत्री मोदी : फारूक

एजेंसी

**श्रीनगर ।** जेकेएनसी नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हम बीते 35 साल से आतंकवाद झेल रहे हैं, अब इसे खत्म करना ही होगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से कैसे निपटा जाए, यह प्रधानमंत्री अच्छी तरह से जानते हैं। महबूबा मुफ्ती के बयान पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा, क्योंकि उनका निशाना प्रधानमंत्री पर होता है। मैं ऐसी कोई बात नहीं करूंगा। आज पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है और उम्मीद है कि वह ऐसा कदम उठाएंगे जिससे आतंकवाद का अंत हो सके।

### दिल्ली में मोदी से मिले उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। करीब आधे घंटे तक चली बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद यह दोनों नेताओं की पहली मुलाकात है। अब्दुल्ला ने मोदी से घाटी की सुरक्षा पर चर्चा की है। भारत आगे और क्या सख्त कदम उठाता है, तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं, उमर उब्दुल्ला ने घाटी की ओर से सरकार को सकारात्मक संदेश दिया है।



ऑस्ट्रेलिया में आम चुनाव में लेबर पार्टी की जीत के बाद जश्न मनाते प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज व अन्य।

## ऑस्ट्रेलिया के लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने अल्बनीज

- लेबर पार्टी की शानदार जीत रूढ़िवादी लिबरल पार्टी के नेता पीटर डटन अपनी सीट भी नहीं बचा सके

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने जीत हासिल की है। सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के नेता 21 वर्षों में लगातार दूसरी बार तीन साल का कार्यकाल जीतने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री बन गए हैं। रूढ़िवादी लिबरल पार्टी के नेता पीटर डटन अपनी डिक्सन की सीट भी नहीं बचा सके। इस पर लेबर पार्टी की उम्मीदवार जीते। उन्होंने हार स्वीकार करते हुए कहा कि हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।

**पीएम मोदी ने दी बधाई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एंथनी अल्बानीज को उनकी शानदार जीत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह भारत-ऑस्ट्रेलिया के व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के लिए साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।अल्बानीज ने कहा कि हमने यहां विभाजन और ऑस्ट्रेलियाई लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने की अमेरिकी शैली की राजनीति चलाने का प्रयास देखा है और मुझे लगता है कि यह ऑस्ट्रेलियाई तरीका नहीं है। हमारी सरकार ऑस्ट्रेलियाई तरीका चुनेगी, क्योंकि हमें इस पर गर्व है कि हम कौन हैं। ऑस्ट्रेलियाई चुनाव आयोग की वेबसाइट ने अनुमान व्यक्त किया है कि लेबर पार्टी प्रतिनिधि सभा में 150 में से 81 सीटें जीतेगी, जिससे संसद में उसका बहुमत बढ़ जाएगा। अभी 68 प्रतिशत मतों की गिनती हो चुकी है। लेबर पार्टी ने विपक्षी नेता को डोज-वाई डटन करार दिया और उनकी पार्टी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके डोज की नकल का आरोप लगाया। लेबर पार्टी का तर्क था कि डटन का प्रशासन अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सेवाओं में कटौती करेगा।

## पाक के पास चार दिन लड़ने के लिए भी गोला बारूद नहीं

- पैसा कमान के लिए यूक्रेन और इजरायल को बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बेचना पड़ रहा है महंगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को पैसा कमाने के लिए यूक्रेन और इजरायल को बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बेचना महंगा पड़ रहा है और उसके खुद के पास चार दिन की लड़ाई लड़ने के लिए जरूरी गोला बारूद भी नहीं है। विभिन्न रिपोर्टों तथा आंतरिक सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान ने यूक्रेन और इजरायल के साथ गोला बारूद बेचने के लिए जो सौदे किये वह अब उसके गले की फांस बन गये हैं। रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि पाकिस्तान के गोला बारूद भंडार की स्थिति को देखकर यह कहना अतिशोयक्ति नहीं होगी कि लड़ाई की स्थिति में बिना गोला बारूद के चार दिन बाद उसके हथियार खिलौने बनकर रहे जायेंगे। पाकिस्तान की सेना तोपखाने के गोला-बारूद की गंभीर कमी का सामना कर रही है, जिससे उसकी युद्ध क्षमताएँ गंभीर रूप से सीमित होकर केवल चार दिनों तक ही सीमित रह गई हैं। इस कमी का कारण देश द्वारा यूक्रेन के साथ हाल ही में किए गए हथियार सौदे हैं, जिससे उसके युद्ध भंडार समाप्त हो गए हैं।

सूत्रों का कहना है कि सेना को आपूर्ति करने वाली पाकिस्तान आयुध फैक्ट्रियों (पीओएफ) को बढ़ती वैश्विक मांग और पुरानी उत्पादन सुविधाओं के बीच आपूर्ति को फिर से भरने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। नतीजतन, पाकिस्तान के गोला-बारूद के भंडार केवल 96 घंटे के उच्च-तीव्रता वाले संघर्ष को झेल सकते हैं, जिससे उसकी सेना कमजोर हो जाती है।

भारत की संख्यात्मक श्रेष्ठता का मुकाबला करने के लिए तेजी से लामबंदी पर केंद्रित पाकिस्तान का सैन्य सिद्धांत तोपखाने और बख्तरबंद इकाइयों पर टिका है। अप्रैल 2025 में एक्स पर सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तान के तोपखाने-भारी सिद्धांत के लिए महत्वपूर्ण 155 मिमी तोपखाने के गोले यूक्रेन को भेज दिए गए थे, जिससे भंडार खतरनाक रूप से कम हो गया। घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया पीओएफ, बढ़ती वैश्विक मांग और पुरानी उत्पादन सुविधाओं के बीच आपूर्ति को फिर से भरने के लिए संघर्ष कर रहा था।

## पाकिस्तान की महिला से शादी की बात छिपाने वाला सीआरपीएफ जवान बर्खास्त

**श्रीनगर।** पाकिस्तानी महिला मीनल खान से निकाह की बात छिपाना सीआरपीएफ जवान मुनीर अहमद को भारी पड़ गया। सीआरपीएफ ने जवान मुनीर को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए सेना ने यह कार्रवाई की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन नियमों के तहत सेवा से बर्खास्त किया गया है, जिनके तहत जांच की आवश्यकता नहीं है। सीआरपीएफ जवान की हरकत राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक थी। जवान को आखिरी बार देश के प्रमुख आंतरिक सुरक्षा बल सीआरपीएफ की 41वीं बटालियन में तैनात किया गया था। उन्होंने कहा कि मुनीर को पाकिस्तानी महिला के साथ निकाह को छिपाने और जानबूझकर उसके वीजा की वैधता से अलग उसे भारत में शरण देने के आरोप में तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

## रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ जा सकते हैं रूस की विक्ट्री डे परेड में



नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बजाय अब रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ नौ मई को रूस में विक्ट्री डे परेड समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। रूस ने इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था।

## चार धाम यात्रा के लिए चलेगी भारत गौरव ट्रेन

नयी दिल्ली। भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जाएगी, जिससे बदरीनाथ, जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम एवं द्वारका की यात्रा की जा सकती है। दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से 27 मई को यह ट्रेन चलेगी, जो 17 दिनों में यात्रा पूरी करेगी। इस दौरान नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, माना गांव, पुरी एवं चंद्रभाग समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर,रामनाथ स्वामी मंदिर, धनुषकोटि, द्वारका में नागेश्वर ज्योतिर्लिंग आदि तीर्थों का भ्रमण कराया जाएगा।

